शुक्रवार, 19 सितम्बर 2025

मौसम

| | |
|---|---|
| तापमान | 27 – 34 |
| आर्द्रता | 75% |
| सूर्योदय: 5:24 | सूर्यास्त: 17:38 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा




'मैं सभी धर्मों का सम्मान करता हूं': प्रधान न्यायाधीश गवई पृष्ठ 7

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, आश्विन कृष्णपक्ष त्रयोदशी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : मुसीबत आने पर ये देखिये कि कौन साथ छोड़कर जा रहा है।


RED-X
B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND
LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555


# देश अभी एकल दर वाली जीएसटी प्रणाली के लिए तैयार नहीं : सीतारमण

## कहा- समाज के सभी वर्गों के लोगों को जीएसटी छूट का मिलेगा लाभ

### ■ कहा- भविष्य में संभव हैं कि जीएसटी की एकल दर हो

**कोलकाता :** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को कहा कि सरकार ने वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) स्लैब को युक्तिसंगत बनाने की दिशा में बड़ा कदम बढ़ाया है लेकिन देश अभी एकल दर वाली जीएसटी प्रणाली के लिए तैयार नहीं है। हालांकि उन्होंने कहा कि भविष्य में एकल दर वाली जीएसटी प्रणाली की संभावना बनी हुई है। सीतारमण ने कोलकाता स्थित राष्ट्रीय पुस्तकालय में नेक्स्ट जेनरेशन जीएसटी सुधार पर आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि पांच, 12, 18 और 28 प्रतिशत की चार दरों वाली जीएसटी संरचना मनमाने ढंग से तय नहीं की गई थी, बल्कि यह विभिन्न राज्य-स्तरीय करों को उसके नजदीकी स्लैब में रखने की एक विस्तृत प्रक्रिया के जरिए तय की गई थी। उन्होंने कहा कि जब जीएसटी प्रणाली की समीक्षा की गई, तो एक जरूरत यह थी कि वे (जीएसटी परिषद के सदस्य) चार दरें नहीं चाहते थे। हालांकि इस सवाल का जवाब अभी नहीं मिला है कि कि क्या वे अभी एकल दर वाली स्थिति



के लिए तैयार हैं। शायद भविष्य में ऐसा हो सकता है। उन्होंने जीएसटी सुधार की दिशा में मोदी सरकार के हालिया फैसले का उल्लेख करते हुए कहा कि समाज के सभी वर्गों के लोगों को जीएसटी छूट का लाभ मिलेगा। वित्त मंत्री ने मौजूदा कर सुधार प्रक्रिया को नई पीढ़ी के जीएसटी सुधारों का हिस्सा बताया, जो खासकर गरीबों और मध्यम वर्ग के लिए प्रणाली को सरल और निष्पक्ष बनाने पर केंद्रित है। उन्होंने कहा कि जल्द ही अतिरिक्त दस्तावेज साझा किए जाएंगे, जिनमें आम उपयोग की उन वस्तुओं की सूची होगी जहां जीएसटी दरें कम की गई हैं। सीतारमण ने इस बात पर जोर दिया कि स्वतंत्र भारत में पहली बार कोई कर सुधार 140 करोड़ देशवासियों को प्रभावित करेगा।

**जीएसटी सुधारों से बंगाल की इकोनामी होगी बूस्ट**

वित्त मंत्री ने बंगाल के संदर्भ में कहा कि 22 सितंबर से जो देश में जीएसटी की नई दरें लागू होने जा रही, वह मुख्य रूप से दुर्गा पूजा को ध्यान में रखकर किया गया है। शुरुआत में कुछ लोग चाहते थे कि यह 10 सितंबर से लागू हो, लेकिन बाद में तय हुआ कि यह महालया और नवरात्रि के पहले दिन से लागू होगा। उन्होंने दावा किया कि जीएसटी सुधारों से बंगाल को काफी फायदा होगा और यहां की इकोनामी बूस्ट होगी। उन्होंने बंगाल की विशिष्ट सांस्कृतिक और हस्तशिल्प वस्तुओं के लिए जीएसटी दरों में कटौती का जिक्र करते हुए बताया कि 11 खास बंगाली आइटम्स की दरें पांच प्रतिशत कर दी गई हैं। इनमें शांतिनिकेतन की चमड़े की वस्तुएं, बांकुड़ा टेराकोटा शिल्प, मधुर्कटी माच, पुरुलिया चौ मुखौटे, दिनाजपुर के लकड़ी के मुखौटे, मालदा के प्रसंस्कृत आम, दार्जिलिंग चाय और जूट बैग्स शामिल हैं।

**बंगाल के कारीगरों और उत्पादकों को काफी लाभ होगा**

सीतारमण ने कहा कि इन कटौतियों से बंगाल के कारीगरों और उत्पादकों को काफी लाभ होगा। वित्त मंत्री ने कहा जीएसटी सुधारों का मूल उद्देश्य देश के मध्यम वर्ग, किसानों, एमएसएमई और पूरे देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती देना है। ये सुधार सभी नागरिकों के लिए सकारात्मक बदलाव लाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि 90 प्रतिशत जीएसटी रिफंड अब स्वचालित रूप से दिया जाएगा, जबकि केवल 10 प्रतिशत मामलों में जांच की जाएगी ताकि सही व्यक्ति को रिफंड मिले। उन्होंने विपक्षी पार्टियों से अपील की कि वे जीएसटी काउंसिल के संवैधानिक अधिकार का सम्मान करें और राजनीतिक विवादों को पीछे छोड़कर देशहित में काम करें।

उन्होंने इस दौरान विभिन्न आंकड़े पेश करते हुए यह भी दावा किया कि पूर्ववर्ती यूपीए सरकार की तुलना में मोदी सरकार में बंगाल को कर हस्तांतरण और विभिन्न परियोजनाओं के अनुदान मद में कई गुना अधिक धन मिल रहा है।

# ममता ने मंत्रियों से दुर्गा पूजा उत्सव के दौरान सतर्क रहने को कहा

### ■ मुख्यमंत्री ने नवान्न में की मंत्रिमंडल की बैंठक, कई प्रस्तावों को मंजूरी



**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को अपने मंत्रिमंडल सहयोगियों को दुर्गा पूजा उत्सव के दौरान सतर्क रहने और राज्य में कानून-व्यवस्था को बाधित करने के किसी भी प्रयास पर नजर रखने का निर्देश दिया। एक अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री ने राज्य सचिवालय में आयोजित मंत्रिमंडल बैठक के दौरान मंत्रियों को ये निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ने मंत्रियों से अगले हफ्ते से शुरू हो रहे दुर्गा पूजा उत्सव के दौरान सतर्क रहने को कहा। उन्होंने मंत्रियों को कानून-व्यवस्था पर नजर रखने और इस दौरान शांति भंग करने के किसी भी प्रयास को विफल करने का निर्देश दिया।

अधिकारी के मुताबिक, बैठक में मंत्रिमंडल ने कई प्रमुख प्रस्तावों को मंजूरी दे दी, जिसमें ताजपुर-दनकुनी-रघुनाथपुर आर्थिक गलियारे के विकास के लिए पश्चिम बंगाल औद्योगिक विकास निगम लिमिटेड (डब्ल्यूबीआईडीसी) को 200 एकड़ जमीन का हस्तांतरण भी शामिल है। उन्होंने बताया कि प्रस्तावित गलियारा परियोजना से विभिन्न जिलों में रोजगार के व्यापक अवसर पैदा होंगे और राज्य में औद्योगिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। भूमि आवंटन इस गलियारे को व्यापार और संपर्क केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में एक शुरुआती कदम है।

अधिकारी के अनुसार, मंत्रिमंडल बैठक में रसद क्षेत्र को उद्योग का दर्जा देने संबंधी प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई, जिसका मकसद निवेश आकर्षित करना और व्यावसायिक परिचालन को सुव्यवस्थित करना है। उन्होंने कहा कि पहले पर्यटन क्षेत्र को उद्योग का दर्जा दिया गया था और अब राज्य सरकार का मानना है कि रसद क्षेत्र को भी इसी तरह की मान्यता देने से पश्चिम बंगाल को खुद को औद्योगिक तथा वाणिज्यिक गतिविधियों के लिए एक प्रतिस्पर्धी गंतव्य के रूप में स्थापित करने में मदद मिलेगी।

अधिकारी ने बताया कि एक अन्य महत्वपूर्ण फैसले में मंत्रिमंडल ने न्यूटाउन कोलकाता विकास प्राधिकरण (एनकेडीए) के तहत 15 रिक्त पदों को भरने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। उन्होंने कहा कि इन नियुक्तियों से नागरिक एवं विकास निकाय के कामकाज को मजबूती मिलने की उम्मीद है, जो न्यूटाउन में बुनियादी ढांचे और नियोजन की देखरेख करता है।

## रुपया 35 पैसे की बड़ी गिरावट के साथ 88.20 प्रति डॉलर पर

**मुंबई :** वैश्विक व्यापार अनिश्चितताओं के बीच प्रमुख विदेशी मुद्राओं के मुकाबले डॉलर में मजबूती से निवेशकों की जोखिम लेने की क्षमता कमजोर होने से अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बृहस्पतिवार को रुपया, अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 35 पैसे टूटकर 88.20 पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि भारत पर अमेरिकी शुल्क की चिंताओं और विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी के कारण घरेलू मुद्रा दबाव में रही। व्यापारियों ने अमेरिकी फेडरल रिजर्व के इस संकेत का भी आकलन किया कि वह शेष वर्ष के लिए उधारी लागत में लगातार कमी लाएगा।

## सेबी ने हिंडनबर्ग के आरोपों से अदाणी समूह, गौतम अदाणी को बरी किया

**मुंबई :** बाजार नियामक सेबी ने बृहस्पतिवार को अदाणी समूह और उसके चेयरमैन गौतम अदाणी पर हिंडनबर्ग रिसर्च के आरोपों से बरी कर दिया। अमेरिकी कंपनी ने संबंधित पक्ष लेनदेन को छिपाने के लिए तीन इकाइयों के माध्यम से धन की हेराफेरी का आरोप लगाया था। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बार्ड (सेबी) ने दो अलग-अलग आदेशों में कहा कि नियामक ने मामले में कोई उल्लंघन नहीं पाया। उसने कहा कि यह देखते हुए कि उस समय असंबंधित पक्षों के साथ इस तरह के लेन-देन संबंधित पक्ष सौदे के रूप में पात्र नहीं थे। इसका कारण 2021 के संशोधन के बाद ही परिभाषा का विस्तार किया गया था। सेबी ने कहा कि कर्ज ब्याज सहित चुकाए गए थे, कोई धनराशि नहीं निकाली गई थी और इसलिए कोई धोखाधड़ी या अनुचित व्यापार व्यवहार नहीं हुआ था। इसको देखते हुए, अदाणी समूह के खिलाफ सभी कार्यवाही रद्द कर दी गई है। हिंडनबर्ग ने जनवरी, 2023 में आरोप लगाया था कि अदाणी समूह ने तीन कंपनियों... एडिकॉर्प एंटरप्राइजेज, माइलस्टोन ट्रेडलिंक्स और रेहवर इन्फ्रास्ट्रक्चर... का इस्तेमाल अदाणी समूह की कंपनियों के बीच पैसा भेजने के लिए माध्यम के रूप में किया। यह दावा किया गया था कि इससे अदाणी को संबंधित पक्ष लेनदेन के नियमों से बचने में मदद मिली, जिससे संभवतः निवेशकों को गुमराह किया गया।

## फौज में भाई-भतीजावाद नहीं : जनरल अनिल चौहान

**रांची :** प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने बृहस्पतिवार को कहा कि फौज ही एकमात्र ऐसी जगह है जहां कोई भाई-भतीजावाद नहीं है। उन्होंने बच्चों से देश की सेवा करने के लिए सशस्त्र बलों में शामिल होने की आकांक्षा रखने का आग्रह किया। जनरल चौहान ने यहां स्कूली बच्चों के साथ बातचीत के दौरान कहा कि सशस्त्र बलों ने इस वर्ष बड़ी संख्या में प्राकृतिक आपदाओं के बीच नागरिकों को बचाने के लिए अधिकतम प्रयास किये। उन्होंने कहा, ''फौज ही एकमात्र ऐसी जगह है जहां कोई भाई-भतीजावाद नहीं है... यदि आप राष्ट्र की सेवा करना चाहते हैं, और देश तथा विश्व को जानना चाहते हैं, तो आपको सशस्त्र बलों में शामिल होने की आकांक्षा रखनी चाहिए।'' 'ऑपरेशन सिंदूर' के बारे में बात करते हुए जनरल



चौहान ने कहा कि नागरिकों को हताहत होने से बचाने के लिए पहला हमला छह और सात मई की दरम्यानी रात को एक बजे किया गया। उन्होंने कहा, ''रात के समय लंबी दूरी के लक्ष्यों पर सटीक हमला करने के लिए विशेष प्रयासों की आवश्यकता होती है...'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान प्रत्येक झड़प में हमने पाकिस्तान को बुरी तरह शिकस्त दी।'' 'ऑपरेशन सिंदूर' जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद शुरू किया गया था।

## तीस सितंबर की समयसीमा से पहले ही एकीकृत पेंशन योजना का विकल्प चुने कर्मचारी: वित्त मंत्रालय

**नयी दिल्ली :** वित्त मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को सरकारी कर्मचारियों से कहा कि वे 30 सितंबर की समयसीमा से पहले ही एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) का विकल्प चुने ताकि उनके अनुरोधों का समय पर निपटान हो सके। सरकार ने एक अप्रैल, 2025 से केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) के अंतर्गत यूपीएस को एक विकल्प के रूप में पेश किया है। यूपीएस के तहत कर्मचारियों को निश्चित पेंशन की सुविधा मिलेगी। एनपीएस के तहत पात्र कर्मचारियों और पूर्व सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए यूपीएस चुनने की अंतिम तिथि 30 सितंबर, 2025 है। मंत्रालय ने बयान में कहा, ''सभी पात्र कर्मचारियों से आग्रह है कि वे अंतिम समय में आने वाली किसी भी कठिनाई से बचने और अपने अनुरोधों का समय पर निपटान सुनिश्चित करने के लिए समयसीमा से पहले ही अपना विकल्प चुन लें। जो कर्मचारी एनपीएस में बने रहने का विकल्प चुनते हैं, वे इस तिथि के बाद यूपीएस का विकल्प नहीं चुन सकते।'' बीस जुलाई तक केंद्र सरकार के लगभग 31,555 कर्मचारियों ने यूपीएस का विकल्प चुना था और इस योजना के तहत जुड़ने की अंतिम तिथि 30 सितंबर है। साथ ही, वित्त मंत्रालय ने 25 अगस्त को कर्मचारियों को यूपीएस से पुनः एनपीएस से जुड़ने की सुविधा दी। यह सुविधा एकबारगी मिलेगी और उन्हें दोबारा यूपीएस में जाने का विकल्प नहीं मिलेगा। वित्त मंत्रालय के अनुसार, यह निर्णय लिया गया है कि यूपीएस से एनपीएस में एकबारगी एकतरफा स्विच सुविधा उन सभी केंद्र सरकार के कर्मचारियों को उपलब्ध कराई जाएगी जिन्होंने यूपीएस का विकल्प चुना है।

# पाकिस्तान और सऊदी अरब ने संयुक्त कार्रवाई के लिए रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किये

**इस्लामाबाद/नयी दिल्ली :** पाकिस्तान और सऊदी अरब ने एक 'रणनीतिक पारस्परिक रक्षा' समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसके अनुसार उनमें से किसी भी देश पर किसी भी हमले को 'दोनों के विरुद्ध आक्रमण' माना जायेगा। यह समझौता कतर में हमास नेतृत्व पर इजराइली हमले के कुछ दिनों बाद हुआ है, जो खाड़ी क्षेत्र में अमेरिका का एक प्रमुख सहयोगी है। भारत ने इस घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि वह अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ-साथ क्षेत्रीय और वैश्विक स्थिरता पर इस समझौते के प्रभावों का अध्ययन करेगा। एक संयुक्त बयान के अनुसार, इस समझौते पर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और सऊदी अरब के युवराज मोहम्मद बिन सलमान ने बुधवार को पाकिस्तानी नेता की खाड़ी देश की एक दिवसीय यात्रा के दौरान हस्ताक्षर किए। संयुक्त बयान के अनुसार, रणनीतिक पारस्परिक रक्षा समझौते में कहा गया है कि ''किसी भी देश के विरुद्ध किसी भी आक्रमण को दोनों के विरुद्ध आक्रमण माना जायेगा।'' इसमें आगे कहा गया है, ''यह समझौता, जो दोनों देशों की अपनी सुरक्षा बढ़ाने और क्षेत्र तथा विश्व में सुरक्षा एवं शांति प्राप्त करने की साझा प्रतिबद्धता को दर्शाता है, दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग के पहलुओं को विकसित करने और किसी भी आक्रमण के विरुद्ध संयुक्त प्रतिरोध को मजबूत करने का लक्ष्य रखता है।''

### समझौते पर भारत ने कहा: प्रभावों का अध्ययन करेंगे

**नयी दिल्ली :** पाकिस्तान और सऊदी अरब के बीच एक रणनीतिक रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर के एक दिन बाद, भारत ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ-साथ क्षेत्रीय एवं वैश्विक स्थिरता पर इस समझौते के प्रभावों का अध्ययन करेगा। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने इस मामले में अपनी संतुलित प्रतिक्रिया में कहा कि भारत अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा और 'सभी क्षेत्रों में व्यापक राष्ट्रीय सुरक्षा' के लिए प्रतिबद्ध है।

## भारतीय हमले में मारे गए लोगों के अंतिम संस्कार में शामिल होने का मुनीर ने दिया था आदेश : जैश कमांडर

**लाहौर :** पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने जैश-ए-मोहम्मद के मुख्यालय पर सात मई को हुए भारतीय मिसाइल हमलों में मारे गए लोगों के अंतिम संस्कार में शामिल होने का बहावलपुर के कोर कमांडर और सैनिकों को सीधा आदेश दिया था। यह बात आतंकवादी समूह जैश-ए-मोहम्मद के एक शीर्ष कमांडर ने कही है। सोशल मीडिया पर बृहस्पतिवार को सामने आये एक वीडियो में जैश कमांडर इलियास कश्मीरी ने यह भी कहा कि उसके संगठन के 25 साल के संघर्ष के बाद पाकिस्तानी सेना और जिहादी एक हो गए हैं। उन्होंने कहा, ''25 वर्षों के संघर्ष के बाद हमने देश, पाकिस्तानी सेना, वायुसेना और नौसेना को जिहादी विचारधारा पर ला खड़ा किया है। (भारत द्वारा 7 मई को किये गए हमले में) जो लोग मारे गए वे जैश-ए-मोहम्मद के थे और वह पाकिस्तानी सेना और वायुसेना ही थी जिसने उनका बदला लिया... मुझे बताइए, क्या यह सच नहीं है?'' कश्मीरी ने खुलासा किया कि लाहौर से लगभग 400 किलोमीटर दूर बहावलपुर में जैश-ए-मोहम्मद मुख्यालय पर हमले के बाद, सेना प्रमुख मुनीर ने जीएचक्यू रावलपिंडी से कोर कमांडर (बहावलपुर) और सैनिकों को सीधे आदेश जारी किए कि वे जैश-ए-मोहम्मद मुख्यालय में भारतीय हमले में मारे गए लोगों के अंतिम संस्कार में शामिल हों और उन्हें श्रद्धांजलि दें। भारत द्वारा सात मई को ऑपरेशन सिंदूर के तहत बहावलपुर में जैश-ए-मोहम्मद मुख्यालय पर किए गए हमले में जैश-ए-मोहम्मद प्रमुख मसूद अजहर के परिवार के 10 सदस्य और चार करीबी सहयोगी मारे गए थे। भारतीय हमलों में मारे गए लोगों के अंतिम संस्कार में पाकिस्तानी सेना के जनरल, वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और शीर्ष नौकरशाह शामिल हुए थे।

### अमेरिका के साथ शुल्क मुद्दों का समाधान 8-10 सप्ताह में संभव: सीईए

**कोलकाता :** मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन ने बृहस्पतिवार को कहा कि उन्हें उम्मीद है कि अमेरिका के साथ शुल्क मुद्दों का समाधान अगले आठ से दस सप्ताह में हो जाएगा। रूस से तेल खरीदने के कारण भारतीय उत्पादों पर अमेरिका ने 25 प्रतिशत का अतिरिक्त शुल्क लगाया, जिससे नयी दिल्ली पर कुल शुल्क 50 प्रतिशत हो गया है। नागेश्वरन ने भारत चैंबर ऑफ कॉमर्स के एक कार्यक्रम में यहां कहा, ''दोनों सरकारों के बीच बातचीत चल रही है। मेरा अनुमान है कि अगले आठ से दस सप्ताह में हम भारतीय वस्तुओं पर अमेरिका के दंडात्मक शुल्क का समाधान देख पाएंगे।'' वित्त वर्ष 2024-25 में भारत ने अमेरिका को 86.5 अरब डॉलर की वस्तुओं का निर्यात किया था, जबकि अमेरिका से 45.3 अरब डॉलर का आयात किया।

# राहुल ने सीईसी पर 'वोट चोरों' के बचाव का आरोप लगाया




**नयी दिल्ली :** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कथित 'वोट चोरी' के खिलाफ अपनी मुहिम को जारी रखते हुए बृहस्पतिवार को मतदाता सूचियों से ''कांग्रेस समर्थक मतदाताओं'' के नाम हटाए जाने का विषय उठाया और आरोप लगाया कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ''लोकतंत्र की हत्या करने वालों'' तथा ''वोट चोरों'' की रक्षा कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सीईसी को ''बहाने बनाना'' बंद करके कर्नाटक की सीआईडी को 'वोट चोरी' का सबूत सौंपना चाहिए। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने यहां पार्टी मुख्यालय 'इंदिरा भवन' में संवाददाता सम्मेलन में कर्नाटक के कलबुर्गी जिले के आलंद विधानसभा क्षेत्र के आंकड़ों का हवाला देते हुए दावा किया कि कांग्रेस के मतदाताओं के नाम हटाने का प्रयास सुनियोजित तरीके से किया गया तथा इसमें सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल हुआ। उन्होंने यह भी कहा कि ज्ञानेश कुमार को 'वोट चोरों' को संरक्षण देना बंद करना चाहिए और एक सप्ताह में निर्वाचन आयोग को कर्नाटक की सीआईडी के साथ पूरी जानकारी साझा करनी चाहिए। राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को कहा कि आलंद विधानसभा क्षेत्र में 6018 मतदाताओं का नाम हटाने के लिए आवेदन दिए गए। उन्होंने कहा कि ऐसा कांग्रेस के मतदाताओं को निशाना बनाकर किया गया तथा दलित, अनुसूचित जनजाति और अल्पसंख्यक मतदाताओं को विशेष रूप से निशाना बनाया गया। उन्होंने मंच पर कुछ ऐसे लोगों को पेश किया, जिनके नाम का इस्तेमाल करके मतदाता सूची से नाम हटाने के आवेदन किए गए। ऐसी एक महिला नाम गोदाबाई है, जिनका वीडियो राहुल गांधी ने जारी किया। उनका दावा है कि उनके नाम पर 12 लोगों के नाम मतदाता सूची से हटाए गए। राहुल गांधी ने सवाल किया, ''जिन नंबर से 12 लोगों के नाम हटाए गए गए, वह किनके नंबर हैं? ये मोबाइल नंबर किसने और कहां से ऑपरेट किए? इन नंबरों का आईपी एड्रेस क्या था? नाम हटाने के लिए ओटीपी किसको गया?'' उनका कहना है कि जब इन नंबरों पर फोन किया जाता है तो कोई जवाब नहीं आता।

### राहुल गांधी का बयान: मैं लोकतंत्र बचाने नहीं आया हूं

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के बयान ने सियासी हलचल बढ़ा दी है। बिहार चुनावी माहौल के बीच उन्होंने कहा कि मैं लोकतंत्र बचाने नहीं आया हूं, जिस पर विपक्षी दलों और पूर्व सहयोगियों ने कड़ी आपत्ति जताई है। पूर्व कांग्रेस नेता प्रमोद कृष्णम ने इसे जिम्मेदारी से बचने वाला रवैया बताते हुए कहा कि इससे संविधान और लोकतांत्रिक संस्थाओं की गरिमा को ठेस पहुँचती है। उनके बयान से जहां विरोधियों को हमले का मौका मिला है, वहीं यह मुद्दा आने वाले बिहार चुनाव में सियासी रंग भी ले सकता है।

### राहुल के दावे पर निर्वाचन आयोग ने कहा, कोई भी वोट ऑनलाइन नहीं हटाया जा सकता

**नयी दिल्ली :** निर्वाचन आयोग ने बृहस्पतिवार को मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर 'वोट चोरों' की रक्षा करने के कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आरोपों को गलत और निराधार बताया। निर्वाचन आयोग ने जोर देकर कहा कि संबंधित व्यक्ति का पक्ष सुने बिना कोई भी नाम हटाया नहीं जा सकता। गांधी ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त कुमार पर 'वोट चोरों' और लोकतंत्र को नष्ट करने वाले लोगों को बचाने का आरोप लगाया और कर्नाटक विधानसभा क्षेत्र के आंकड़ों का हवाला देते हुए दावा किया कि चुनाव से पहले कांग्रेस समर्थकों के वोट व्यवस्थित रूप से हटाए जा रहे थे। निर्वाचन आयोग ने इस बात पर जोर दिया कि असफल प्रयास किए गए थे और इस संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज की गई और संबंधित विवरण राज्य सरकार की सीआईडी के साथ साझा किए गए। आयोग ने कहा, ''राहुल गांधी द्वारा लगाए गए आरोप गलत और निराधार हैं। किसी भी वोट को ऑनलाइन किसी भी व्यक्ति द्वारा हटाया नहीं जा सकता, जैसा कि गांधी ने गलत धारणा बनाई है।'' निर्वाचन आयोग ने बताया कि 2023 में आलंद विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं के नाम हटाने के 'कुछ असफल प्रयास' किए गए थे और मामले की जांच के लिए निर्वाचन आयोग के ही एक अधिकारी ने प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

### शाह ने राहुल गांधी के आरोप को बताया ''झूठा विमर्श''

गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के ''वोट चोरी'' संबंधी आरोप को सिरे से खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी झूठा विमर्श गढ़ रहे हैं। शाह ने याद दिलाया कि कांग्रेस नेताओं ने पहले भी इसी तरह की रणनीति अपनाई थी, जब उन्होंने आरोप लगाया था कि भाजपा अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षण खत्म करना चाहती है। गृह मंत्री ने कहा कि ''वास्तव में ऐसा कुछ नहीं हुआ और न ही भविष्य में होगा।'' उन्होंने राहुल गांधी पर जनता को गुमराह करने का आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस केवल अफवाह फैलाकर राजनीतिक लाभ लेना चाहती है। शाह ने यह भी स्पष्ट किया कि सरकार का संकल्प गरीबों और वंचित वर्गों के विकास के लिए मजबूत है और किसी भी सूरत में आरक्षण व्यवस्था से छेड़छाड़ नहीं की जाएगी।

# अगर ''इंडिया'' गठबंधन सत्ता में आया तो बड़े पैमाने पर होगी घुसपैठ: अमित शाह

**डेहरी-ऑन-सोन (बिहार) :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को बिहार में भाजपा कार्यकर्ताओं से कहा कि वे विपक्षी इंडिया गठबंधन के वोट चोरी के झूठे विमर्श का जवाब दें और लोगों को सावधान करें कि यदि यह गठबंधन सत्ता में आया तो राज्य में घुसपैठ तेजी से बढ़ेगी। पूर्व भाजपा अध्यक्ष ने विधानसभा चुनाव से कुछ सप्ताह पहले बिहार की राजधानी से लगभग 50 किलोमीटर दूर यहां पार्टी कार्यकर्ताओं के सम्मेलन को संबोधित करते हुए कांग्रेस, राजद और वामपंथी गठबंधन पर निशाना साधा। शाह ने कार्यकर्ताओं से कहा कि वे 243 सदस्यीय बिहार विधानसभा के आगामी चुनावों में न केवल साधारण जीत बल्कि दो-तिहाई बहुमत का लक्ष्य रखें। राहुल गांधी की हाल ही में समाप्त हुई वोटर



अधिकार यात्रा का जिक्र करते हुए शाह ने आरोप लगाया कि इसका उद्देश्य बांग्लादेश के घुसपैठियों की रक्षा करना था। उन्होंने पूछा, क्या घुसपैठियों को हमारे देश में वोट देने का अधिकार होना चाहिए? क्या उन्हें वे सभी सुविधाएं मिलनी चाहिए जो हमारे नागरिकों को मिलती हैं? इस पर कार्यकर्ताओं ने जोरदार ढंग से 'नहीं' के नारे लगाए। शाह ने कहा, राहुल बाबा और उनके साथियों का वोट बैंक घुसपैठियों पर आधारित है। वे घुसपैठियों को नौकरियां, पक्के मकान और मुफ्त चिकित्सा सुविधा देना चाहते हैं जो हमारे युवाओं के लिए हैं। भाजपा के प्रमुख रणनीतिकार शाह ने कार्यकर्ताओं से कहा कि वे पूरे राज्य में हर घर में जाकर लोगों को यह संदेश दें कि अगर इंडिया गठबंधन सत्ता में आया तो बिहार के हर जिले में घुसपैठियों की भरमार होगी।

## नेतृत्व में हासिल प्रगति-प्रतिष्ठा

पिछले ग्यारह वर्षों में देश का नेतृत्व करते हुए हासिल उपलब्धियां, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन की सार्थकता को दर्शाती हैं। ऐसे में यह उनकी महज व्यक्तिगत उपलब्धि न होकर व्यापक राष्ट्रीय सरोकारों से जुड़ती है। गत बुधवार को, उन्होंने इस खास मौके पर स्वदेशी वस्तुओं की खरीद का पुरजोर समर्थन किया। जो तमाम अंतर्राष्ट्रीय दबावों के बीच अपनी अर्थव्यवस्था को संबल देने का सहज-सरल विकल्प भी है। उनका देश के एक सौ चालीस करोड़ देशवासियों से आग्रह रहा है कि- 'आप जो भी खरीदें, वह हमारे देश में बना होना चाहिए।' उन्होंने इस आह्वान को अपने ही अंदाज में कहा कि वह उत्पाद 'किसी भारतीय के पसीने से बना होना चाहिए।' इसमें दो राय नहीं कि उनका 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास', 'आत्मनिर्भर भारत : विकसित भारत' का आह्वान उनके अल्पकालिक और दीर्घकालिक लक्ष्यों को ही परिभाषित करता है। हाल में किए गए जीएसटी सुधार, आम लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के लिये दिशा-निर्देश देना, उनकी आकांक्षाओं को ही उजागर करता है। इसमें दो राय नहीं कि उनकी सरकार द्वारा आरंभ की गई लक्षित कल्याणकारी योजनाओं से विशेष रूप से समाज की अंतिम पंक्ति पर खड़े वंचित समाज के लोगों को लाभ जरूर हुआ है। निर्विवाद रूप से 75वां जन्मदिन मनाते हुए भी वे निरंतर ऊर्जा से भरपूर राजनेता के रूप में नजर आते हैं। उन्होंने देश के सामने आई कठिन चुनौतियों के वक्त जिस दृढ़ता का परिचय दिया, वह आम नागरिक को संबल देने वाला रहा। अब चाहे एक सदी बाद आई कोविड-19 की महामारी हो, भारत-चीन सीमा का गतिरोध हो या उरी-पुलवामा-पहलगाम के आतंकी हमले हों। उन्होंने राष्ट्रीय हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए दृढ़ता ही दिखाई है। जिसकी दुनिया के प्रमुख राजनेताओं ने मुक्त कंठ से प्रशंसा की है। ऐसा इसलिए भी संभव हुआ क्योंकि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र ने उनके नेतृत्व में विश्वास किया। यही वजह है कि वे विश्व के तमाम मंचों पर 140 करोड़ देशवासियों का संबल मिलने की बात किया करते हैं।

सर्वविदित है कि विश्व की महाशक्ति अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जिस आक्रामक ढंग से टैरिफ हमला किया और रूस से कच्चा तेल खरीदना बंद करने के लिये जैसा दबाव बनाया, प्रधानमंत्री की दृढ़ता के चलते ही वह विफल रहा है। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय हितों के मद्देनजर अपनी बात पर अड़े रहे। उन्होंने दबाव के आगे झुकने से इनकार कर दिया। आज की युद्ध से त्रस्त दुनिया में, उन्होंने महाशक्तियों से दोटूक शब्दों में कहा भी कि यह युद्ध से समस्या समाधान का समय नहीं है। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय बिरादरी को यह अहसास दिलाया है कि भारत का वैश्विक आचरण वसुधैव कुटुम्बकम् यानी विश्व एक परिवार है, के सिद्धांत पर आधारित है। उनकी मजबूत अभिव्यक्ति ने भारत ही नहीं ग्लोबल साउथ के देशों की आवाज को बुलंदी दी है। प्रधानमंत्री ने फिलहाल सेवानिवृत्ति की बहस को विराम देते हुए, तेजी से उभरते इस देश को नये जोश से आगे बढ़ाने के अपने संकल्प को दोहराया है। हालांकि, उनका मानना है कि अभी हमें कुछ बाधाओं को पार करना है। लेकिन यह एक निर्विवाद सत्य है कि भारत की आत्मनिर्भरता और वैश्विक प्रभुत्व की महत्वाकांक्षी यात्रा भारत की मूल भावना यानी शांति, सद्भाव और एकजुटता की भावना पर टिकी है। जिसमें अभिव्यक्ति की आजादी, मीडिया की स्वतंत्रता, समावेशी समाज तथा 'सबका साथ, सबका विकास' के मंत्र का जमीनी हकीकत बनना भी अपरिहार्य है। भारत एक विविध संस्कृतियों और भाषा-धर्म का गुलदस्ता है, जिसकी महक से मजबूत भारत की संकल्पना हकीकत बनती है। जिसका हकीकत बनना उनके संकल्पों पर निर्भर करता है। तभी हम दुनिया से कह सकते हैं कि सबसे बड़ा लोकतंत्र वास्तव में लोकतांत्रिक मूल्यों को जीता है। तभी दुनिया की सबसे तेज अर्थव्यवस्था का वास्तविक लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच पाएगा। निस्संदेह, किसी भी देश का सर्वांगीण विकास उसके नेतृत्व की क्षमता, सकारात्मकता और अपने नागरिकों को उत्साह से भरने वाले जज्बे पर निर्भर करता है। यह वक्त की जरूरत भी है।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 19 सितम्बर, शुक्रवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, आश्विन कृष्णपक्ष त्रयोदशी, 23:39 तक, नक्षत्र : आश्लेषा, 07:03 तक, योग : सिद्ध, 20:36 तक, सूर्योदय: 5:24, सूर्यास्त: 17:38, चन्द्रोदय : 02:57, चन्द्रास्त: 16:11, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : कन्या, चन्द्र राशि : कर्क, राहू काल : 09:59 से 11:30

## राशिफल

**मेष :** व्यापार के मामले में किसी नई जगह पर निवेश करने का विचार बना रहे हैं, तो सोच-समझकर फैसला लेना लाभकारी सिद्ध होगा। नौकरी करने वाले अपने काम में अधिक व्यस्त रह सकते हैं।

**वृष :** दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। कामकाज की स्थिति अच्छी बनी रहेगी और कार्यस्थल पर आपके द्वारा किए गए प्रयास सफल होंगे। इसी के चलते मन भी प्रसन्न रहेगा।

**मिथुन :** अगर कार्यक्षेत्र में लंबे समय से किसी समस्या का सामना कर रहे थे तो अब आपको समाधान मिल सकता है। साथ ही, ऑफिस का वातावरण अच्छा बना रहे से आपका स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा।

**कर्क :** कार्यक्षेत्र में आपको परिस्थितियां बदलती हुई नजर आ सकती हैं। ऐसे में आपके लिए लाभ की स्थितियां बन सकती हैं। जल्दबाजी में नुकसान हो सकता है।

**सिंह :** आपका दिन मेहनत भरा रह सकता है। कार्यक्षेत्र में कामकाज के सिलसिले में कुछ देरी हो सकती है। लेकिन इस दौरान आपको किसी भी प्रकार का तनाव लेने से बचना होगा।

**कन्या :** कार्यक्षेत्र में अगर आपके पास समय की कमी है तो आप अपने अधूरे पड़े कार्यों को पूरा करने के बारे में विचार कर सकते हैं। अन्यथा महत्वपूर्ण काम अधूरे रह सकते हैं।

**तुला :** कार्यक्षेत्र में कामकाज की स्थिति सामान्य बनी रहेगी। अगर आप कुछ धन निवेश करते हैं, तो इससे स्थितियां बेहतर हो सकती हैं। साथ ही, आपको सकारात्मक परिणाम भी प्राप्त होंगे।

**वृश्चिक :** व्यापार के मामले में आपके द्वारा पहले लिए गए निर्णय अब लाभदायक सिद्ध हो सकते हैं, जिससे मन प्रसन्न रहेगा। आपको किसी व्यक्ति की मदद भी मिल सकती है।

**धनु :** परिवार में मांगलिक कार्य आयोजित होने के चलते आप कार्यक्षेत्र में अपने कामकाज पर कम ध्यान दे पाएंगे। बिजनेस के मामले में बुद्धिमानी से लिए गए फैसलों से लाभ प्राप्त हो सकता है।

**मकर :** अगर कार्यक्षेत्र में लंबे समय से किसी विवाद या समस्या का सामना कर रहे थे, तो अब आपको उससे छुटकारा मिल सकता है। इससे थोड़ी राहत महसूस होगी।

**कुम्भ :** कार्यस्थल पर आपको विरोधियों से सावधान रहने की जरूरत है, अन्यथा वे आपके कार्यों में बाधा डाल सकते हैं। वहीं, अपने आसपास के गलत और सही लोगों में पहचान करनी होगी।

**मीन :** स्वास्थ्य में गिरावट देखने को मिल सकती है, जिसके चलते कामकाज में भी कम रुचि रहेगी। वहीं, व्यापार के मामले में आपको यात्राओं के दौरान समस्या का सामना करना पड़ सकता है।

# टेक्नोलॉजी के चैंपियन हैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी



**अश्विनी वैष्णव**
भारत सरकार के रेल, आईटी और सूचना एवं प्रसारण मंत्री

क्या आपको वह समय याद है जब सरकारी दस्तावेज़ को हासिल करना कितना मशक्कत का काम होता था? कई बार चक्कर लगाने पड़ते थे, लंबी लाइनें लगती थीं, और कभी-कभी बेवजह की फीस देनी पड़ती थी। अब वही दस्तावेज़ सीधे आपके फ़ोन पर मिल जाते हैं।

यह बदलाव यूं ही नहीं हुआ। प्रधानमंत्री मोदी ने तकनीक को भारत का सबसे बड़ा समान अवसर देने वाला साधन बना दिया। मुंबई का एक रेहड़ी-पटरी वाला वाला भी वही यूपीआई पेमेंट सिस्टम इस्तेमाल करता है, जो एक बड़ी कंपनी का अधिकारी करता है। उनकी सोच में तकनीक पद के अनुरूप किसी ऊंच-नीच को नहीं मानती।

यह बदलाव उनकी मूल सोच अंत्योदय को दर्शाता है- यानी कतार में खड़े सबसे आखिरी व्यक्ति तक पहुंचना। हर डिजिटल पहल का मकसद है कि तकनीक को सबके लिए समान रूप से उपलब्ध कराना। गुजरात में शुरू हुए ये प्रयोग ही भारत की डिजिटल क्रांति की नींव बने।

**गुजरात: जहां से शुरुआत हुई**

मुख्यमंत्री रहते हुए मोदी जी ने तकनीक और नवाचार के ज़रिए गुजरात को बदला। 2003 में शुरू की गई ज्योतिग्राम योजना में फीडर सेपरेशन तकनीक का उपयोग किया गया। इससे ग्रामीण उद्योगों को 247 बिजली मिली और तय समय पर खेतों को बिजली मिलने से ज़मीन के नीचे का पानी कम गति से घटने लगा।

महिलाएं रात में पढ़ाई कर सकीं और छोटे व्यवसाय फले-फूले, जिससे गाँव से शहर की ओर पलायन घटा। एक अध्ययन के अनुसार, इस योजना पर किए गए 1,115 करोड़ रुपये के निवेश की भरपाई सिर्फ़ ढाई साल में हो गई।

2012 में उन्होंने नर्मदा नहर पर सोलर पैनल लगाने का निर्णय लिया। इस परियोजना से हर साल 1.6 करोड़ यूनिट बिजली बनी, जो लगभग 16,000 घरों के लिए काफ़ी थी। साथ ही, नहर के पानी का वाष्पीकरण कम हुआ और पानी की उपलब्धता बढ़ी।

एक ही पहल से कई समस्याओं का समाधान निकालना मोदी जी की तकनीक दृष्टि को दर्शाता है। स्वच्छ ऊर्जा बनाना और पानी बचाना, दोनों साथ-साथ। यह दक्षता और प्रभाव का उदाहरण था, जो साधारण समाधानों से कहीं अधिक था।

इस नवाचार को अमेरिका और स्पेन द्वारा अपनाया जाना इसकी प्रभावशीलता को और मज़बूत करता है।

ई-धरा प्रणाली से ज़मीन के कागज़ात डिजिटल हुए। स्वागत पहल से नागरिक वीडियो कांफ्रेंसिंग द्वारा मुख्यमंत्री से सीधे जुड़ सके। ऑनलाइन टेंडरिंग से भ्रष्टाचार पर रोक लगी।

इन पहलों से भ्रष्टाचार घटा और सरकारी सेवाओं तक पहुंच आसान हुई। लोगों का शासन पर भरोसा लौटा, जिसका असर गुजरात में लगातार मिलती बड़ी चुनावी सफलताओं में दिखा।

**राष्ट्रीय परिदृश्य**

2014 में उन्होंने गुजरात का अनुभव और सीख को दिल्ली तक पहुंचाया। लेकिन पैमाना कहीं बड़ा था।

उनके नेतृत्व में इंडिया स्टैक ने जो आकार लिया, वह दुनिया का सबसे समावेशी डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर बनकर उभरा है। इसकी बुनियाद जैम ट्रिनिटी (जन धन, आधार, मोबाइल) पर रखी गई।

जन धन खातों ने 53 करोड़ से अधिक लोगों को बैंकिंग सिस्टम से जोड़ा। जो लोग अब तक आर्थिक रूप से बाहर थे, वे पहली बार औपचारिक अर्थव्यवस्था का हिस्सा बने।

ठेले वाले, दिहाड़ी मज़दूर और ग्रामीण परिवार, जो केवल नकद पर निर्भर रहते थे, अब बैंक खातों से जुड़े। इससे उन्हें सुरक्षित बचत करने, सीधे सरकारी लाभ पाने और आसानी से क़र्ज़ प्राप्त करने का अवसर मिला।

आधार ने नागरिकों को डिजिटल पहचान दी। अब तक 142 करोड़ से ज़्यादा पंजीकरण हो चुके हैं। इससे सरकारी सेवाओं तक पहुंचना आसान हुई, जहां पहले कई दस्तावेज़ों की जांच की ज़रूरत पड़ती थी।

डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) ने बिचौलियों को हटा दिया और गड़बड़ी कम की। अब तक डीबीटी से 4.3 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बचत हुई है। यही पैसा स्कूल, अस्पताल और अन्य बुनियादी ढांचे बनाने में लगाया जा रहा है।

पहले ग्राहक की पहचान (केवाईसी) की प्रक्रिया कठिन थी। इसमें कागज़ी दस्तावेज़ों की जांच, मैनुअल प्रक्रिया और कई बार की भाग-दौड़ शामिल होती थी। इससे सेवा प्रदाताओं को हर वेरिफ़िकेशन पर काफी खर्च करना पड़ता था। आधार-आधारित ई-केवाईसी ने इस खर्च को घटाकर मात्र 5 रुपये में कर दिया। अब छोटे से छोटे लेन-देन भी आर्थिक रूप से संभव हो गए हैं।



यूपीआई ने भारत के भुगतान करने का तरीका बदल दिया। अब तक 55 करोड़ से ज़्यादा लोग इसका इस्तेमाल कर चुके हैं। सिर्फ़ अगस्त 2025 में ही 20 अरब से अधिक लेन-देन हुए, जिनकी कुल राशि 24.85 लाख करोड़ रुपये रही।

अब पैसे भेजना बैंक में घंटों की परेशानी नहीं, बल्कि मोबाइल पर 2 सेकंड से भी कम का काम है। बैंक जाने, लाइन लगाने और कागज़ी प्रक्रिया की जगह अब क्यूआर कोड स्कैन से तुरंत भुगतान हो जाता है।

आज भारत दुनिया के कुल रियल-टाइम डिजिटल पेमेंट्स का आधा हिस्सा अकेले संभालता है। दस साल पहले भारत ज़्यादातर नकद पर निर्भर था। प्रधानमंत्री मोदी की सोच ने जैम ट्रिनिटी और यूपीआई ढांचे को अंतिम रूप दिया।

जब कोविड आया और उन्होंने डिजिटल लेन-देन को बढ़ावा दिया, तो यह पूरा सिस्टम कामयाब साबित हुआ। नतीजा यह है कि आज यूपीआई, वैश्विक स्तर पर वीज़ा से भी अधिक लेन-देन करता है। एक साधारण मोबाइल फ़ोन अब बैंक, पेमेंट गेटवे और सर्विस सेंटर... सब कुछ बन गया है।

प्रगति ने शासन में जवाबदेही लाने का काम किया। यह प्लेटफ़ॉर्म प्रधानमंत्री को सीधे प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग से जोड़ता है, जहां हर महीने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के ज़रिए समीक्षा होती है। जब अधिकारियों को पता होता है कि प्रधानमंत्री लाइव वीडियो में उनका काम देखेंगे, तो जवाबदेही अपने आप बढ़ जाती है।

जैसे किसी राजमार्ग परियोजना में देरी हो रही हो, तो प्रगति समीक्षा के दौरान तुरंत उस पर ध्यान दिया जाता है और अधिकारियों को देरी का कारण बताना पड़ता है। इससे तुरंत सुधार होता है और आखिरकार जनता को सीधा लाभ मिलता है।

**सबके लिए तकनीक**

तकनीक ने खेती और स्वास्थ्य सेवाओं को पूरी तरह बदल दिया है। हरियाणा के किसान जगदेव सिंह अब फ़सल से जुड़े फैसले लेने के लिए एआई ऐप्स का इस्तेमाल करते हैं। उन्हें मौसम की जानकारी और मिट्टी की सेहत का डेटा सीधे मोबाइल पर मिल जाता है।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के ज़रिए 11 करोड़ किसानों को सीधी आय सहायता डिजिटल माध्यम से पहुंचाई जाती है।

डिजी-लॉकर के अब 57 करोड़ से ज़्यादा उपयोगकर्ता हैं, जिनमें 967 करोड़ दस्तावेज़ डिजिटल रूप से सुरक्षित रखे गए हैं। आपका ड्राइविंग लाइसेंस, डिग्री सर्टिफ़िकेट, आधार और अन्य सरकारी दस्तावेज़ अब आपके फ़ोन में सुरक्षित रहते हैं।

सड़क पर पुलिस चेकिंग के दौरान अब कागज़ ढूंढने की ज़रूरत नहीं। बस डिजी-लॉकर से डिजिटल लाइसेंस दिखा दीजिए। आधार ऑथेंटिकेशन से आयकर रिटर्न भरना भी बेहद आसान हो गया है। जहां पहले ढेर सारे दस्तावेज़ों की फ़ाइलें साथ ले जानी पड़ती थीं, अब सब कुछ आपकी जेब में मोबाइल पर समा गया है।

**अंतरिक्ष और नवाचार**

भारत ने वह कर दिखाया जो असंभव सा लगता था। मंगल तक पहली कोशिश में पहुंचना और वह भी इतने कम खर्चे में, जितना एक हॉलीवुड फ़िल्म पर भी नहीं लगता। मंगलयान मिशन केवल 450 करोड़ में पूरा हुआ, जिसने साबित किया कि भारतीय इंजीनियरिंग विश्वस्तरीय नतीजे दे सकती है।

चंद्रयान-3 ने भारत को चाँद पर सॉफ्ट लैंडिंग करने वाला चौथा देश बनाया और चाँद के दक्षिणी ध्रुव पर उतरने वाला पहला देश।

इसरो ने एक ही मिशन में 104 उपग्रह छोड़े, जो एक विश्व रिकॉर्ड है। अब भारतीय रॉकेट 34 देशों के उपग्रह अंतरिक्ष में पहुँचा रहे हैं। गगनयान मिशन भारत को चौथा ऐसा देश बनाएगा जो अपनी स्वदेशी तकनीक से इंसानों को अंतरिक्ष में भेजेगा। प्रधानमंत्री मोदी हमारे वैज्ञानिकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहे और उनकी क्षमताओं पर पूरा भरोसा रखते हैं।

**वैश्विक नेतृत्व**

जब कोविड-19 आया, तो पूरी दुनिया वैक्सीन बांटने की अफरा-तफरी से जूझ रही थी। भारत ने अपनी ताक़त दिखाते हुए समाधान दिया। कोविन प्लेटफ़ॉर्म रिकॉर्ड समय में बनाया गया। यह दुनिया के सबसे बड़े टीकाकरण अभियान का एक संपूर्ण डिजिटल समाधान था।

इस प्लेटफ़ॉर्म ने 200 करोड़ से अधिक वैक्सीन डोज़ को सटीक डिजिटल ढंग से संभाला। न कोई ब्लैक मार्केटिंग, न पक्षपात सिर्फ़ पारदर्शी वितरण।

डायनैमिक एलोकेशन की वजह से बर्बादी रुकी। बची हुई वैक्सीन तुरंत उन इलाक़ों में भेज दी जाती थी जहां ज़्यादा ज़रूरत थी। यह उपलब्धि दिखाती है कि जब तकनीक को राजनीतिक इच्छाशक्ति का सहारा मिलता है, तो वह बहुत बड़े स्तर पर और पूरी निष्पक्षता के साथ परिणाम दे सकती है।

**मैन्युफैक्चरिंग क्रांति**

चीज़ें बनाने का असली नियम यह है कि आप सीधे चिप्स बनाने पर नहीं कूद सकते, पहले बुनियादी चीज़ें सीखनी पड़ती हैं। यह बिल्कुल वैसे है जैसे कोडिंग सीखते समय सबसे पहले हैलो वर्ल्ड से शुरुआत होती है, उसके बाद ही बड़े ऐप्स बनाए जाते हैं।

इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन भी इसी क्रम का पालन करता है। देश पहले असेंबली में महारत हासिल करते हैं, फिर सब-मॉड्यूल्स, कंपोनेंट्स और उपकरणों तक आगे बढ़ते हैं। भारत की यात्रा भी इसी प्रगति को दर्शाती है।

प्रधानमंत्री की दृष्टि के तहत, आज हमारी मजबूत इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन क्षमता हमें उन्नत सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग की ओर छलांग लगाने में मदद कर रही है।

भारत लंबे समय से डिज़ाइन टैलेंट का केंद्र रहा है। दुनिया के 20% से ज़्यादा चिप डिज़ाइनर यहीं हैं। अब भारत 2 नैनोमीटर (एनएम), 3 एनएम और 7 एनएम जैसे एडवांस्ड चिप्स डिज़ाइन करने में सक्षम है। ये चिप्स भारत में डिज़ाइन होकर दुनिया भर के लिए बनाए जा रहे हैं।

वर्तमान में फ़ैब्स और पैकेजिंग फ़ैसिलिटीज़ बनाने पर फोकस करना इस प्राकृतिक विकास का अगला कदम है। लेकिन यह सोच केवल निर्माण तक सीमित नहीं है। सेमीकंडक्टर उत्पादन में इस्तेमाल होने वाले केमिकल्स, गैस और विशेष सामग्री को भी समर्थन दिया जा रहा है।

इससे केवल फैक्ट्रियाँ नहीं, बल्कि एक पूरा ईकोसिस्टम खड़ा हो रहा है। यह सब प्रधानमंत्री मोदी की वैल्यू चेन की गहरी समझ से संभव हुई है। क्षमता को कदम-दर-कदम विकसित करना और हर चरण को मजबूत बनाना, उसके बाद ही अगले स्तर पर बढ़ना।

**बुद्धिमत्ता से युक्त बुनियादी ढाँचा**

पीएम गति शक्ति पोर्टल जीआईएस तकनीक का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल करता है। हर बुनियादी ढांचे की परियोजना डिजिटल रूप से मैप की जाती है। सड़कें, रेल, हवाई अड्डे और बंदरगाह अब साथ में योजना बनाकर तैयार होते हैं। अब अलग-अलग विभागों में बिखरा काम नहीं, और न ही तालमेल की कमी से होने वाली देरी।

इंडिया एआई मिशन के तहत 38,000 से अधिक जीपीयू उपलब्ध कराए गए हैं, वह भी वैश्विक लागत के एक-तिहाई दाम पर। इससे स्टार्टअप, शोधकर्ताओं और छात्रों को सिर्फ़ 67 रुपये प्रति घंटे की दर पर सिलिकॉन वैली जैसी कंप्यूटिंग सुविधा मिली है।

एआईकोश प्लेटफ़ॉर्म पर 2,000 से ज़्यादा डेटा सेट मौजूद हैं। मौसम से लेकर मिट्टी की सेहत तक। इन्हीं की मदद से भारत की भाषाओं, क़ानूनों, स्वास्थ्य प्रणालियों और वित्त क्षेत्र के लिए स्थानीय एलएलएम विकसित किए जा सकते हैं।

तकनीक को लेकर प्रधानमंत्री मोदी की समझ भारत की अनूठी एआई रेगुलेशन नीति में भी दिखाई देती है। दुनिया के केवल बाज़ार-आधारित या सरकार-नियंत्रित मॉडल से अलग, वे एक विशिष्ट टेक्नो-लीगल फ्रेमवर्क की कल्पना करते हैं।

सख़्त नियम बनाकर नवाचार को रोकने के बजाय, सरकार तकनीकी सुरक्षा उपायों में निवेश करती है। विश्वविद्यालय और आईआईटी मिलकर डीपफेक, गोपनीयता और साइबर सुरक्षा जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए एआई-आधारित उपकरण विकसित कर रहे हैं। यह दृष्टिकोण नवाचार को बढ़ावा देता है और साथ ही सुनिश्चित करता है कि तकनीक ज़िम्मेदारी के साथ लागू हो।

**बुनियादी ढाँचे में तकनीक**

केवड़िया में बनी स्टैच्यू ऑफ यूनिटी 182 मीटर ऊंची है। यह दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा है। 3डी मॉडलिंग और ब्रॉन्ज क्लैडिंग तकनीक से बनी यह प्रतिमा हर साल लगभग 58 लाख पर्यटकों को आकर्षित करती है। इस परियोजना से हज़ारों नौकरियाँ बनीं और केवड़िया एक बड़ा पर्यटन केंद्र बन गया।

चिनाब पुल 359 मीटर ऊंचा है, जो कश्मीर को भारत के बाकी हिस्सों से जोड़ता है। आइजोल रेल लाइन कठिन पहाड़ी इलाक़े से होकर गुजरती है और इसमें हिमालयन टनलिंग मेथड का प्रयोग किया गया है, जिसमें कई सुरंगें और पुल शामिल हैं। नया पंबन पुल सौ साल पुराने ढांचे की जगह आधुनिक इंजीनियरिंग से बनाया गया है।

ये सिर्फ़ इंजीनियरिंग की अद्भुत कृतियां नहीं हैं, बल्कि यह मोदी जी की उस सोच को दर्शाते हैं जिसमें तकनीक और दृढ़ संकल्प के सहारे भारत को जोड़ा जा रहा है।

**मानव जुड़ाव**

प्रधानमंत्री मोदी तकनीक को समझते हैं, लेकिन इंसानों को उससे भी बेहतर समझते हैं। उनकी अंत्योदय की सोच ही हर डिजिटल पहल को आगे बढ़ाती है। यूपीआई कई भाषाओं में काम करता है। सबसे गरीब किसान और सबसे अमीर उद्योगपति, दोनों की एक जैसी डिजिटल पहचान है।

सिंगापुर से लेकर फ्रांस तक कई देश यूपीआई से जुड़े हैं। जी-20 ने डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर को समावेशी विकास के लिए अहम् माना है। जापान ने इसके लिए पेटेंट भी दिया है। जो शुरुआत में भारत का समाधान था, वही अब पूरी दुनिया के लिए डिजिटल लोकतंत्र का मॉडल बन गया।

गुजरात में शुरुआती प्रयोगों से लेकर डिजिटल इंडिया के शुभारंभ तक की यात्रा यह दिखाती है कि तकनीक में बदलाव लाने की शक्ति है। मोदी जी ने तकनीक को शासन की भाषा बना दिया है। उन्होंने साबित किया है कि जब नेता तकनीक को इंसानियत के साथ अपनाते हैं, तो पूरा देश भविष्य की ओर बड़ी छलांग लगा सकता है।

## विदेश की खबरें

### मोदी ने नेपाली समकक्ष कार्की से की बातचीत, शांति बहाली के प्रयासों का समर्थन

**नयी दिल्ली/काठमांडू :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को नेपाल की अपनी समकक्ष सुशीला कार्की से बात की और शांति एवं स्थिरता बहाल करने के उनके प्रयासों के प्रति भारत के दृढ़ समर्थन की पुष्टि की। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि कार्की के साथ बातचीत के दौरान उन्होंने पड़ोसी देश में हाल ही में हुए हिंसक विरोध प्रदर्शनों के दौरान हुई जनहानि पर अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त की। प्रधानमंत्री ने कहा, नेपाल की अंतरिम सरकार की प्रधानमंत्री श्रीमती सुशीला कार्की के साथ गर्मजोशी से बातचीत हुई। हाल ही में हुई जनहानि पर हार्दिक संवेदना व्यक्त की और शांति एवं स्थिरता बहाल करने के उनके प्रयासों के प्रति भारत के दृढ़ समर्थन की पुष्टि की। उन्होंने कहा, साथ ही मैंने उन्हें और नेपाल की जनता को कल उनके राष्ट्रीय दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं दीं। काठमांडू में नेपाल के विदेश मंत्रालय के अनुसार बातचीत के दौरान कार्की ने कहा, अंतरिम सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता चुनाव ही रहेंगे, तथा जवाबदेह, उत्तरदायी और भ्रष्टाचार मुक्त शासन के लिए दृढ़ संकल्प युवाओं की आकांक्षाओं को प्रतिबिंबित करेगा। कार्की की किसी विदेशी शासनाध्यक्ष से यह पहली टेलीफोनिक वार्ता थी। कार्की ने कहा कि नेपाल और भारत के बीच ऐतिहासिक और घनिष्ठ संबंध बहुआयामी लोगों के स्तर पर संबंधों से और मजबूत होते रहेंगे। इसमें कहा गया, दोनों प्रधानमंत्रियों ने दोनों देशों के लोगों के लाभ के लिए द्विपक्षीय सहयोग और साझेदारी की मजबूत गति को जारी रखने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। गौरतलब है कि पिछले हफ़्ते नेपाल में हिंसक विरोध प्रदर्शन हुए थे जिसके कारण के पी शर्मा ओली को प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा था।। 'जेन-जेड' पीढ़ी के नेतृत्व में हुए इस आंदोलन के दौरान प्रदर्शनकारियों ने नेताओं के घरों, संसद समेत महत्वपूर्ण सरकारी इमारतों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में आग लगा दी थी।

### अंतरराष्ट्रीय समुदाय सुनिश्चित करे कि लश्कर और जैश को अफगानिस्तान में पनाह न मिले: भारत

**संयुक्त राष्ट्र :** भारत ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से यह सुनिश्चित करने का आह्वान किया कि पाकिस्तान के लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद सहित संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित आतंकवादी संगठन और उनके मददगार अब आतंकवादी गतिविधियों के लिए अफगानिस्तान की धरती का इस्तेमाल न कर पाएं। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पर्वतनेनी हरीश ने बुधवार को कहा, 'भारत अफगानिस्तान की सुरक्षा स्थिति पर करीबी नजर रखे हुए है।' उन्होंने स्पष्ट रूप से पाकिस्तान का संदर्भ देते हुए कहा, 'अंतरराष्ट्रीय समुदाय को यह सुनिश्चित करने के लिए समन्वित प्रयास करने चाहिए कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद द्वारा घोषित आतंकी संगठन और व्यक्ति जैसे कि आईएसआईएल (इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड द लेवांट), अल-कायदा, लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद व उनके खतरनाक इरादों में मदद करने वाले अब अफगानिस्तान की धरती का इस्तेमाल आतंकवादी गतिविधियों के लिए न कर पाएं।'

## वर्ग पहेली नं. 3212

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | ■ | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ |
| | ■ | ■ | 5 | | 6 | | ■ | 7 | 8 |
| 9 | 10 | | | ■ | | ■ | 11 | | |
| 12 | | ■ | 13 | 14 | ■ | 15 | | ■ | |
| ■ | | ■ | 16 | | 17 | | ■ | 18 | |
| 19 | | | ■ | 20 | | | ■ | 21 | |
| | ■ | ■ | 22 | ■ | | ■ | 23 | | ■ |
| 24 | | | | ■ | 25 | | ■ | | 26 |
| | ■ | ■ | 27 | | | ■ | 28 | | |

*बायें से दायें:-* 1) प्रेम में पागल, 3) नाराज़गी, 5) शत्रुता, 7) कश *(धूम्रपान)*, 9) श्रीकृष्ण के पिता, 11) पक्का रास्ता, 12) अंतर्धान, 13) बंदूक *(अंग्रेजी)*, 15) शरीरांतर्गत नलीदार हड्डी के अंदर का गूदा, 16) तीर रखने का चोंगा, 18) अनुचित; अनैतिक, 19) झक्की, 20) टीस, 21) सवाल का जवाब, 23) ईश्वरीय शक्ति, 24) गदीला, 25) नज़दीकी, 27) बोना *(पौधा)*, 28) दाँतों के नीचे-ऊपर का मांस.

*ऊपर से नीचे:-* 1) एक त्योहार, 2) मैला, 3) पत्र, 4) सियार, 5) ज्ञात, 6) काबू, 8) मकड़ी का जाला, 10) वीरान, 11) सजावट, 14) दोज़ख़, 15) खाल का बना पानी भरने थैला, 17) छटपटाना, 18) बेशर्म, 19) अवश्य, 22) स्वच्छ, 23) साधन; शिक्षा की भाषा, 26) ज़रा-सा.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ■ | बे | शु | मा | र | ■ | मा | लू | म |
| ता | ■ | व | ■ | य | ज | मा | न | ■ | रा |
| प | ल | ड़ा | ■ | का | ■ | त्रा | ■ | ला | ठी |
| ता | गा | ■ | ख़ा | ■ | बिं | ■ | दं | भ | ■ |
| ■ | म | न | स | ब | दा | र | ■ | प्र | भु |
| अ | ■ | फ़ | ■ | ■ | स | च | ■ | द | र |
| प्र | हा | र | ■ | चू | ■ | ना | क | ■ | का |
| धा | ■ | त | क | रा | र | ■ | म | र | ना |
| न | या | ■ | क्ष | ■ | सा | धा | र | ण | ■ |

## सुडोकू-पहेली-3169

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 | | | | |
| | 4 | | | | | | | |
| | | 9 | | | | 2 | 1 | 3 |
| | | | 9 | | | 4 | | |
| | | | | | 7 | | | |
| 7 | | 4 | 8 | | | | | |
| | 3 | 7 | | 5 | | | 9 | |
| 5 | | | 6 | | | | | 8 |
| | | | | 2 | | 6 | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3168 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 9 | 6 | 8 | 5 | 3 | 1 | 2 | 4 |
| 2 | 5 | 3 | 4 | 1 | 7 | 8 | 9 | 6 |
| 1 | 4 | 8 | 2 | 9 | 6 | 7 | 3 | 5 |
| 9 | 3 | 4 | 6 | 2 | 8 | 5 | 1 | 7 |
| 6 | 1 | 2 | 9 | 7 | 5 | 3 | 4 | 8 |
| 5 | 8 | 7 | 3 | 4 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 4 | 7 | 1 | 5 | 6 | 9 | 2 | 8 | 3 |
| 3 | 2 | 9 | 7 | 8 | 4 | 6 | 5 | 1 |
| 8 | 6 | 5 | 1 | 3 | 2 | 4 | 7 | 9 |

# पूजा से पहले नकली खाद्य पदार्थ रोकने के लिए सड़कों पर उतरी निगम टीम

## हेदुआ से श्यामबाजार तक चला अभियान

कोलकाता : दुर्गापूजा से पहले मिलावटी खाद्य पदार्थों पर रोक लगाने के लिए कोलकाता नगर निगम ने गुरुवार को विशेष अभियान चलाया। डिप्टी मेयर और स्वास्थ्य विभाग प्रभारी अतिन घोष के नेतृत्व में हेदुआ मोड़ से शुरू हुआ यह अभियान श्यामबाजार तक चला। उद्देश्य साफ था- पूजा के दौरान



कोलकाता वासियों और बाहर से आने वाले आगंतुकों को सुरक्षित व मिलावटमुक्त भोजन उपलब्ध कराना।

अभियान के दौरान निगम के खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने विभिन्न फूड स्टॉल और रेस्तरां में जांच की। पकाए गए भोजन, मसाले और अन्य सामग्री के नमूने एकत्र किए गए। मौके पर मौजूद मोबाइल फूड टेस्टिंग वैन में इनकी गुणवत्ता जांची गई और यह देखा गया कि कहीं हानिकारक रंग या मिलावटी पदार्थ तो इस्तेमाल नहीं हो रहे।

डिप्टी मेयर अतिन घोष ने खुद कई दुकानों का निरीक्षण किया और खाद्य तैयारी की प्रक्रिया पर नजर रखी। सिर्फ कार्रवाई ही नहीं, निगम ने जागरूकता पर भी जोर दिया। स्टॉल मालिकों और कर्मचारियों को पर्चे बांटकर बताया गया कि किस तरह स्वास्थ्य नियमों का पालन करते हुए भोजन तैयार और परोसा जाना चाहिए।

नगर निगम के एक अधिकारी ने कहा, पूजा के समय बड़ी संख्या में अस्थायी खाने-पीने के स्टॉल लगते हैं। बढ़ती मांग के बीच अक्सर गुणवत्ता से समझौता होता है। इसलिए हम पहले से ही सतर्क कदम उठा रहे हैं।



केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को उपहार देकर सम्मान करतीं प्रदेश भाजपा ट्रेड सेल की संयोजक वैंशाली डालमिया व मौके पर भाजपा अध्यक्ष शमिक भट्टाचार्य, केंद्रीय मंत्री सुकंत मजूमदार व अन्य उपस्थित रहे

## 2011 से आजीवन कारावास की सजा काट रहे 840 कैदियों को रिहा किया : ममता

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को कहा कि राज्य सरकार ने 2011 से आजीवन कारावास की सजा काट रहे 840 कैदियों को रिहा किया है, जिनमें से सभी ने 14 साल से अधिक की सजा काट ली थी। ममता ने यह भी घोषणा की कि उचित कानूनी प्रक्रिया के बाद अब 45 अतिरिक्त कैदियों को रिहा किया जा रहा है। उन्होंने रिहा किए गए व्यक्तियों और उनके परिवारों को बधाई दी और कहा कि कारावास के दौरान उनका अच्छा व्यवहार इस निर्णय का एक प्रमुख कारक था। इस दिन, ममता ने 'एक्स' पर पोस्ट में कहा कि हमारी सरकार ने आजीवन कारावास की सज़ा काट चुके कई कैदियों को कानूनी तौर पर रिहा किया है। 2011 से अब तक ऐसे 840 लोगों को रिहा किया जा चुका है। 45 और कैदियों को कानूनी तौर पर रिहा किया जा रहा है। मैं उन्हें और उनके परिवारों को बधाई देती हूं। उन्होंने सुधार गृहों की पुनर्वास भूमिका पर ज़ोर देते हुए लिखा कि मुझे पता है कि कारावास के दौरान उनका व्यवहार अच्छा था। यह रिहाई इसी बात का प्रमाण है। मुख्यमंत्री ने उम्मीद जताई कि रिहा हुए कैदी सुधरी हुई ज़िंदगी व्यतीत करेंगे। उन्होंने कहा कि मुझे उम्मीद है कि रिहा हुए ये कैदी अपने नए और आज़ाद जीवन में अच्छे नागरिक बनेंगे – और तभी हमारे प्रयास सफल होंगे।

## समशेरगंज हिंसा: दुर्गापूजा से पहले पुनर्वास न मिलने पर हाइकॉर्ट की कड़ी फटकार

❑ **एनआईए की भूमिका पर भी सवाल**

**कोलकाता :** वक्फ कानून के विरोध को लेकर मुर्शिदाबाद के समशेरगंज में हुई हिंसा के बाद अब भी पीड़ितों को मुआवजा और पुनर्वास नहीं मिलने पर गुरुवार को कलकत्ता हाईकोर्ट ने कड़ा रुख अपनाया। न्यायमूर्ति सौमेन सेन ने इस मामले में राज्य सरकार और केंद्रीय जांच एजेंसी एनआईए दोनों की भूमिका पर गंभीर सवाल उठाए।

न्यायमूर्ति ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा, दुर्गापूजा से पहले भी इन्हें पुनर्वास नहीं दिया जा सका? अदालत ने नाराज़गी जताई कि सामशेरगंज के प्रभावित लोग अब भी बेघर हैं और प्रशासन की चुप्पी के बीच कोई ठोस कदम नहीं दिख रहा।

अदालत ने यह भी कहा कि



एनआईए चाहती तो पहले ही जांच अपने हाथ में ले सकती थी, इसमें कोई बाधा नहीं थी। एक ओर राज्य की जांच प्रक्रिया पर सवाल उठ रहे हैं, वहीं दूसरी ओर केंद्रीय एजेंसी भी सक्रिय नहीं हुई। अदालत ने साफ किया कि इस तरह प्रशासनिक जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ा नहीं जा सकता।

हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को अब तक की जांच की प्रगति रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 20 नवंबर को होगी।

## कांग्रेस दफ्तर में तोड़फोड़ मामला: बीजेपी नेता राकेश सिंह को अंतरिम जमानत

❑ **लेकिन अभी जेल से रिहाई नहीं**

**कोलकाता :** प्रदेश कांग्रेस दफ्तर में तोड़फोड़ मामले में गिरफ्तार बीजेपी नेता राकेश सिंह और अन्य छह आरोपियों को गुरुवार को शियालदह अदालत ने अंतरिम जमानत दे दी। अदालत ने सभी को एक-एक हज़ार रुपये के निजी मुचलके पर जमानत देने का आदेश दिया। हालांकि आदेश के बावजूद राकेश सिंह की अभी जेल से रिहाई नहीं होगी, क्योंकि उनके खिलाफ एक और मामला लंबित है। इस घटना में कुछ दिन पहले कुल आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया था। इनमें राकेश सिंह के बेटे शिवम को पहले ही जमानत मिल चुकी थी और वह जेल से बाहर आ चुके हैं। गुरुवार को बाकी आरोपियों की जमानत मंजूर कर ली गई, लेकिन राकेश सिंह की कानूनी लड़ाई अभी जारी है। अदालत ने साफ किया है कि अंतरिम जमानत पर रिहा होने वाले सभी आरोपियों को जांच में पूरा सहयोग करना होगा। साथ ही बिना अदालत की अनुमति के वे शहर नहीं छोड़ सकेंगे।


### गाजियाबाद स्टेशन पर दो जोड़ी स्पेशल ट्रेनों के ठहराव समय में विस्तार

गाजियाबाद स्टेशन पर निम्नलिखित दो जोड़ी स्पेशल ट्रेनों का ठहराव समय निम्नानुसार 02 मिनट से बढ़ाकर 05 मिनट किया जाएगा:

| ट्रेन नं. और नाम | गाजियाबाद में संशोधित समयसूची | |
|---|---|---|
| | आ. | प्र. |
| 04458 आनंद विहार टर्मिनल – भागलपुर स्पेशल (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 20.09.2025) | 14.15 | 14.20 |
| 04457 भागलपुर – आनंद विहार टर्मिनल स्पेशल (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 21.09.2025) | 21.05 | 21.10 |
| 04452 नई दिल्ली – हावड़ा स्पेशल (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 20.09.2025) | 18.57 | 19.02 |
| 04451 हावड़ा – नई दिल्ली स्पेशल (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 22.09.2025) | 07.18 | 07.23 |

मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक

पूर्व रेलवे

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

### हावड़ा मंडल के तहत रखरखाव कार्य के लिए ट्रेनों की नियंत्रण व्यवस्था

दिन के समय ट्रैक रखरखाव कार्य हेतु, हावड़ा मंडल के बैण्डल-कटवा शाखा में धात्रीग्राम-अंबिका कालना-गुप्तीपारा स्टेशनों के बीच डाउन बैण्डल-अजीमगंज-कटवा लाइन पर **दिनांक 19.09.2025 (शुक्रवार) से दिनांक 24.09.2025 (बुधवार)** तक **6 दिनों** के लिए प्रतिदिन **03 घंटे** का **ट्रैफिक ब्लॉक** की आवश्यकता होगी। फलस्वरूप, ट्रेन संचालन में निम्नलिखित व्यवस्थाएँ की गई हैं:

- **दिनांक 19, 20, 21, 22, 23 और 24.09.2025 को निरस्तीकरण: बैण्डल से** 37749 और **कटवा से** 37748.
- **दिनांक 19, 20, 21, 22, 23 और 24.09.2025 को नियंत्रित:** 37924 **कटवा-हावड़ा लोकल** को कटवा और धात्रीग्राम के बीच 15 मिनट के लिए नियंत्रित किया जाएगा।
- **विशेष टिप्पणी :-** ब्लॉक अवधि के दौरान विशेष तथा विलम्ब से चलने वाली ट्रेनें और कोई नई शुरू की गई ट्रेन/पार्सल ट्रेन/टीओडी, यदि कोई हो, तो ब्लॉक के दौरान उचित रूप से नियंत्रित/मार्ग परिवर्तित किया जाएगा। यात्रियों से अनुरोध है कि वे स्टेशनों की जन संबोधन साधन का पालन करें। असुविधा के लिए खेद है।

मंडल रेल प्रबंधक, हावड़ा

पूर्व रेलवे

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @ easternrailwayheadquarter


## शुभेंदु अधिकारी का आरोप, ममता सरकार चुनाव प्रक्रिया में कर रही है हेराफेरी

**कोलकाता, समाज्ञा :** नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने ममता बनर्जी सरकार पर चुनावी प्रक्रिया में धांधली और पक्षपात करने का गंभीर आरोप लगाये हैं। गुरुवार को माइक्रो ब्लॉगिंग साइट एक्स पर एक पोस्ट में उन्होंने दावा किया कि उत्तर 24 परगना जिले के हासनाबाद ग्राम पंचायत के टीएमसी अंचल अध्यक्ष रमेश चंद्र दास को बूथ संख्या 20 का बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) नियुक्त किया गया है। शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि रमेश चंद्र दास केवल अस्थायी सहायक शिक्षक हैं, इसके बावजूद उन्हें यह जिम्मेदारी दी गई, जबकि उसी बूथ पर अन्य योग्य शिक्षकों को जानबूझकर नजरअंदाज़ कर दिया गया। शुभेंदु अधिकारी के अनुसार, यह नियुक्ति साफ तौर पर राजनीतिक पक्षपात को दर्शाता है। उन्होंने लिखा कि यह कोई अलग-थलग घटना नहीं है, बल्कि टीएमसी का सुनियोजित प्रयास है कि पार्टी वफादारों को बीएलओ बनाकर चुनावी प्रक्रिया पर कब्ज़ा किया जाए। यह कदम स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की पवित्रता को धक्का पहुंचता है और लोकतांत्रिक संस्थाओं पर जनता का भरोसा कम करता है। शुभेंदु अधिकारी ने चुनाव आयोग से मामले को तुरंत संज्ञान में लेने की अपील की है। उन्होंने मांग की कि इस तरह की नियुक्तियों को रद्द किया जाए और केवल निष्पक्ष एवं योग्य व्यक्तियों को ही बीएलओ नियुक्त किया जाए ताकि चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता बनी रहे।

## कोलकाता में 7 साल बाद बढ़ा संपत्ति का सर्किल रेट, बढ़ेगा स्टांप ड्यूटी और रजिस्ट्रेशन खर्च भी

**कोलकाता :** सात साल बाद राज्य सरकार ने कोलकाता और उसके आसपास के क्षेत्रों में संपत्तियों का सर्किल रेट बढ़ा दिया है। इसके चलते अब फ्लैट या मकान खरीदना महंगा हो जाएगा, क्योंकि खरीदारों को स्टांप ड्यूटी और रजिस्ट्रेशन शुल्क के रूप में अधिक पैसे चुकाने होंगे।

सरकारी अधिसूचना के अनुसार, क्षेत्रवार यह वृद्धि 15% से लेकर 90% तक की गई है और नए दर बुधवार से लागू हो गए हैं। रियल एस्टेट विशेषज्ञों का मानना है कि इससे जहां सरकार की राजस्व आय बढ़ेगी, वहीं खरीदार और विक्रेता दोनों पर अतिरिक्त बोझ पड़ेगा।

सर्किल रेट सरकार द्वारा तय न्यूनतम मूल्य होता है, जिसके आधार पर किसी संपत्ति का



रजिस्ट्रेशन और स्टांप ड्यूटी तय की जाती है। अधिकारियों का कहना है कि बाजार में संपत्ति की कीमतें काफी बढ़ चुकी थीं, लेकिन सर्किल रेट लंबे समय से स्थिर था। इस वजह से बाजार मूल्य और सरकारी तय दरों में बड़ा अंतर हो गया था, जिसे अब कम करने की कोशिश की गई है।

**कहां कितना बढ़ा सर्किल रेट:**

❑ सॉल्टलेक के पास महिषबथान में दर लगभग 87% बढ़कर 12,065 प्रति वर्गफुट हो गई।

❑ बारानगर बी.टी. रोड पर 4,708 से बढ़कर 8,850 प्रति वर्गफुट।

❑ टॉलीगंज में 8,250 से बढ़कर 10,212 प्रति वर्गफुट।

❑ बेहाला बड़ेशिा में 4,292 से बढ़कर 7,095 प्रति वर्गफुट।

❑ सोनारपुर में 3,412 से बढ़कर 6,237 प्रति वर्गफुट।

❑ न्यूटाउन में 3,535 से बढ़कर 6,209 प्रति वर्गफुट।

❑ तपसिया में 5,881 से बढ़कर 9,852 प्रति वर्गफुट।

इस वृद्धि के चलते अब कई दो और तीन बेडरूम फ्लैटों का मूल्य रजिस्ट्रेशन के समय 1 करोड़ से ऊपर पहुंच जाएगा। ऐसे मामलों में स्टांप ड्यूटी 6% के बजाय 7% देनी होगी, जिससे खरीदारों का खर्च और बढ़ेगा।


### वायु वेंटिलेशन प्रणाली का सुदृढ़ीकरण

**निविदा सूचना संख्या:** Dy.CEE/PS/MLG/HQ/58/25-26, **दिनांक:** 10-09-2025. निम्नवर्णित कार्य के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-निविदाएं आमंत्रित किया जाता है। **निविदा संख्या:** DYCEE-PS-MLG-HQ-58-25-26; **कार्य का नाम** : मालीगांव (एनएफआरएसए): इनडोर स्टेडियम में ताज़ी हवा के प्रवेश और आपातकालीन अग्नि निकास प्रणाली की व्यवस्था सहित वायु वेंटिलेशन प्रणाली का सुदृढ़ीकरण। **विज्ञापित मूल्य:** ₹.1,05,09,654/-; **अग्रिम राशि:** ₹.2,02,600/-; निविदा के **बंद** करने की तिथि और समय **03-10-2025** को **15:00** बजे। उपरोक्त ई-निविदा के निविदा दस्तावेजों के साथ पूरी जानकारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध होगी।

उप सीईई/पीएस/मालीगाँव/एचक्यू

पूर्वोत्तर सीमा रेल

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### पूर्व रेलवे

**ई-निविदा सं. : 127_2025-26, दिनांक: 17.09.2025,** वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (IV), पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा -711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **वरिष्ठ डीईएन/4/हावड़ा। कार्य का विवरण** : एईएन/रामपुरहाट के अधीन विभिन्न स्टेशनों पर पाँच वर्ष की अवधि के लिए टर्न-की आधार पर भारतीय मानक ब्यूरो के मापदंड के अनुसार क्लोरिनेशन प्लांट के उपयोग के साथ पेयजल के बैक्टीरियोलॉजिकल ट्रीटमेंट (जीवाणु उपचार) के लिए शेष कार्य। **अनुमानित मूल्य :** रु. 64,95,979.30, **बयाना राशि :** रु. 1,29,900/- **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु.)** : शून्य। **समापन अवधि** : स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से 60 (साठ) माह। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय** : दिनांक 09.10.2025 को 14.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। ई-निविदा प्रणाली के मामले में, बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा कागजात की लागत (टीडीसी) का भुगतान, केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से उपर्युक्त वेबसाइट के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। **टिप्पणी:** आईआरईपीएस (ई-निविदा पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में कोई फिक्सड डिपॉजिट रिसीट (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा।

HWH-298/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

### पूर्व रेलवे

**ई-नीलामी सूचना**

**सं. सीओएम-पीयूबी-ई-ऑक्शन-एसडीएएच** **दिनांक : 18.09.2025**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, कोलकाता-700014 द्वारा सियालदह मंडल की विभिन्न परिसंपत्तियों के माध्यम से विज्ञापन प्रदर्शन का अनुबंध प्रदान करने के लिए ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है जिसके लिए **www.ireps.gov.in** पर ई-ऑक्शन कैटलॉग सं. **एडीवीटी-एसडीएएच-09-25** प्रकाशित किया गया है। नीलामी कैटलॉग का विवरण निम्नानुसार है: **ई-ऑक्शन कैटलॉग सं.: एडीवीटी-एसडीएएच-09-25, नीलामी शुरू : 19.09.2025 को 12.00 बजे। क्रम सं., अनुक्रम सं., लॉट सं./कैटेगरी, विवरण, अनुबंध की अवधि** निम्नानुसार हैं: **(1) एए/1, एडीवीटी-लोको-एसडीएएच-एसडीएएच-50-25, (2) एए/2, एडीवीटी-लोको-एसडीएएच-एसडीएएच-51-25, (3) एए/3, एडीवीटी-लोको-एसडीएएच-एसडीएएच -52-25, (4) एए/4, एडीवीटी-लोको-एसडीएएच-एसडीएएच-53-25, (5) एए/5, एडीवीटी-लोको-एसडीएएच-एसडीएएच-54-25,** मुख्य रूप से सियालदह मंडल द्वारा व्यवस्थित इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव डब्ल्यूएपी-7 की बाहरी सतह पर ब्रांडिंग (पीयू पेंटिंग के माध्यम से) द्वारा वाणिज्यिक विज्ञापन प्रदर्शित करने के लिए विज्ञापन अधिकार जो उपर्युक्त **क्रम सं. 1 से 5** प्रत्येक के लिए है, 03 वर्ष जो कि उपर्युक्त **क्रम सं. 1 से 5** प्रत्येक के लिए है। **(6) एबी/1, एडीवीटी-आईएनटीईएक्सटी-एस1-12सी042501-25-1 (विज्ञापन-ट्रेन इंटीरियर और एक्सटीरियर),** सियालदह मंडल के तहत चलने वाले 12 कोचों के 01 (एक) ईएमयू रेक की बाहरी सतह में संपूर्ण बॉडी पर तथा कोचों के अंदर निर्दिष्ट स्थानों पर विनाइल स्टिकर (आरडीएसओ विनिर्देश के अनुसार ग्राफिक फिल्म) (आर-5) का उपयोग करते हुए विज्ञापन प्रदर्शित करना, 03 वर्ष। **(7) एबी/2, एडीवीटी-आईएनटीईएक्सटी-एस1-12सी042502-25-1 (विज्ञापन-ट्रेन इंटीरियर और एक्सटीरियर),** सियालदह मंडल के तहत चलने वाले 12 कोचों के 01 (एक) ईएमयू रेक की बाहरी सतह में संपूर्ण बॉडी पर तथा कोचों के अंदर निर्दिष्ट स्थानों पर विनाइल स्टिकर (आरडीएसओ विनिर्देश के अनुसार ग्राफिक फिल्म) (आर-7) का उपयोग करते हुए विज्ञापन प्रदर्शित करना, 03 वर्ष। **(8) एबी/3, एडीवीटी-आईएनटीईएक्सटी-एस1-12सी042503-25-1 (विज्ञापन-ट्रेन इंटीरियर और एक्सटीरियर),** सियालदह मंडल के तहत चलने वाले 12 कोचों के 01 (एक) ईएमयू रेक की बाहरी सतह में संपूर्ण बॉडी पर तथा कोचों के अंदर निर्दिष्ट स्थानों पर विनाइल स्टिकर (आरडीएसओ विनिर्देश के अनुसार ग्राफिक फिल्म) (आर-10) का उपयोग करते हुए विज्ञापन प्रदर्शित करना, 03 वर्ष। **(9) एबी/4, एडीवीटी-आईएनटीईएक्सटी-एस1-12सी042506-25-1 (विज्ञापन-ट्रेन इंटीरियर और एक्सटीरियर),** सियालदह मंडल के तहत चलने वाले 12 कोचों के 01 (एक) ईएमयू रेक की बाहरी सतह में संपूर्ण बॉडी पर तथा कोचों के अंदर निर्दिष्ट स्थानों पर विनाइल स्टिकर (आरडीएसओ विनिर्देश के अनुसार ग्राफिक फिल्म) (आर-6) का उपयोग करते हुए विज्ञापन प्रदर्शित करना, 03 वर्ष। **(10) एसी/1, एडीवीटी-एसडीएएच-एसडीएएच-ओएच-2-22-1,** सियालदह रेलवे स्टेशन (जोन-ए1) पर डिजिटल स्क्रीनों की आपूर्ति, स्थापना, संचालन और रखरखाव के माध्यम से 50:50 समय/स्थान साझा करने के आधार पर रेलवे से संबंधित सूचना के साथ वाणिज्यिक विज्ञापन का डिजिटल प्रदर्शन, 05 वर्ष। **(11) एसी/2, एडीवीटी-एसडीएएच-एसडीएएच-ओएच-3-22-1,** बिधाननगर रोड रेलवे स्टेशन पर डिजिटल स्क्रीनों की आपूर्ति, स्थापना, संचालन और रखरखाव के माध्यम से 50:50 समय/स्थान साझा करने के आधार पर रेलवे से संबंधित सूचना के साथ वाणिज्यिक विज्ञापन का डिजिटल प्रदर्शन, 05 वर्ष। **(12) एडी/1, एडीवीटी-एसडीएएच-केओएए-ओएच-14,** कोलकाता स्टेशन के बाहर जोन बी (सर्कुलेटिंग एरिया) में वाणिज्यिक प्रचार के लिए थोक अधिकार, 03 वर्ष। **(13) एडी/2, एडीवीटी-एसडीएएच-डीईबी-ओएच-12-22-1,** 01 (एक) क्लस्टर (एलसी-सी) में ग्रुप किए हुए 03 लेवल क्रॉसिंग गेटों के चिह्नित स्थानों पर विज्ञापन प्रदर्शित करने के लिए थोक अधिकार, 03 वर्ष। **(14) एडी/3, एडीवीटी-एसडीएएच-आरएचए-ओएच-10-22-1,** 01 (एक) क्लस्टर (एलसी-ए) में ग्रुप किए हुए 04 लेवल क्रॉसिंग गेटों के चिह्नित स्थानों पर विज्ञापन प्रदर्शित करने के लिए थोक अधिकार, 03 वर्ष। **(15) एडी/4, एडीवीटी-एसडीएएच-बीडीजेड-ओएच-11-22-1,** 01 (एक) क्लस्टर (एलसी-बी) में ग्रुप किए हुए 04 लेवल क्रॉसिंग गेटों के चिह्नित स्थानों पर विज्ञापन प्रदर्शित करने के लिए थोक अधिकार, 03 वर्ष। संभावित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे विस्तृत नियम व शर्तों के लिए **www.ireps.gov.in** का ई-ऑक्शन मॉड्यूल देखें।

SDAH-200/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @ easternrailwayheadquarter


## शिबानी धाम का पुनरुद्धार: बेहाला नूतन दल की दुर्गा पूजा में बंगाल का राजसी वैभव

❑ **संकल्पना : रोनो बंदोपाध्याय, अमर सरकार, संजय भट्टाचार्य**
❑ **मूर्ति : अरिघना साहा**
❑ **लाइटिंग : शांतनु दास**
❑ **पंडाल सजावट : स्वप्न पाल**
❑ **संगीत : अर्णब भट्टाचार्य**
❑ **साउंड : टिन टिन साउंड**

**अलोक प्रसाद**



**कोलकाता, समाज्ञा :** बेहाला नूतन दल दुर्गोत्सव समिति ने 2025 की दुर्गा पूजा के लिए अपनी थीम के रूप में प्राचीन शिबानी धाम को चुना है, जो बंगाल, बिहार और ओडिशा के संयुक्त क्षेत्र में पांच शताब्दी पूर्व अस्तित्व में आए संग्रामपुर राज्य की याद दिलाती है। यह थीम राजा राजकिशोर और उनके पुत्र राजा बिर सिंह की राजसी कहानी को जीवंत करती है, जहां मुगल संरक्षण और बुंदेलखंड की संपदा से निर्मित राजप्रासाद और शिबानी देवी का मंदिर केंद्र में है। 60वें वर्ष के इस उत्सव में पंडाल को शिबानी धाम के रूप में सजाया गया है, जो इतिहास, कला और भक्ति का अनूठा मिश्रण प्रस्तुत करेगा, दर्शकों को पांच सदियों पुरानी आध्यात्मिक यात्रा पर ले जाएगा।

❑ **थीम का ऐतिहासिक महत्व**

शिबानी धाम बंगाल के गौरवशाली इतिहास का प्रतीक है, जहां किरारानी वंश के दाऊद खान को हराने के बाद राजा राजकिशोर ने स्वतंत्र राज्य की स्थापना की और मुगल परिवार से मित्रता का लाभ उठाकर साम्राज्य विस्तार किया। उनके पुत्र राजा बिर सिंह ने राजप्रासाद का निर्माण पूरा किया, जिसमें रानी चंद्रबती के अनुरोध पर भगवान शिव की मूर्ति स्थापित की गई। राय कुमारी, एक प्रतिभाशाली कवयित्री और गायिका, की प्रेरणा से शिबानी देवी की मूर्ति स्थापित हुई, जो दिल्ली के मुगल दरबार तक प्रसिद्धि प्राप्त कर चुकी थी। यह थीम न केवल शिव भक्ति को दर्शाती है, बल्कि कला, संगीत और सांस्कृतिक समृद्धि का उत्सव भी मनाती है, जो दुर्गा पूजा के दौरान संगीत, प्रार्थना और भक्ति से गूंज उठता था।

❑ **थीम की रचनात्मक प्रस्तुति**

'शिबानी धाम' थीम को रोनो बंदोपाध्याय, अमर सरकार और संजय भट्टाचार्य द्वारा परिकल्पित किया गया है, जिसमें अरिघ्ना साहा द्वारा मूर्ति निर्माण, शांतनु दास द्वारा प्रकाश व्यवस्था, स्वप्न पाल द्वारा पंडाल सज्जा, अर्नब भट्टाचार्य द्वारा संगीत और टिन टिन साउंड द्वारा ध्वनि प्रभाव शामिल हैं। पंडाल राजप्रासाद की भव्यता को प्रतिबिंबित करेगा, जहां शिव और शिबानी देवी के मंदिरों का माहौल दर्शकों को राजसी वैभव और आध्यात्मिक शांति का अनुभव कराएगा। यह थीम इतिहास को आधुनिक उत्सव से जोड़ती है, जहां प्रत्येक तत्व-प्रकाश, संगीत और सज्जा-राय कुमारी की कविताओं और गीतों की तरह भावनाओं को जगाएगा।

❑ **थीम का उद्देश्य**

इस थीम का मुख्य उद्देश्य बंगाल के इतिहास, कला और भक्ति के सामंजस्य को पुनर्जीवित करना है, जो शिबानी धाम को केवल एक पूजा स्थल नहीं, बल्कि सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक बनाता है। समिति का मानना है कि राजा बिर सिंह और राय कुमारी की प्रेरणा से उत्पन्न दिव्य ऊर्जा आज भी हमें आशीर्वाद देगी। यह थीम दर्शकों को इतिहास की गहराई में डुबोकर सांस्कृतिक रचनात्मकता को प्रोत्साहित करेगी, ताकि बंगाल की समृद्ध विरासत नई पीढ़ी तक पहुंचे और दुर्गा पूजा को एक शाश्वत उत्सव का रूप दे।

❑ **दर्शकों के लिए निमंत्रण और प्रभाव**

बेहाला नूतन दल सभी भक्तों और इतिहास प्रेमियों को आमंत्रित करता है कि वे इस दुर्गा पूजा में शिबानी धाम थीम वाले पंडाल में आएं और राजसी इतिहास की यात्रा का आनंद लें। यह थीम न केवल 60वें वर्ष का उत्सव समृद्ध करेगी, बल्कि इतिहास, संस्कृति और सृजनशीलता के शाश्वत संघ को अनुभव करने का अवसर प्रदान करेगी, जो दर्शकों को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर देगी और बंगाल की विरासत को जीवंत रखेगी।

## चीनी मांझे से पूर्व सैनिक की मौत, बैरकपुर में प्रतिबंधित चीनी मांझे समेत 11 गिरफ्तार



**कोलकाता, समाज्ञा :** विश्वकर्मा पूजा के दिन पतंगबाजी के दौरान कल्याणी एक्सप्रेसवे पर खड़दह के निकट एक पूर्व सैनिक की चीनी मांझे की चपेट में आकर मौत हो गई। मांझे से गला कटने के बाद अत्यधिक रक्त बहने के कारण उनकी मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने उन्हें तुरंत बंदीपुर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद बैरकपुर पुलिस कमिश्नरेट ने कड़ा रुख अपनाते हुए बीती रात विभिन्न थाना क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाकर कुल 11 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपितों को विभिन्न थानों के सम्मिलित प्रयास के द्वारा विशेष अभियान चलाकर पकड़ा गया। इस अभियान में खड़दह थाना पुलिस ने पांच आरोपितों को पकड़ा। न्यू बैरकपुर थाना पुलिस ने चार लोगों को हिरासत में लिया, मोहनपुर थाना पुलिस ने दो को गिरफ्तार किया तथा टीटागढ़ थाना पुलिस ने एक आरोपित को पकड़ा। इन सभी के पास से भारी मात्रा में प्रतिबंधित चीनी मांझा और उससे जुड़ी सामग्री बरामद की गई। सभी आरोपितों को बैरकपुर अदालत में पेश किया जाएगा।

## मंत्री चंद्रनाथ सिन्हा की बढ़ी मुश्किलें! बैंक खाते में बड़े ट्रांजेक्शन का मिला सबूत

**कोलकाता, समाज्ञा**

शिक्षक नियुक्ति घोटाले में मंत्री चंद्रनाथ सिन्हा की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने उनकी और परिवार की बैंक खातों में हुई 12.73 करोड़ रुपये की कथित फर्जी लेन-देन का सुराग लगाया है। इस मामले में अब शनिवार को कोलकाता की विशेष पीएमएलए अदालत में सुनवाई होगी, जहां मंत्री को अपनी सफाई पेश करनी होगी। सूत्रों के अनुसार, अदालत में मिलने वाली सफाई के आधार पर ईडी मंत्री की हिरासत की मांग कर सकती है। जांच एजेंसी मुख्य रूप से दो अहम बिंदुओं पर जवाब चाहती है। पहला, इन बैंक खातों में बड़ी मात्रा में नकद के रूप में आए पैसों का स्रोत क्या था। दूसरा, यह लेन-देन मंत्री और उनके परिवार के आयकर विवरणी में क्यों नहीं दर्शाए गए। ईडी ने अदालत को बताया है कि पूछताछ के दौरान मंत्री इन दोनों सवालों का संतोषजनक उत्तर नहीं दे पाए। एजेंसी का दावा है कि 12.73 करोड़ रुपये के संदिग्ध लेन-देन का सीधा रिश्ता राज्य में प्राथमिक शिक्षकों की भर्ती में हुई अनियमितताओं से है। इस संबंध में, ईडी ने इस महीने की शुरुआत में अदालत में छठी पूरक चार्जशीट दाखिल की थी। इसमें खासतौर पर मंत्री और उनकी पत्नी कुंतला सिन्हा के संयुक्त खाते में जमा हुई भारी नकद राशि का उल्लेख किया गया है। आरोप है कि जनवरी 2016 से नवम्बर 2019 के बीच इस खाते में 1.18 करोड़ रुपये नकद के रूप में जमा किए गए। यही समय माना जा रहा है जब शिक्षक नियुक्ति घोटाले का जाल अपने चरम पर था।


ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव॥
www.samagya.in
समाज्ञा
NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION
- MATRIMONIAL
- EDUCATION
- OBITUARY
- PROPERTY
- NAME CHANGE
- REMEMBRANCE
- RECRUITMENT
- PUBLIC NOTICE
- DISPLAY

TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT
samagyaadvt@gmail.com | www samagya.in
81, Chintamani Dey Road, Howrah 711 101, Mobile: 70444 44522

# हाई कोर्ट के सख्त आदेश पर घर लौटी वृद्धा, बेटे ने संपत्ति लिखवाकर निकाला था घर से बाहर

**कोलकाता :** बेटे पर विश्वास कर संपत्ति उसके नाम कर दी थी, उम्मीद थी कि बुढ़ापे में वही सहारा बनेगा। लेकिन हालात बिल्कुल उलटे हो गए। मां को ही घर से बाहर निकाल दिया था बेटा। आखिरकार, हाईकोर्ट के सख्त हस्तक्षेप के बाद वृद्धा मां अपने ही घर वापस लौटीं। बुधवार को कलकत्ता हाईकोर्ट में हुई सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति अमृता सिन्हा ने इस घटना पर कड़ा असंतोष जताया। उन्होंने तुरंत पुलिस सुरक्षा में मां को उनके घर वापस भेजने का आदेश दिया। साथ ही बेटे को चेतावनी देते हुए कहा कि मां के खाने-पीने और दवाइयों में कोई कमी नहीं होनी चाहिए, अन्यथा पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी। यह मामला उत्तर 24 परगना के हालीशहर का है। जानकारी के अनुसार, 1996 में मुनावर अली अंसारी ने एक मकान खरीदा था। 2013 में उन्होंने वह मकान अपनी पत्नी आसमा बेगम के नाम कर दिया। 2014 में मुनावर की मौत के बाद आसमा ने घर अपने छोटे बेटे मगबुल अंसारी के नाम कर दिया, इस शर्त पर कि वह उनकी देखभाल करेगा। लेकिन समय के साथ बेटे का रवैया बदल गया। उसने मां की अनदेखी शुरू कर दी और आखिरकार उन्हें घर से निकाल दिया। घर में बेटे की ससुराल पक्ष के लोग रहने लगे। अपमानित आसमा बेगम को मजबूरी में अपने वकील के घर शरण लेनी पड़ी और बाद में उन्होंने अदालत का दरवाजा खटखटाया। सुनवाई में न्यायमूर्ति ने साफ कहा कि मां को तुरंत घर लौटाया जाए, बेटे की ससुराल पक्ष के लोगों को भी घर खाली करना होगा। अदालत ने पुलिस को नजर रखने का आदेश दिया है और बेटे को चेताया कि यदि मां की देखभाल नहीं की गई तो सख्त कानूनी कदम उठाए जाएंगे। इस मामले की अगली सुनवाई 23 सितंबर को होगी। तब तक बेटे के पास समय है कि वह अपनी जिम्मेदारी निभाए, वरना कोर्ट सख्त कार्रवाई करेगा।



# चिंगरीघाटा मेट्रो परियोजना की बाधाएं दूर, हाईकोर्ट में राज्य और मेट्रो ने सौंपी रिपोर्ट

**कोलकाता :** चिंगरीघाटा मेट्रो परियोजना को लेकर लंबे समय से चली आ रही समस्या का आखिरकार समाधान हो गया है। गुरुवार को राज्य सरकार और मेट्रो रेल प्राधिकरण ने संयुक्त रूप से कलकत्ता हाईकोर्ट में रिपोर्ट दाखिल कर बताया कि सभी विवाद सुलझा लिए गए हैं और अब मेट्रो का काम बिना किसी अड़चन के जारी रहेगा। न्यायमूर्ति सुजय पाल और न्यायमूर्ति स्मिता दास डे की डिवीजन बेंच को बताया गया कि अदालत के निर्देश पर 9 सितंबर को सभी संबंधित पक्षों की बैठक हुई थी। इस बैठक में मेट्रो, आरवीएनएल, परिवहन विभाग, पुलिस, कोलकाता नगर निगम और नगर विकास विभाग के प्रतिनिधि शामिल हुए थे। राज्य की ओर से एडवोकेट जनरल ने अदालत को सूचित किया कि बैठक में परियोजना से जुड़ी सभी समस्याओं का समाधान निकाल लिया गया है। हाईकोर्ट ने भी यह स्पष्ट किया कि भविष्य में अगर कोई समस्या उत्पन्न होती है, तो उसे अदालत के समक्ष लाया जा सकता है। इससे पहले अदालत ने सभी पक्षों को सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ बैठक कर एक सप्ताह के भीतर समाधान निकालने का निर्देश दिया था। अदालत ने बैठक की तारीख और स्थान भी तय किया था और कहा था कि 18 सितंबर को अगली सुनवाई से पहले रिपोर्ट दाखिल करनी होगी। अदालत को सौंपी गई रिपोर्ट के अनुसार, अब मेट्रो परियोजना का काम सुचारु रूप से आगे बढ़ेगा।



### भारत की एमएसएमई मीडिया एक्सपो नई दिल्ली 2025 में दिखाएगी इनोवेशन का जलवा

**नई दिल्ली/कोलकाता :** 20 साल से अधिक की विरासत के साथ मीडिया एक्सपो नई दिल्ली 2025 संस्करण 125 से ज्यादा प्रदर्शकों को शामिल करेगा, जिनमें 20 नए एक्जीबिटर्स भी शामिल हैं। इसमें 300 से ज्यादा प्रोडक्ट्स और 200 से अधिक ब्रांड्स को 12,000 वर्ग मीटर के क्षेत्र में पेश किया जाएगा। ए टी इंक्स, ब्रिटोमैटिक्स, कलरजेट, एप्सन, लिस्को, मिमाकी, मोनोटेक, मेहता कैड कैम, नेगी साइन और सत्यम प्लास्टिक जैसे प्रतिष्ठित ब्रांड्स इस एक्जीबिटर्स में शामिल होंगे। शो से पहले मेसे फ्रैंकफर्ट एशिया होल्डिंग्स लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक और बोर्ड सदस्य , राज मानेक ने कहा, भारत का डिजिटल आउट-ऑफ-होम और साइनेज सेक्टर एयरपोर्ट्स और मेट्रो से लेकर स्मार्ट रिटेल फॉर्मेट्स और लास्ट माइल डिलीवरी नेटवर्क तक बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर बदलावों से नया आकार ले रहा है।

## नियुक्ति भ्रष्टाचार मामला : अदालत में जिवनकृष्ण साहा से मिले विधायक हुमायूं कबीर

**कोलकाता :** शिक्षक नियुक्ति भ्रष्टाचार मामले में ईडी की गिरफ्त में जेल में बंद बड़ांगा के तृणमूल विधायक जिवनकृष्ण साहा ने गुरुवार को अदालत में पेशी दी। इस दौरान उनके साथ एक विशेष मुलाकात हुई। मुरशीदाबाद के भरतपुर से तृणमूल विधायक हुमायूं कबीर अदालत परिसर में पहुंचे और जिवनकृष्ण साहा से भेंट की। हुमायूं कबीर ने कहा कि यह मुलाकात पार्टी की ओर से नहीं, बल्कि व्यक्तिगत स्तर पर एक सौजन्य मुलाकात थी। सूत्रों के अनुसार, बातचीत के दौरान हुमायूं ने जेलबंदी सहकर्मी की सेहत और उनकी स्थिति के बारे में जानकारी ली। इसी दौरान अदालत में जिवनकृष्ण साहा की पत्नी और बेटे ने भी उनसे मुलाकात की। परिवार के साथ थोड़ी देर बातचीत करने का मौका भी उन्हें मिला। हालांकि दोनों विधायकों के बीच विस्तार से क्या बातचीत हुई, यह स्पष्ट नहीं हो सका, लेकिन माना जा रहा है कि सहकर्मी के स्वास्थ्य और जेल की परिस्थितियों को लेकर चर्चा हुई।



## नदिया में गृहिणी का एटीएम चुराकर लाखों रुपये की ठगी करने के आरोप में दो गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया जिले की हरिणघाटा थाने की पुलिस ने गृहिणी का एटीएम कार्ड चुराकर लाखों रुपये की ठगी करने के आरोप में अलग-अलग जिलों से 2 लोगों को गिरफ्तार किया है। घटना में इस्तेमाल की गई एक कार भी जब्त कर ली गई है। आरोपियों के नाम शुभम माल और सुबीर शेख हैं। शुभम दक्षिण 24 परगना के आमतला और सुबीर दक्षिण 24 परगना के रायदिघी का निवासी है। आरोपियों को बुधवार की सुबह उनके घरों से गिरफ्तार किया गया। उन्हें गुरुवार को कल्याणी उपजिला अदालत में पेश किया गया और 10 दिन की पुलिस हिरासत मांगी गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार, गत 13 सितंबर को हरिणघाटा नगरपालिका के वार्ड 2 में बंधना सरकार नाम की एक गृहिणी एटीएम से पैसे निकालने आई थी। पैसे निकालते समय उसे कुछ समस्याओं का सामना करना पड़ा। उस समय गिरफ्तार लोगों में से एक युवक मदद के लिए आगे आया। आरोप है कि मदद के नाम पर युवक ने महिला का एटीएम पिन पता कर लिया। आरोपियों ने विभिन्न बहानों से एटीएम कार्ड भी बदल दिया। गृहिणी को इस बात का पता ही नहीं चला। वह अपना काम निपटाकर घर लौट आई। अगले दिन, गृहिणी के फ़ोन पर कई बार उसके बैंक खाते से पैसे निकलने के मैसेज आने लगे। महिला का दावा है कि बैंक ने उसे फ़ोन करके पैसे निकलने की जानकारी दी। उसे पता चला कि उसके खाते से 1.37 लाख रुपये से ज़्यादा की रकम निकल चुकी है। वह तुरंत बैंक गई और अपना एटीएम कार्ड ब्लॉक कराया। इसके बाद, उसने हरिणघाटा थाने में शिकायत दर्ज कराई। जांच के बाद, पुलिस ने एटीएम का सीसीटीवी फुटेज इकट्ठा किया। उसके आधार पर, पुलिस ने दोनों आरोपियों को उनके घर से गिरफ़्तार कर लिया। पुलिस ने उनके ख़िलाफ़ विशिष्ट धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।



### नवरात्रि व्रत में स्वास्थ्यवर्धक विकल्प अपनाएँ

**कोलकाता, समाज्ञा :** नवरात्रि के दौरान उपवास केवल आध्यात्मिक साधना ही नहीं, बल्कि स्वास्थ्य के प्रति सजग होने का अवसर भी है। व्रत के दिनों में सही खानपान से आप ऊर्जा से भरपूर रहते हुए रोज़मर्रा के काम आसानी से कर सकते हैं। सामक चावल इस समय के लिए एक बेहतरीन विकल्प है। यह हल्का, कम कैलोरी वाला और विटामिन बी-कॉम्प्लेक्स से भरपूर अनाज है। लो-फैट होने के कारण यह व्रत के दौरान शरीर पर अतिरिक्त बोझ नहीं डालता। सामक से बने पुलाव, खीर या अन्य व्यंजन स्वाद के साथ स्वास्थ्य भी देते हैं। इस नवरात्रि अपनी थाली को पारंपरिक व्रत व्यंजनों के साथ सजग भोजन के संतुलन से भरें। सही विकल्प अपनाकर उपवास न केवल आस्था बल्कि शरीर की देखभाल और सेहतमंद आदतें बनाने का साधन बन सकता है। त्योहार के बाद भी ये आदतें अपनाकर आप लंबे समय तक लाभ उठा सकते हैं।

### अपने त्योहारी खर्चों को सुरक्षित रखें: धोखाधड़ी से सतर्क रहें

**कोलकाता, समाज्ञा :** त्योहारी मौसम में जहां आकर्षक डील्स और ऑफर मिलते हैं, वहीं फर्जी ऑफर और धोखाधड़ी भी तेजी से बढ़ती हैं। ऑनलाइन खरीदारी करने वालों को सावधान करते हुए अमेज़न ने ग्राहकों को सतर्क रहने और संदिग्ध लिंक या संदेशों पर तुरंत प्रतिक्रिया न देने की सलाह दी है। अमेज़न इंडिया ने भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (ख4सी) के साथ मिलकर जागरूकता अभियान शुरू किया है, ताकि लोग फर्जी ऑर्डर या खाता संबंधी संदेशों, फोन कॉल और लिंक से बच सकें। ग्राहकों को सलाह दी गई है कि वे केवल अमेज़न ऐप या आधिकारिक वेबसाइट के ज़रिए ही ऑर्डर और भुगतान की पुष्टि करें। अमेज़न ने बताया कि वह सुरक्षित ईमेल तकनीक, इंजीनियरों और मशीन लर्निंग के ज़रिए धोखेबाजों पर नकेल कसने में भारी निवेश कर रहा है।

## हावड़ा मंडल में 'स्वच्छता ही सेवा 2025' अभियान के तहत आयोजित हुए सफाई मित्र सुरक्षा शिविर

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल ने स्वच्छता ही सेवा 2025 अभियान के अंतर्गत गुरुवार को 'सफाई मित्र सुरक्षा शिविर' का आयोजन किया। इस पहल का उद्देश्य रेलवे परिसरों की स्वच्छता में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले स्वच्छता कर्मियों के स्वास्थ्य, सुरक्षा और कल्याण को सुदृढ़ करना था। मंडल के विभिन्न स्वास्थ्य इकाइयों - पाकुड़, हावड़ा, बंडेल, कटवा, आजिमगंज, बामनगाछी, वर्दवान और रामपुरहाट में स्वास्थ्य शिविर लगाए गए, जिनमें स्वच्छता कर्मियों को चिकित्सकीय परामर्श और स्वास्थ्य जांच की सुविधाएं प्रदान की गईं। इसके साथ ही स्वच्छता कर्मियों को सुरक्षा उपकरण भी वितरित किए गए। ये वितरण सीएचआई/बंडेल, वर्दवान स्टेशन, बंडेल स्टेशन, कटवा हेल्थ यूनिट, श्रीरामपुर स्टेशन, आजिमगंज हेल्थ यूनिट, वर्दवान कॉलोनी, रामपुरहाट हेल्थ यूनिट, हावड़ा (न्यू कॉम्प्लेक्स), पाकुड़ हेल्थ यूनिट और विशेष रूप से डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा पर किया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण हावड़ा मंडल रेल प्रबंधक द्वारा डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा में स्वच्छता कर्मियों को सुरक्षा उपकरण वितरण रहा। इस अवसर पर मंडल के वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित रहे।



## सदगुरु सेवा ट्रस्ट ने 200 जरुरतमंदों में किया भोजन वितरण



**हावड़ा, समाज्ञा :** सदगुरु सेवा ट्रस्ट द्वारा पिछले 12 सालों से चल रहे जरुरतमंद लोगों के भोज के आयोजन मे पितृपक्ष में चलाया गया अभियान साथी हाथ बढ़ाना के इस कड़ी में गुरुवार को सहयोगी के रूप में सदगुरु सेवा ट्रस्ट के नए साथी जितेंद्र कुमार मिश्रा ने अपने स्व. पिता राम चंद्र मिश्र के पुण्य आत्मा को शांति हेतु 200 से ज्यादा वृद्ध और लाचार लोगों के भोज के आयोजन में अपना सहयोग दिया। साथ ही, साबुन वितरण कर एक अनूठी पहल की।

## लिलुआ कैरिज एंड वैगन वर्कशॉप में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई विश्वकर्मा पूजा

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के कैरिज एंड वैगन वर्कशॉप, लिलुआ में विश्वकर्मा पूजा बड़े उत्साह और एकता के साथ मनाई गई। इस अवसर पर पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद देउस्कर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ प्रिंसिपल चीफ मैकेनिकल इंजीनियर परम आनंद शर्मा, प्रिंसिपल चीफ कमर्शियल मैनेजर उदय शंकर झा, चीफ वर्कशॉप इंजीनियर महेश कुमार और जीएम सचिव नीलोत्पल दे भी शामिल हुए। सभी गणमान्य अतिथियों का स्वागत चीफ वर्कशॉप मैनेजर यतीश कुमार ने किया। इस बार भी वर्कशॉप के सभी कर्मचारियों ने मिलकर श्रद्धान के माध्यम से एक भव्य विश्वकर्मा पंडाल तैयार किया, जो सामूहिकता और टीमवर्क की मिसाल रहा। कार्यक्रम की विशेष आकर्षण स्क्रैप आर्ट प्रतियोगिता रही, जिसमें रखरखाव गतिविधियों से बचे अवशेषों का उपयोग कर कर्मचारियों ने 14 अभिनव मॉडल प्रस्तुत किए। अधिकारियों द्वारा मूल्यांकन के बाद विजेताओं को मुख्य कार्यशाला प्रबंधक द्वारा सम्मानित किया गया। अंततः महाप्रबंधक मिलिंद देउस्कर ने वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए और उनकी रचनात्मकता की सराहना की। लिलुआ वर्कशॉप में आयोजित यह केंद्रीकृत विश्वकर्मा पूजा न केवल सांस्कृतिक और धार्मिक परंपराओं को सशक्त बनाती है, बल्कि नवाचार, स्थिरता, टीमवर्क और सामंजस्य की भावना को भी प्रबल करती है।



### मिंत्रा और सौरव गांगुली ने लॉन्च किया एथनिक वियर ब्रांड 'सौराग्या'

**कोलकाता, समाज्ञा :** मिंत्रा की बी2बी होलसेल इकाई मिंत्रा जबोंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एमजेआईपीएल) ने पूर्व क्रिकेट कप्तान सौरव गांगुली के साथ साझेदारी कर नया एथनिक वियर ब्रांड 'सौराग्या' पेश किया। यह कलेक्शन दुर्गा पूजा से ठीक पहले लॉन्च किया गया है और इसमें भारतीय परंपरा व आधुनिकता का अनूठा मेल देखने को मिलेगा। 'सौराग्या' कलेक्शन में लगभग 100 प्रीमियम स्टाइल शामिल हैं, जिनमें कांथा एम्ब्रॉयडरी, तंत और जमदानी बुनाई, तथा बाटिक प्रिंटिंग जैसी पारंपरिक कारीगरी को आधुनिक डिजाइन के साथ जोड़ा गया है। परिधानों में मयूरपंख धोती, कुर्ता, गमछा, शेरवानी, चूड़ीदार और सलवार-कुर्ता सेट प्रमुख हैं। लॉन्च पर गांगुली ने कहा कि सौराग्या उनकी संस्कृति से जुड़ाव का प्रतीक है और इसका उद्देश्य परंपरा को युवाओं तक आधुनिक रूप में पहुंचाना है। वहीं, एमजेआईपीएल की सीएक्सओ सुमन सक्सेना ने इसे फैशन प्रेमियों के लिए त्योहारों के उपयुक्त विकल्प बताया।

## बी.आर. सिंह अस्पताल को आईआरएफसी से 2.64 करोड़ रुपये का सीएसआर सहयोग



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के बी.आर. सिंह अस्पताल को आईआरएफसी फाउंडेशन की कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) पहल के तहत 2.64 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। यह सहयोग अस्पताल की क्रिटिकल केयर, कार्डियक आईसीयू और ईएनटी सर्जरी सुविधाओं को सुदृढ़ करेगा, जिससे पूर्वी रेलवे के लाभार्थियों को उन्नत स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी। इस अवसर पर बी.आर. सिंह अस्पताल सभागार में गुरुवार को एक समझौता ज्ञापन (एमओए) पर हस्ताक्षर किए गए। इसमें बी.आर. सिंह अस्पताल के मेडिकल डायरेक्टर और आईआरएफसी के अधिकारियों ने भाग लिया। पूर्व रेलवे ने इस महत्व-पूर्ण योगदान के लिए आईआरएफसी का आभार व्यक्त किया है और कहा कि यह सहयोग कर्मचारियों एवं उनके परिजनों के लिए बेहतर चिकित्सा सुविधाएं सुनिश्चित करने की दिशा में अहम कदम साबित होगा।

## राष्ट्रीय संगोष्ठी में नई शिक्षा नीति में बहुभाषिकता और हिंदी की भूमिका पर हुआ विमर्श

**कोलकाता, समाज्ञा :** हिंदी पखवाड़ा के अंतर्गत समर्पण ट्रस्ट, कोलकाता द्वारा आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी का जो आईसीसीआर सभागार, कोलकाता में संपन्न हुआ। संगोष्ठी का विषय था राष्ट्रीय शिक्षा नीति में बहुभाषिकता और हिंदी: संभावनाएं व कार्यान्वयन। कार्यक्रम की प्रधान वक्ता बाबा साहेब अंबेडकर शिक्षा विश्वविद्यालय, पश्चिम बंगाल की कुलपति, प्रो. सोमा बंद्योपाध्याय थीं। इस भव्य संगोष्ठी में जहां एक ओर शिक्षा, भाषा और संस्कृति पर गहन विमर्श हुआ, वहीं दूसरी ओर समाज को दिशा देने वाले दो विशिष्ट व्यक्तित्वों कोसमर्पण ट्रस्ट सम्मान - 2025से अलंकृत किया गया। समर्पण साहित्य सेवा सम्मान - 2025 से प्रो. राममोहन पाठक एवं हेरिटेज ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशन्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रदीप कुमार अग्रवाल को विभूषित किया गया। संगोष्ठी में प्रमुख रूप से विचार व्यक्त करने वालों में वरिष्ठ पत्रकार व राजनीतिक विश्लेषक प्रकाश चाण्डालिया ने कहा कि हिंदी को किसी वैशाखी की जरूरत नहीं, वह स्वयं में सक्षम भाषा है। ट्रस्ट के महासचिव प्रदीप ढेडिया ने बताया कि इस संगोष्ठी के माध्यम से न केवल भाषा विमर्श को सशक्त किया गया है, बल्कि कोलकाता के स्कूलों के विद्यार्थियों के लिए भविष्य में विशेष भाषा कार्यशालाओं का आयोजन करने की योजना भी बनाई गई है। कार्यक्रम का कुशल संचालनमहावीर प्रसाद रावत ने किया। कार्यक्रम का प्रबंधन आनंद इवेंट्स द्वारा किया गया। संगोष्ठी में राजेन्द्र खण्डेलवाल (कौन्सुल नाइजर), काशी खण्डेलवाल, अक्षय बिन्जराजका, सुशील चौधरी, जगदीश प्रसाद दुधवेवाला, प्रदीप मस्करा, पुरुषोत्तम तिवारी, योगेन्द्र जैन, अभिषेक डोकानिया, सोमनाथ अड़ूकिया, पंकज भालोटिया, गणेश अग्रवाल, संजय रूंगटा, मनीष बजाज, राकेश मिश्रा, अमन ढेडिया, संजय जैन, सावित्री रावत, समेत कई विशिष्ट व्यक्ति उपस्थित थे।




### बोल्ड आउटडोर विजन के साथ ओएम सिस्टम ने भारत में दो नए इमेजिंग प्रोडक्ट्स लॉन्च किए

**कोलकाता :** इमेजिंग टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर अग्रणी और ओलिंपस की 85 साल की विरासत पर गठितओएम सिस्टम ने आज भारत में अपने दो प्रोडक्ट्स लॉन्च करने का एलान किया। वाइल्डलाइफ, मैक्रो, बर्डिंग, लैंडस्केप, ट्रैवल और स्ट्रीट एंड अर्बन फोटोग्राफी के लिए डिजाइन किए गए दोनों प्रोडक्ट ओएम-5 मार्क खख इंटरचेंजेबल लेंस कैमरा और एम. जुइको डिजिटल ईडी 50-200 एमएम एफ2.8 आई प्रो लेंस हैं। भारत के प्रति ओएम सिस्टम की प्रतिबद्धता को मजबूती देते हुए ओएम डिजिटल सॉल्यूशंस कॉरपोरेशन के सीईओ शिगेमी सुगीमोतो ने कहा, भारत के लिए हमारा विजन एक मजबूत इकोसिस्टम पर आधारित है। ऐसा इकोसिस्टमजो अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी के साथ फोटोग्राफर्स को सशक्त करे, क्रिएटिविटी को बढ़ावा दे और हमारे चैनल एवं डीलर पार्टनर्स को लंबी अवधि में सफलता की राह पर ले जाए।

### एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने लॉन्च किया एयू कोस्मो क्रेडिट कार्ड

**कोलकाता :** एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक (एयू एसएफबी) ने अग्रणी 'क्रेडिट ऑन यूपीआई' प्लेटफ़ॉर्म कीवी के साथ रणनीतिक साझेदारी की है और एयू कोस्मो क्रेडिट कार्ड लॉन्च किया है। यह कार्ड रुपे नेटवर्क पर आधारित है और पूरी तरह डिजिटल ऑनबोर्डिंग, सहज यूपीआई इंटिग्रेशन तथा यूपीआई ट्रांजैक्शन पर आकर्षक रिवॉर्ड्स जैसी सुविधाएँ प्रदान करता है। यह एयू एसएफबी और कीवी की समावेशी और टेक-प्रेरित बैंकिंग की साझा दृष्टि को दर्शाता है। एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के एग्ज़ीक्यूटिव डायरेक्टर और डिप्टी सीईओ उत्तम टिबरेवाल ने कहा: नई पीढ़ी के ग्राहक बैंकिंग को सिर्फ एक वित्तीय सेवा नहीं बल्कि अपनी जीवनशैली का अभिन्न हिस्सा मानते हैं। एनपीसीआई का यूपीआई प्लेटफ़ॉर्म डिजिटल भुगतान को तेज़, सुरक्षित और सुलभ बनाकर वैश्विक मानक स्थापित कर चुका है।

## जीतो कोलकाता का 21 सितंबर को भव्य सामूहिक क्षमोत्सव समारोह

**कोलकाता, समाज्ञा :** जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गनाइजेशन (जीतो) कोलकाता के तत्वावधान में आगामी 21 सितंबर 2025 (रविवार) को भव्य सामूहिक क्षमोत्सव समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन प्रातः 9:00 बजे से आरंभ होगा, जिसमें सकल जैन समाज की व्यापक उपस्थिति रहने की संभावना है। इस अवसर पर समाज को परम सौभाग्य प्राप्त होगा कि आयोजन में परम पूज्य आचार्य 108 श्री प्रमुख सागर जी महामुनिराज ससंघ तथा परम पूज्य गणनी आर्यिका 105 श्री सुयोग्यनन्दिनी माताजी ससंघ का मंगलमय सानिध्य उपलब्ध होगा। इसी श्रृंखला में जीतो कोलकाता के चेयरमेन धर्मेंद्र जैन, वाइस चेयरमेन निर्मल बिन्दायका, सुनील पहाड़ीया एवं अनिता गंगवाल निरंजन बाकलीवाल ने श्री दिगंबर जैन मंदिर, रिसड़ा में समाजजनों से भेंट कर सभी को इस समारोह में सहभागी बनने हेतु विनम्र निवेदन किया। सामूहिक क्षमोत्सव का यह आयोजन जैन समाज में आत्मशुद्धि, मैत्रीभाव और आपसी सौहार्द को सुदृढ़ करने का अनुपम अवसर प्रदान करेगा। यह जानकारी दिनेश जैन गंगवाल द्वारा दी गई है।



## चिरेका में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई विश्वकर्मा पूजा



**चित्तरंजन :** चित्तरंजन रेल इंजन कारखाना (चिरेका) में 17 सितंबर को भगवान विश्वकर्मा जी की पूजा आस्था और उत्साह के साथ आयोजित की गई। चिरेका स्थित विभिन्न शॉप्स और कार्यालयों जैसे वाटर सप्लाई ऑफिस, कॉलोनी-1, सेंट्रल पावर हाउस, टीएम शॉप, लोको असेंबली, शेल शॉप, व्हील शॉप, कॉलोनी-2, अम्लादही इलेक्ट्रिक कार्यालय और पीसीई ऑफिस में विशेष पूजा-अर्चना और पंडाल सजावट की गई। इस अवसर पर चिरेका के महाप्रबंधक विजय कुमार और महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षश किरण बधान ने संगठन की सदस्याओं व वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विभिन्न पूजा स्थलों का भ्रमण कर भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा का दर्शन किया तथा श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दीं। महाप्रबंधक एवं अध्यक्षा ने पूजा पंडालों की आकर्षक सजावट की सराहना भी की। कार्यक्रम में सभी विभागों के प्रधान, वरिष्ठ अधिकारी और बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सिटिजेन्स फोरम सार्वजनिन दुर्गोत्सव (फूलबागान) 2025 : महिला संचालित पहली पूजा

**कोलकाता, समाज्ञा :** सिटिज़ेन्स फोरम ने इस वर्ष महिला-शक्ति के जागरण के समर्थन में एक ऐतिहासिक निर्णय लिया है- फूलबागान स्थित सार्वजनिन दुर्गोत्सव 2025 का आयोजन पूरी तरह से महिला संचालित पूजा समिति द्वारा किया जाएगा। क्षेत्र की महिलाओं का उत्साह उल्लेखनीय रहा, जहां 18 वर्ष से लेकर 80 वर्ष तक की महिलाएं एकजुट होकर इस समिति में शामिल हुई हैं। समिति ने अपने प्रथम कार्यक्रम के रूप में पितृपक्ष की विशेष तिथि को सामने रखते हुए पूजा संपन्न की। इसी अवसर पर लायंस क्लब के सहयोग से विशेष रक्तदान शिविर आयोजित किया गया, जिसमें 46 से अधिक रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। समिति की महिला सदस्यों का उत्साह इस अवसर पर विशेष रूप से सराहनीय रहा। इस अवसर पर महिला पूजा समिति ने महिला शक्ति सम्मान से पूर्व राष्ट्रीय महिला फुटबॉल टीम की कप्तान रहीं कुंतला घोष दस्तिदार तथा इंडियन फुटबॉल एसोसिएशन की सह-सचिव एवं देश की पहली महिला मैच कमिश्नर सुदेष्णा मुखर्जी को सम्मानित किया। इसके साथ ही क्षेत्र की 14 माताओं को मातृत्व सम्मान प्रदान किया गया। समारोह में कोलकाता के महापौर फिरहाद हकीम, विधायक सुप्रती पांडे, विधायक विवेक गुप्ता, मेयर-इन-काउंसिल सदस्य असीम बोस (बाबाई), बोरो चेयरमैन अनिंद्य किशोर राउत, इंडियन फुटबॉल एसोसिएशन के चेयरमैन सुब्रत दत्ता, तथा कोलकाता प्रेस क्लब के अध्यक्ष स्नेहाशीस सुर उपस्थित रहे।



# बारिश ने खोली निकासी व्यवस्था की पोल

❑ **जलमग्न हुआ सोसाइटी मैदान इलाका**
❑ **पालिका चेयरमैन ने दिया अतिशीघ्र समस्या के समाधान का आश्वासन**

**हुगली, समाज्ञा :** श्रीरामपुर नगर पालिका क्षेत्र के कब्रिस्तान से सटे सोसाइटी मैदान इलाका एक दिन की बारिश के बाद ही तालाब में तब्दील हो गया। सड़कों पर पानी लबालब भर गया और बारिश का पानी कई घरों के अंदर घुस गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि जलभराव के कारण आम जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो रहा है और विषैले जीव-जंतुओं का भय लगातार उन्हें सता रहा है।



निवासियों का आरोप है कि महज एक घंटे की बारिश के बाद ही इलाके में तीन से चार दिनों तक जलजमाव बना रहता है। इसके अलावा सड़कों की बदहाली के कारण बरसात के दौरान आए दिन हादसे होते हैं, जिससे लोगों की जान पर भी खतरा मंडराता है।

स्थानीय निवासी अजय दास ने बताया कि इलाके में निकासी की समस्या वर्षों से बनी हुई है। नालियों की नियमित सफाई नहीं होती और न ही डीप क्लीनिंग की जाती है। छोटी नालियों से होकर पानी मैनहोल तक पहुंचता है, लेकिन अधिकांश मैनहोल वर्षों से जाम पड़े हैं। परिणामस्वरूप बारिश का पानी सड़कों और घरों में घुस जाता है।

निवासियों ने नगर पालिका से तुरंत ध्यान देने और स्थायी समाधान निकालने की अपील की है। उनका कहना है कि पश्चिम बंगाल का सबसे बड़ा त्योहार दुर्गा पूजा अब नज़दीक है। अगर तब तक जलभराव की समस्या बनी रहती है, तो लोगों के लिए पूजा का आनंद लेना नामुमकिन हो जाएगा।

लोगों की मांग है कि नगर पालिका जल्द से जल्द नालियों की सफाई और निकासी की ठोस व्यवस्था करे ताकि त्योहार के समय जलजमाव से राहत मिल सके।

❑ **श्रीरामपुर नगर पालिका चेयरमैन का आश्वासन**

श्रीरामपुर नगर पालिका के चेयरमैन गिरधारी साहा ने कहा कि नगरवासियों की हर समस्या, नगर पालिका की समस्या है और उसका जल्द समाधान किया जाएगा।

सोसाइटी मैदान में जलजमाव की गंभीर स्थिति पर उन्होंने बताया कि यह क्षेत्र लो-लैंड में आता है, जिसकी वजह से समस्या बार-बार उत्पन्न होती है। नगर पालिका इस मुद्दे को लेकर पूरी तरह से सक्रिय है। सड़क मरम्मत और पानी निकासी का कार्य युद्ध स्तर पर शुरू कर दिया जाएगा।

उन्होंने भरोसा दिलाया कि दुर्गा पूजा से पहले सभी समस्याओं का समाधान कर दिया जाएगा, ताकि लोग उत्साह और आनंद के माहौल में पूजा मना सकें।

# नवग्राम कृष्णदास पाल विद्यालय में विधवा पेंशन निरीक्षण कैंप

**हुगली, समाज्ञा :** श्रीरामपुर के नौगांव मोड़ स्थित जीटी रोड पर नवग्राम कृष्णदास पाल पौर प्राथमिक विद्यालय में इंदिरा गांधी विधवा पेंशन निरीक्षण कैंप का आयोजन किया गया। स्टेट अर्बन डेवलपमेंट एजेंसी (सुड़ा) की ओर से आयोजित इस लाइफ कैंप में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना के लाभार्थियों का सत्यापन किया गया। कैंप में करीब 350 वृद्धा और वृद्धजन अपने आधार कार्ड और बैंक पासबुक लेकर पहुंचे। लाभार्थियों की पहचान सुनिश्चित करने के लिए आधार ओटीपी वेरिफिकेशन और आंखों की पुतली (आइरिस) स्कैन की प्रक्रिया पूरी की गई।



बैद्यवाटी नगर पालिका के वार्ड संख्या 1 के पार्षद अमृत घोष ने बताया कि इस निरीक्षण कैंप का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि केवल योग्य लाभार्थियों को ही पेंशन की राशि प्राप्त हो। योग्य पाए गए लाभार्थियों के खातों में पेंशन की राशि सीधे जमा की जाएगी।

कैंप में कई वृद्धजन और दिव्यांगजन भी पहुंचे। मौके पर पार्षद अमृत घोष स्वयं उपस्थित रहे और बुजुर्गों को प्रक्रिया पूरी करने में मदद करते नजर आए।

## फिजिक्सवाला ने हावड़ा में जेईई और एनईईटी काउंसलिंग के लिए पीडब्ल्यू इन्फ़ो सेंटर शुरू किया

**हावड़ा :** फिजिक्सवाला (पीडब्ल्यू) ने हावड़ा में एक नया पीडब्ल्यू इन्फ़ो सेंटर शुरू किया है। इसके साथ ही, पीडब्ल्यू निकट भविष्य में इसी क्षेत्र में एक टेक-इनेबल्ड ऑफ़लाइन विद्यापीठ सेंटर भी स्थापित करने की योजना बना रहा है। इस पहल से पीडब्ल्यू को पश्चिम बंगाल में अपनी उपस्थिति और मजबूत करने में मदद मिलेगी। नया इन्फ़ो सेंटर लिलुआह, हावड़ा में स्थित है और सप्ताह के सातों दिन सुबह 9 बजे से शाम 7 बजे तक खुला रहेगा। छात्र यहाँ जेईई और एनईईटी जैसी परीक्षाओं की काउंसलिंग प्राप्त कर सकते हैं। फिज़िक्सवाला (पीडब्ल्यू ) के सीईओ – विद्यापीठ ऑफ़लाइन, अंकित गुप्ता ने कहा: हावड़ा में पीडब्ल्यू इन्फ़ो सेंटर की शुरुआत हमारे उस प्रयास का हिस्सा है, जिसके तहत हम इस क्षेत्र के छात्रों को काउंसलिंग और शैक्षणिक मार्गदर्शन तक आसान पहुँच उपलब्ध कराना चाहते हैं।

## नारायणपुर में नकली नोटों के साथ दो लोग गिरफ्तार



**कोलकाता, समाज्ञा :** नारायणपुर थाना इलाके में नकली नोटों के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने गिरफ्तार लोगों को गुरुवार को बैरकपुर कोर्ट में पेश करने और उन्हें अपनी हिरासत में लेने का अनुरोध किया है। पता चला है कि पुलिस ने नारायणपुर थाना इलाके के एक क्लब ग्राउंड में छापेमारी की। उस समय दोनों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के नाम उल्टाडांगा निवासी भोला अली और दक्षिण नारायणपुर निवासी रिजवी अहमद है। पता चला है कि पुलिस ने पहले भोला अली के पास से 500 रुपये के छह नोट बरामद किए। फिर, रिजवी अहमद का नाम सामने आया जब उसे गिरफ्तार किया गया। फिर, रिजवी अहमद के घर की तलाशी के दौरान, पांच और 500 रुपये के नोट बरामद किए गए। मूल रूप से, उनके पास इतने सारे नकली नोट कहां से आए? पुलिस उस मामले की जांच कर रहा है।

## बादुरिया में गृहिणी की हत्या का आरोप, पुलिस आरोपी पति की तलाश में जुटी

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिला के बादुरिया थाना अंतर्गत हुगली गांव में एक गृहिणी की पिटाई कर उसके चेहरे पर जहरीला तेल डालकर उसकी हत्या कर दी गई। मृतका की पहचान मेघना खातून के रूप में की गई है। मेघना के पिता ने आरोप लगाया कि उनकी बेटी की अपने पति मोनिरुल साहजी से कुछ समय से नहीं बन रही थी। उसका दामाद अवैध संबंध में शामिल था। उन्होंने आरोप लगाया कि मोनिरुल ने मेघना की पिटाई की और विरोध करने पर उसके चेहरे पर जहरीला तेल डालकर उसकी हत्या कर दी। पुलिस और स्थानीय सूत्रों के अनुसार, बुधवार की देर रात मोनिरुल के परिवार ने मेघना के पिता के घर फोन करके बताया कि उनकी बेटी ने आत्महत्या कर ली है। खबर मिलने पर वे स्वरूपनगर के सुधानगंज इलाके में गए और उसे एक ग्रामीण चिकित्सक के घर के सामने मृत पाया। उस समय, मेघना के ससुराल वालों को घटनास्थल पर न पाकर उसके परिवार के सदस्य भड़क गए। उन्होंने पुलिस को सूचना दी। खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बरामद किया। शव को पोस्टमार्टम के लिए बशीरहाट जिला अस्पताल के मुर्दाघर भेज दिया गया है। पुलिस ने मृतका के पिता की शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद से आरोपी मोनिरुल साहजी फरार है। मेघना के पिता के घर के लोगों ने आरोपी मोनिरुल के लिए कड़ी सजा की मांग की है।

## घोला में युवक पर पूर्व ससुर की हत्या का आरोप, पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिले के घोला में एक युवक पर अपने पूर्व ससुर की हत्या करने का आरोप लगा है। पुलिस ने शव को पहले ही बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आरोपी की तलाश शुरू कर दी गई है। लेकिन यह हत्या क्यों हुई? पृष्ठभूमि में तलाक को लेकर अशांति की बात सामने आ रही है। मृतक की पहचान रंजीत के रूप में की गई है। वह उत्तर 24 परगना के घोला लेनिनग्राद इलाके का निवासी था। बताया गया है कि वृद्ध की बेटी की शादी मध्यमग्राम के निवासी दीपांकर से हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही युवती को उसके पति और ससुराल वाले प्रताड़ित करते थे। एक समय पर गृहिणी ने तलाक लेने का फैसला कर लिया। तलाक भी हो गया। युवती अपने पिता के घर लौट आई। आरोप है कि तब से दीपांकर अक्सर उसके ससुराल में दिखाई देता था। वह वहां अशांति पैदा करता था। पता चला है कि बुधवार की देर रात दीपांकर घोला गया था। जैसे ही वह अपने पूर्व ससुर को अपनी पहुंच में पाया, वह धारदार हथियार लेकर झपट पड़ा। उसने उन पर अंधाधुंध वार करना शुरू कर दिया। वृद्ध लहूलुहान होकर गिर पड़ा। स्थानीय लोगों को घटना की जानकारी हुई तो आरोपी भाग गया। इस बीच, रंजीत को लहूलुहान हालत में अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। न्यू बैरकपुर थाने की पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है।

## हाई कोर्ट का निर्देश, कुर्मी आंदोलन रोकने के लिए 2023 के आदेश का पालन करे सरकार



**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने गुरुवार को पश्चिम बंगाल सरकार और भारतीय रेलवे को स्पष्ट निर्देश दिया कि 20 सितम्बर को कुर्मी समुदाय द्वारा घोषित रेल अवरोध आंदोलन को नियंत्रित किया जाए, ताकि आम जनता का जीवन प्रभावित न हो। अदालत ने कहा कि इस संबंध में 2023 में दिए गए निर्देशों का पालन इस बार भी किया जाए। गौरतलब है कि आदिवासी कुर्मी समाज ने अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा देने की मांग को लेकर पश्चिम बंगाल, झारखंड और ओडिशा के आदिवासी बहुल इलाकों में एक साथ रेल अवरोध करने का आह्वान किया है। इस प्रस्तावित आंदोलन के खिलाफ एक जनहित याचिका दायर की गई थी, जिसमें आशंका जताई गई कि इससे राज्य और रेलवे को भारी वित्तीय नुकसान होगा। इस दिन, न्यायमूर्ति सुजॉय पॉल और न्यायमूर्ति स्मिता दास दे की खंडपीठ ने मामले की सुनवाई की। अदालत ने कहा कि 2022 और 2023 में भी इसी मांग को लेकर रेल अवरोध किए गए थे, जिनसे बड़ी क्षति हुई थी। 2023 में, उच्च न्यायालय की एक अन्य खंडपीठ ने रेल अवरोध को नियंत्रित करने के लिए स्पष्ट दिशानिर्देश दिए थे। इसलिए इस बार भी उन्हीं आदेशों के अनुरूप कदम उठाए जाने चाहिए।

# दपूरे ने सेंट्रल अस्पताल, गार्डनरीच से किया स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ

**कोलकाता, समाज्ञा**

दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ 17 सितंबर को सेंट्रल अस्पताल ऑडिटोरियम, गार्डनरीच में किया गया। इसका उद्घाटन महाप्रबंधक द्वारा किया गया। इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक, प्रधान मुख्य चिकित्सा निदेशक तथा विभिन्न विभागों के प्रधान प्रमुख उपस्थित थे। यह अभियान महिलाओं को निवारक, प्रोत्साहक और उपचारात्मक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने पर केंद्रित है। इसके तहत गैर संक्रामक रोग, एनीमिया, टीबी और सिकल सेल रोग की प्रारंभिक पहचान और उपचार तंत्र को मजबूत करने के साथ ही गर्भावस्था, बच्चों और किशोरों के स्वास्थ्य को बढ़ावा दिया जाएगा।



अभियान के दौरान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर, महिला स्वच्छता कर्मियों और कामकाजी महिलाओं के स्वास्थ्य जांच, कैंसर व टीबी स्क्रीनिंग, किशोर स्वास्थ्य पर जागरूकता कार्यक्रम, मासिक धर्म स्वच्छता व पोषण पर परामर्श, स्तन व गर्भाशय ग्रीवा कैंसर पर जागरूकता कार्यक्रम तथा आदिवासी क्षेत्रों में सिकल सेल स्क्रीनिंग शिविर आयोजित किए जाएंगे।

# पुलिस की तत्परता से परिवार को मिला बिछड़ा बेटा




**हुगली, समाज्ञा :** पुलिस हमेशा जनता के सुख-दुख में पास खड़ी रहती है। कई बार गुमशुदा लोग पुलिस की मदद से अपने घर-परिवार तक पहुंच पाते हैं। ऐसा ही एक मामला सामने आया हरिपाल थाने से। जानकारी के मुताबिक,हरिपाल थाना की पुलिस को नालिकुल बटतला इलाके में एक युवक मिला, जिसकी मानसिक स्थिति संतुलित नहीं थी और वह अपना परिचय देने में असमर्थ था। उसकी जेब से एक फोन नंबर मिलने पर पुलिस ने परिवार से संपर्क किया। परिवार से जुड़ने पर पता चला कि युवक का नाम रुद्रनाथ साव (24 वर्ष) है, जो मूल रूप से नई दिल्ली का निवासी है। उसके पिता का नाम आनंद साव है। वह 1 सितंबर 2025 से लापता था। रुद्रनाथ एक मेधावी छात्र हैं और उसे नासा में अवसर भी प्राप्त हुआ है। पुलिस की तत्परता से उसे सकुशल परिजनों के हवाले किया गया।

# कीर्तन करने से मन होता है कोमल : श्रीकांत शर्मा 'बाल व्यास'

**कोलकाता, समाज्ञा :** जो अपने इन्द्रियों को सांसरिक भोगों में लगाते हैं, उसे भोग नचाते हैं और जो इन्द्रियों को भगवान श्रीकृष्ण में लगाते हैं, उसके इन्द्रियों को श्रीकृष्ण नचाते हैं। ऐसे व्यक्ति पुण्य कर्म करता है। पुण्य कर्म करने से मन मक्खन जैसा कोमल होता है। जो पाप कर्म करता है उसका मन कठोर हो जाता है। जिसको झुकना आ गया समझो उसे भगवान मिल गए। झुकने से अहंकार झुक जाता है। जो नहीं झुकेगा उसका अहंकार नहीं मिटेगा। बिना अहंकार मिटे भगवान हृदय में विराजमान नहीं होते। मैं-मैं शब्द अहंकार का प्रतीक है। इसलिए मैं-मैं बोलने से बचो। बोलना है तो भगवान का नाम बोलो और कीर्तन करो। कीर्तन करने से श्रीकृष्ण मन और नयन चुरा लेते हैं। भगवान का अवतार और लीला नित्य होता है। भगवान श्रीकृष्ण की प्रत्येक लीलाएं मंगलकारी है। गोर्वद्धन लीला प्रकृति की पूजा। भगवान श्रीकृष्ण ने गोर्वद्धन पर्वत को उठाकर इन्द्र का अभिमान तोड़ा और संदेश दिया कि अभिमान पतन का मार्ग है। ये बातें राजस्थान गौ कल्याण ट्रस्ट के तत्व-ावधान में श्रीमद्भागवत कथा पर प्रवचन करते हुए आचार्य श्रीकांत शर्मा 'बाल व्यास' ने गणपति राजेश सभागार में कहीं। प्रवचन के दौरान आचार्य शास्त्री ने कहा कि धरती पर अन्न आने के पहले गाय मां अपने दूध से ऋषि-मुनियों और मनुष्यों का पोषण करती रही। ऐसे गाय मां की सेवा करने से गोपालक श्रीकृष्ण प्रसन्न हो जाते हैं। वृदावन में परम ब्रह्म श्रीकृष्ण गाय को घास चराने जाते हैं। मालूम हो कि यह श्रीमद्भागवत कथा



सुरभि सदन गौशाला के निर्माण, विकास और संचालन हेतु आयोजित की गई है। कथा को सफल बनाने में चंपालाल सरावगी, राजेन्द्र प्रसाद बुबना, प्रेमचंद ढांढनिया, बालकिसन नेवटिया, राहुल दीवान, प्रकाश केडिया, रामस्वरूप गोयनका, विनय मस्करा, अजय पोद्दार, सिद्धार्थ दीवान, रमेश अग्रवाल सहित अन्य सदस्य सक्रिय है। इस अवसर राधेश्याम गोयनका, अशोक तोदी, विमला तोदी, शकुंतला दीवान, अनीता बुबना, रेखा केडिया, विवेक दीवान, किशन चौधरी, रामकथावाचक पुरुषोत्तम तिवारी, पुनीत बालासरिया, मोहन केडिया, पवन केडिया, मनोज अग्रवाल, कमल गोयनका, पवन रूंगटा सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन संजय मस्करा द्वारा किया गया।

## कोलकाता में एनडीआरएफ के 50 कर्मियों ने किया रक्तदान



**कोलकाता :** एनडीआरएफ की 2 वाहिनी अंतर्गत रिजनल रिस्पांस सेंटर (आरआरसी), कोलकाता में बुधवार को मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद के सहयोग से आयोजित इस रक्तदान शिविर का उद्घाटन 2 वाहिनी एनडीआरएफ के कमांडेंट सरदार गुरमिंदर सिंह ने किया। शिविर में तीन महिला बचावकर्मियों सहित एनडीआरएफ के कुल 50 कर्मियों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। सहायक कमांडेंट संतोष कुमार ठाकुर ने इसकी जानकारी दी। इस मौके पर कमांडेंट गुरमिंदर सिंह ने मौजूदा समय में रक्त का महत्व और उसकी आवश्यकता को रेखांकित करते हुए इस तरह के और शिविरों की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि एनडीआरएफ अपने जीवन रक्षक कर्तव्यों के अलावा, ऐसे ही नेक और सामाजिक कार्य की दिशा में भी लगातार काम कर रहा है। उन्होंने इस अवसर पर रक्तदान करने वाले कर्मचारियों और बचावकर्मियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कमांडेंट ने कहा कि एनडीआरएफ राष्ट्र और उसके लोगों के प्रति अपने कर्तव्य और सेवा के प्रति हमेशा प्रतिबद्ध है।

## पूर्व रेलवे में स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत स्वास्थ्य शिविर जारी

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे द्वारा महिलाओं और परिवारों को स्वास्थ्य, जागरूकता और बचाव संबंधी जांच के माध्यम से सशक्त बनाने के उद्देश्य से स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान जारी है। इस पहल के तहत रेलवे के सभी डिवीजन और कार्यशालाओं में महिलाओं के स्वास्थ्य, बीमारियों की प्रारंभिक पहचान और मासिक धर्म स्वच्छता, कैंसर रोकथाम, पोषण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूकता बढ़ाने के लिए स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।

हावड़ा डिविजन में बंडेल हेल्थ यूनिट में विशेष शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में 72 महिला लाभार्थियों की जांच की गई। सियालदह डिविजन में बहरामपुर कोर्ट स्टेशन पर बहुउद्देशीय स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया, जिसमें नेत्र, सामान्य चिकित्सा, दंत और स्त्रीरोग विशेषज्ञों ने परामर्श दिया। इस शिविर में 54 लाभार्थियों ने सेवाओं का लाभ लिया। मालदह डिविजन में गुरुवार को डिविजनल रेलवे हॉस्पिटल, मालदह में बहुविषयक स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। इसमें उच्च रक्तचाप, मोटापा, मुंह और गर्भाशय ग्रीवा कैंसर, हड्डियों और मांसपेशियों के रोग, एनीमिया और सामान्य आंख जांच जैसी सेवाएं प्रदान की गईं। कुल 170 मामलों की जांच और आवश्यक उपचार किया गया।



कांचरापाड़ा कार्यशाला में टीबी स्क्रीनिंग और स्तन कैंसर जागरूकता शिविर आयोजित किए गए। 18 लाभार्थियों का टीबी स्क्रीनिंग हुआ जबकि 26 लाभार्थियों ने कैंसर जांच और जागरूकता सत्र में भाग लिया। लिलुआ कार्यशाला में सफाई मित्रों पर केंद्रित स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। मधुमेह, उच्च रक्तचाप और मोटापे की जांच के साथ 48 लाभार्थियों की जांच हुई। इसके अलावा 16 महिला लाभार्थियों को स्त्रीरोग परामर्श और मासिक धर्म स्वच्छता, गर्भाशय ग्रीवा कैंसर व पोषण पर जागरूकता सत्र प्रदान किए गए। जमालपुर कार्यशाला में गुरुवार को हेपेटाइटिस बी स्क्रीनिंग शिविर आयोजित किया गया। इसमें महिला कर्मचारी, पुरुष कर्मचारियों की पत्नियां और अन्य महिला लाभार्थियों ने भाग लिया, कुल 23 महिलाओं की जांच की गई।

# चंदननगर की नाबालिग लड़की एक हफ्ते से लापता, तलाश में जुटी पुलिस

**हुगली, समाज्ञा**

जिले के चंदननगर की एक नाबालिग छात्रा पिछले एक सप्ताह से लापता है। घटना से परिवार पर चिंता और दहशत का साया है। लड़की के दादा-दादी ने थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस जांच में जुट गई है। पता चला है कि करीब सात महीने नाबालिग छात्रा के माता-पिता का निधन हो गया था। इसके बाद, वह कांटापुकुर इलाके में अपने दादा-दादी के साथ रह रही थी। इमामबाड़ा के पास एक निजी अंग्रेजी माध्यम स्कूल की वह कक्षा 10 की छात्रा है और इस साल बोर्ड परीक्षा देने वाली थी। परिवार के अनुसार, पिछले शुक्रवार की सुबह 9 बजे वह स्कूल गई थी। घर पर उसने बताया था कि स्कूल में एक कार्यक्रम है। आमतौर पर, वह स्कूल जाने-आने के लिए स्कूल वाहन का उपयोग करती थी, लेकिन उस दिन उसने दादी से 100 रुपये लेकर कहा कि वह टोटो से जाएगी। लेकिन, शाम तक भी जब वह घर नहीं लौटी, तो परिवार वालों ने खोजबीन शुरू की। लड़की के मामा अमित पाल को भी खबर दी गई। उन्होंने दोस्तों के साथ तलाश की, लेकिन अब तक कोई सुराग नहीं मिला। परिजनों ने उसकी तस्वीर सोशल मीडिया पर भी साझा की है। वहीं, उसका मोबाइल फोन बंद मिल रहा है। पुलिस अब मोबाइल लोकेशन ट्रैक कर जांच कर रही है।

## महालय के अवसर पर ब्लू लाइन में चलायी जाएंगी स्पेशल मेट्रो सेवाएं

**कोलकाता, समाज्ञा :** मेट्रो रेलवे महालय के अवसर पर 21 सितंबर 2025 को ब्लू लाइन में विशेष सेवाएं संचालित करेगा। इस दिन सामान्य रविवार की 130 सेव-ाओं के बजाय कुल 182 सेवाएं (91 अप और 91 डाउन) चलाई जाएंगी। इन सेवाओं में से 173 सेवाएं दक्षिणेश्वर तक और वहां से संचालित की जाएंगी। पहली मेट्रो सेवाएं नोआपाड़ा, दक्षिणेश्वर और दमदम मेट्रो स्टेशनों से क्रमशः 06:50, 06:55 और 06:55 बजे डाउन दिशा में उपलब्ध होंगी। वहीं, महानायक उत्तम कुमार और शहीद खुदीराम मेट्रो स्टेशनों से पहली सेवाएं क्रमशः 06:55 और 06:54 बजे अप दिशा में उपलब्ध रहेंगी। हालांकि, अंतिम सेवाओं का समय उसी दिन अपरिवर्तित रहेगा। यात्रियों से डिजिटल टिकटिंग, जैसे स्मार्ट कार्ड और मोबाइल क्यूआर टिकट का उपयोग करने की सलाह दी गई है। इसके अलावा, 'आमार कोलकाता मेट्रो' ऐप डाउनलोड कर टिकट बुकिंग या स्मार्ट कार्ड रिचार्ज की सुविधा का लाभ उठाएं ताकि टिकट काउंटर पर लंबी कतार से बचा जा सके।

## जेयू में छात्रा से छेड़छाड़ का आरोप, आरोपित एसएफआई नेता

**कोलकाता, समाज्ञा :** जादवपुर विश्वविद्यालय (जेयू) एक बार फिर विवादों में है। विश्वविद्यालय की एक छात्रा ने स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) के आर्ट्स यूनिट के सह-सचिव सौमिक मंडल पर छेड़छाड़ का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता ने यह शिकायत सीधे संगठन में दर्ज कराई। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसएफआई की यादवपुर विश्वविद्यालय क्षेत्रीय समिति ने बुधवार की देर रात प्रेस बयान जारी कर सौमिक को फिलहाल संगठन के सभी कार्यों से अलग करने का फैसला लिया। समिति के इस कदम को संबंधित हलकों में आरोप की प्राथमिक स्वीकार्यता माना जा रहा है।

# नदिया में युवक का लटकता हुआ शव उसके घर से बरामद

**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया जिला के गायेशपुर में गुरुवार को एक युवक का लटकता हुआ शव उसके घर से बरामद किया गया। खबर मिलने के बाद पुलिस ने शव को बरामद किया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने घटना के पीछे के रहस्य को जानने के लिए जांच शुरू कर दी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मृतक की पहचान राहुल देबनाथ (25) के रूप में की गई है। वह गायेशपुर नगरपालिका के वार्ड 10 का निवासी था। राहुल अपने बुजुर्ग माता-पिता, पत्नी और छोटे बच्चे के साथ गायेशपुर स्थित उस घर में रहता था। पता चला है कि गत बुधवार को राहुल की पत्नी अपने बच्चे के साथ अपने पिता के घर गई थी। रात में, अन्य दिनों की तरह, अपने माता-पिता के साथ भोजन करने के बाद, राहुल ऊपर के कमरे में सोने चला गया। इस दिन, सुबह में वह कमरे से बाहर नहीं निकला। काम के लिए देर होते देख उसके माता-पिता राहुल को बुलाने गए। उस समय उन्होंने राहुल को पंखे से लटके देखा। माता-पिता तुरंत चीख पड़े और उनकी चीख सुनकर पड़ोसी दौड़े। राहुल को कल्याणी के जवाहरलाल नेहरू मेमोरियल अस्पताल ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने राहुल को मृत घोषित कर दिया। राहुल के शव को पोस्टमार्टम के लिए जवाहरलाल नेहरू मेमोरियल अस्पताल के मुर्दाघर भेज दिया गया है। शुरुआत में, पुलिस को शक है कि राहुल ने आत्महत्या की है। लेकिन क्यों? उसकी पत्नी के साथ उसके रिश्ते कैसे थे? क्या कोई आर्थिक समस्या थी? ऐसे कई सवालों के जवाब खोजने के लिए पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

## संस्कार और संयम से ही सुदृढ़ होती है पारिवारिक एकता : मुनि जिनेश कुमार

**कोलकाता, समाज्ञा :** आचार्य महाश्रमण के सुशिष्य मुनि जिनेश कुमार ठाणा-3 के सान्निध्य में जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा कलकत्ता-पूर्वांचल ट्रस्ट द्वारा भिक्षु विहार, डिविनिटी पेवेलियन में सामाजिक-पारिवारिक पृष्ठभूमि पर आधारित नाटक सहयात्री का मंचन किया गया।




उपस्थित श्रद्धालुओं को सम्बोधित करते हुए मुनि जिनेश कुमार ने कहा कि परिवार में परस्पर समन्वय के लिए संयम आवश्यक है। भारतीय संस्कृति में पारिवारिक एकता व संयुक्त परिवार की मूलभूत अवधारणा को महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है। उन्होंने कहा कि परिवार के सभी सदस्यों में समन्वय के लिए संयम का भाव होना अत्यावश्यक है। कभी-कभार अप्रिय प्रसंग उत्पन्न होने पर जहां परिवार के वरिष्ठ सदस्यों को सदभावना का परिचय देना चाहिए, वहीं छोटे सदस्यों को सम्मानपूर्वक बड़ों की बातों का सम्मान रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि परिवार में विसंगतियां उत्पन्न होने से सभी सदस्यों पर प्रतिकूल असर पड़ता है। उन्होंने पुराने दौर को याद दिलाते हुए कहा कि उस दौर में वरिष्ठ सदस्य अधिक शिक्षित न होते हुए भी संस्कारों को महत्व देते थे। यही कारण है कि परिवार नामक संस्था सदैव सुदृढ़ बनी रही। आज के युग में शिक्षा अधिक होने के बावजूद विघटन की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। नवविवाहित जोड़ों से भी उन्होंने संयम, संस्कार और समन्वय को प्रधानता देने का परामर्श दिया। मिलन मेट्रोमोनी द्वारा राजेंद्र भूतोड़िया द्वारा लिखित व निर्देशित नाटक सहयात्री (मूल नाम-विल यू मैरी मी अगेन) का मंचन किया गया, जिसमें सभीपात्र अपने किरदार पर खरे उतरे। प्रारम्भ में बढ़ते विवाह-विच्छेद रोकने पर प्रदीप कुण्डलिया, दीपिका अग्रवाल ने सारगर्भित विचार रखे। पत्रकार प्रकाश चण्डालिया ने विषय की प्रस्तावना रखी। आयोजन की सफलता हेतु पूर्वांचल सभा के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता सक्रिय थे। आभार ज्ञापन सभा मंत्री पंकज डोसी ने किया।

## आईएमडी ने उत्तर बंगाल में भारी वर्षा का अनुमान जताया

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने गुरुवार को राज्य के उत्तरी हिस्से में 20 सितंबर तक भारी बारिश का अनुमान जताया है। आईएमडी ने कहा कि दक्षिण बंगाल में 22 सितंबर तक कई स्थानों पर गरज और बिजली के साथ हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। उसने कहा कि उप-हिमालयी जिलों-- दार्जिलिंग, कलिम्पोंग, जलपाईगुड़ी, अलीपुरद्वार और कूचबिहार में 20 सितंबर तक भारी बारिश हो सकती है।

## अब विदेशियों को बांग्ला भाषा सिखाएगा स्कॉटिश चर्च कॉलेज

**कोलकाता, समाज्ञा :** स्कॉटिश चर्च कॉलेज विदेशियों को बांग्ला सिखाने की दिशा में एक सराहनीय कदम उठाया है। भक्तिवेदांत रिसर्च सेंटर के सहयोग से ऑनलाइन नया कोर्स 'एसो बांग्ला सिखी' (आओ, बंगला सीखें) शुरू किया गया है। इस कोर्स में दुनिया के किसी भी कोने से इच्छुक लोग जुड़ सकते हैं। इसका उद्देश्य केवल कुछ शब्द या वाक्य सिखाना नहीं, बल्कि चरणबद्ध तरीके से विदेशियों को बांग्ला भाषा में सहज और पारंगत बनाना है। यह कोर्स तीन स्तरों में विभाजित है- प्राइमरी, इंटरमीडिएट और एडवांस्ड। शुरुआती स्तर में 24 एक घंटे की कक्षाएं होंगी। प्रत्येक क्लास के बाद विद्यार्थियों का मूल्यांकन एमसीक्यू प्रश्नों के माध्यम से किया जाएगा। इस कोर्स के लिए पहले ही कई प्रचार वीडियो और ऑडियो-वीज़ुअल सामग्री तैयार की जा चुकी है।

## न्यूज इन ब्रीफ

### झारखंड के लातेहार में चाउमीन खाने से 35 बच्चे बीमार

**लातेहार:** झारखंड के लातेहार जिले में एक स्टॉल से चाउमीन खाने के बाद कम से कम 35 बच्चे कथित तौर पर भोजन विषाक्तता के कारण बीमार पड़ गए। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि यह घटना बुधवार शाम सदर थाना क्षेत्र के टेमकी में आयोजित मेले के दौरान हुई। दो से 15 साल की उम्र के बच्चों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल के बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. जयप्रकाश ने बताया कि बच्चों को उल्टी, पेट दर्द और शरीर में पानी की कमी की शिकायत के बाद भर्ती कराया गया था। चिकित्सक ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, 'उन्हें रात साढ़े नौ बजे से 10 बजे के बीच एम्बुलेंस से अस्पताल लाया गया। यह भोजन विषाक्तता का मामला था। बच्चों की हालत अब स्थिर है।'

### बिहार में कांग्रेस, राजद को मिलेगी करारी हार : भाजपा का दावा

**रांची:** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने बृहस्पतिवार को यहां दावा किया कि बिहार में साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस-राष्ट्रीय जनता दल (राजद) गठबंधन को करारी हार का सामना करना पड़ेगा, जबकि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) भारी बहुमत के साथ सत्ता में बरकरार रहेगा। सिंह ने रांची में झारखंड भाजपा के मुख्यालय में संवाददाताओं से बातचीत में कहा, राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस अगले 25-30 वर्षों में पूरे देश में कहीं भी दिखाई नहीं देगी। उन्होंने कहा, बिहार में आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस का पूरी तरह से सफाया हो जाएगा। चूंकि, राजद कांग्रेस के साथ है, इसलिए उसे भी हार का सामना करना पड़ेगा। राजग बिहार में भारी बहुमत से फिर से सरकार बनाएगा।

### बलिया में अंतरराज्यीय गांजा तस्करी गिरोह का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार

**बलिया (उप्र):** उत्तर प्रदेश पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) और बलिया पुलिस की संयुक्त टीम ने बृहस्पतिवार को अरुणाचल प्रदेश और असम से गांजा की तस्करी कर उत्तर प्रदेश में बिक्री करने वाले एक अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ किया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि असम निवासी एक व्यक्ति समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है और उनके पास से 82.7 लाख रुपये का गांजा जब्त किया गया है।

# जीएसटी सुधारों से यूपी को सबसे ज्यादा फायदा, यह प्रधानमंत्री का देश को दिवाली का तोहफा: आदित्यनाथ

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को कहा कि हाल ही में घोषित जीएसटी सुधारों का सबसे बड़ा लाभार्थी उत्तर प्रदेश होगा। उन्होंने राज्य के विशाल उपभोक्ता आधार, तेजी से बढ़ते बुनियादी ढांचे और फलते-फूलते विनिर्माण केंद्रों का हवाला दिया। उन्होंने कहा कि कर परिवर्तनों से किसानों, स्थानीय उद्योगों और रोजगार को काफी बढ़ावा मिलेगा और साथ ही राज्य को समृद्ध बनाने में मदद मिलेगी। आदित्यनाथ ने ''परिवर्तनकारी'' सुधारों के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का धन्यवाद किया। उन्होंने हाल में घोषित जीएसटी सुधारों का स्वागत किया और इसे देश की जनता के लिए प्रधानमंत्री मोदी का 'दिवाली का तोहफा' बताया। यहां



एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए, आदित्यनाथ ने कहा कि सबसे अधिक आबादी वाला राज्य होने के नाते, उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा उपभोक्ता बाजार भी है। उन्होंने कहा, ''उत्तर प्रदेश के बुनियादी ढांचे में जबरदस्त वृद्धि हुई है। अब छह शहरों में मेट्रो रेल सेवाएं हैं, 16 हवाई अड्डे चालू हैं और साल के अंत तक देश का सबसे बड़ा हवाई अड्डा भी चालू हो जाएगा।'' उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि उत्तर प्रदेश में तीन करोड़ किसान परिवार हैं, जिन्हें नई जीएसटी व्यवस्था के तहत कृषि उपकरण और अन्य इनपुट सस्ते होने से काफी लाभ होगा। मुख्यमंत्री ने कहा, ''इससे किसान कम दामों पर ज्यादा खरीद कर पाएंगे।'' मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश के फुटवियर और गारमेंट उद्योग को होने वाले फायदे का भी जिक्र किया, जहां 2,500 रुपये तक के फुटवियर पर अब पांच प्रतिशत जीएसटी लागू होगा। रेडीमेड गारमेंट पर जीएसटी में भी कमी की गई है। उन्होंने कहा, ''आगरा और कानपुर फुटवियर निर्माण के प्रमुख केंद्र हैं। इससे न सिर्फ उद्योग को मदद मिलेगी, बल्कि रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।'' आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में शुरू की गई एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) पहल को भी जीएसटी कटौती से बढ़ावा मिलेगा, जिससे स्थानीय विनिर्माण और रोजगार सृजन बढ़ेगा।

### सत्ता के लिये 'बिन पानी की मछली' जैसे तड़प रहे हैं राहुल, अखिलेश और तेजस्वी : केशव मौर्य

**बहराइच:** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बृहस्पतिवार को कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी, समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव सत्ता के लिये 'बिन पानी की मछली' की तरह तड़प रहे हैं मगर उन्हें नाकामी ही हाथ लगेगी। अपने सरकारी दौरे पर बहराइच पहुंचे मौर्य ने संवाददाताओं से कहा, ''राहुल गांधी, तेजस्वी यादव और अखिलेश यादव सत्ता के लिए उसी तरह तड़प रहे हैं, जैसे पानी से निकलने के बाद मछली तड़पती है। मगर इनको सत्ता हासिल नहीं होगी और 2047 तक भाजपा (भारतीय जनता पार्टी) अडिग होकर सत्ता में रहेगी।' उन्होंने लोकसभा में विपक्ष के नेता कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर तंज करते हुए कहा कि वह सत्ता ना मिलने से अवसाद में हैं।



नई दिल्ली: नव-निर्वाचित उपराष्ट्रपति श्री सी.पी. राधाकृष्णन को जीत की बधाई देते हुए चिराग पासवान




पटना: सेकेंडरी टीचर एलिजिबिलिटी टेस्ट (टीईटी) के अभ्यर्थियों ने गुरुवार को पटना स्थित बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के बाहर प्रदर्शन किया।

### प्रधानमंत्री मोदी 25 सितंबर को माही-बांसवाड़ा परमाणु ऊर्जा संयंत्र का शिलान्यास करेंगे

**जयपुर:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 25 सितंबर को राजस्थान के बांसवाड़ा में एक परमाणु ऊर्जा परियोजना की आधारशिला रखेंगे। इसके साथ ही वह राजस्थान सहित कई राज्यों की स्वच्छ ऊर्जा परियोजनाएं भी देशवासियों को समर्पित करेंगे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बृहस्पतिवार को कहा कि प्रधानमंत्री मोदी 25 सितंबर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर बांसवाड़ा से केंद्र व राज्य सरकार की लगभग एक लाख 21 हजार करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न परियोजनाओं की सौगात देने जा रहे हैं। इस दौरान प्रधानमंत्री माही-बांसवाड़ा परमाणु ऊर्जा संयंत्र का शिलान्यास करेंगे जो प्रदेश को



ऊर्जा के क्षेत्र में अग्रणी बनाने में ऐतिहासिक कदम साबित होगा। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में मोदी राजस्थान सहित कई राज्यों की स्वच्छ ऊर्जा परियोजनाएं भी देशवासियों को समर्पित करेंगे। शर्मा ने मोदी के प्रस्तावित बांसवाड़ा दौरे की तैयारियों को लेकर यहां मुख्यमंत्री कार्यालय में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की।

# अमित शाह से मिलने होटल पहुंचे नीतीश कुमार

**पटना:** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बृहस्पतिवार को उस समय सभी को चौंका दिया जब वह केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मिलने पटना के एक होटल पहुंचे। अमित शाह राज्य में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की रणनीति तय करने आए हैं। जनता दल (यूनाइटेड) के प्रमुख नीतीश कुमार की केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को फूलों का गुलदस्ता देते हुए तस्वीरें दोनों नेताओं ने 'एक्स' पर अपने-अपने खातों से साझा कीं। दोनों दलों ने आधिकारिक तौर पर कुछ भी कहने से इनकार किया, लेकिन नाम न उजागर करने की शर्त पर बताया कि यह ''एक शिष्टाचार भेंट' थी। हालांकि, उन्होंने संतोष व्यक्त किया कि कुमार का यह कदम मीडिया के एक वर्ग में जारी उन अटकलों पर



विराम लगाएगा, जिनमें कहा जा रहा था कि कुमार ने पिछले सप्ताह शहर में आए केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा प्रमुख जगत प्रकाश नड्डा से मिलने से 'इनकार' कर दिया था। राज्य में चुनावों की घोषणा कुछ ही हफ्तों में होने की संभावना है, और राज्य के सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहे नीतीश कुमार लगातार पांचवीं बार पद पर काबिज होने का भरसक प्रयास कर रहे हैं। कुमार की भाजपा में दूसरे सबसे महत्वपूर्ण नेता माने जाने वाले अमित शाह से मुलाकात जद(यू) अध्यक्ष द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पूर्णिया जिले में एक रैली में यह आश्वासन देने के तीन दिन बाद हुई कि वह अब पूरी तरह से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के साथ हैं। कुमार ने कांग्रेस-राष्ट्रीय जनता दल (राजद) गठबंधन के साथ अपने पुराने संबंधों के लिए जद(यू) के साथियों की सलाह को जिम्मेदार बताया।

## न्यूज अपडेट

### बिहार सरकार ने औद्योगिक घराना को 1050 एकड़ भूमि दी, बिहार कांग्रेस का पटना में विरोध प्रदर्शन



**पटना:** बिहार कांग्रेस ने गुरुवार को भागलपुर जिले में एक औद्योगिक समूह को नाममात्र दर पर 1,050 एकड़ भूमि आवंटित किए जाने के खिलाफ राजधानी पटना में विरोध मार्च निकाला। पार्टी ने इस आवंटन को ''जनता के साथ धोखा और किसानों के भविष्य को गिरवी रखने'' वाला कदम करार दिया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम के नेतृत्व में यह मार्च पार्टी मुख्यालय सदाकत आश्रम से शुरू होकर बांस घाट तक पहुंचा। बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारियों ने हाथों में तख्तियां लेकर केंद्र और राज्य सरकार के खिलाफ नारे लगाए और इस भूमि आवंटन को अविलंब रद्द करने की मांग की। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने पत्रकारों से बातचीत में कहा, ''भागलपुर के पीरपैंती क्षेत्र में एक औद्योगिक समूह को पावर प्लांट लगाने के लिए 1,050 एकड़ भूमि और 10 लाख पेड़ मात्र एक रुपये सालाना की दर से 33 वर्षों के लिए 'उपहार' के रूप में सौंप दिए गए। किसानों को डराकर, पेंसिल से दस्तखत करवाकर उनकी जमीन ली गई और अब उसी प्लांट से पैदा की गई बिजली आम जनता को ऊंची दरों पर बेची जाएगी।'' उन्होंने कहा कि महागठबंधन की सरकार बनने के बाद इस ''जनविरोधी सौदे'' को रद्द किया जाएगा। राजेश राम ने आरोप लगाया कि बिहार की राजग सरकार किसानों और युवाओं के भविष्य को एक विशेष औद्योगिक समूह के हाथों गिरवी रख रही है।

### बेरोजगार स्नातकों को बिहार सरकार देगी 1000 रुपये मासिक सहायता: नीतीश कुमार




**पटना:** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बृहस्पतिवार को घोषणा की कि बिहार सरकार 'मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना' के तहत बेरोजगार स्नातक युवाओं को दो वर्षों तक प्रतिमाह 1000 रुपये की वित्तीय सहायता देगी। पहले यह योजना केवल उन बेरोजगार युवाओं के लिए लागू थी जिन्होंने इंटरमीडिएट परीक्षा पास की थी। मुख्यमंत्री ने 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए लिखा, ''राज्य सरकार के सात निश्चय कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित 'मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना' का दायरा बढ़ा दिया गया है। अब कला, विज्ञान और वाणिज्य संकाय से स्नातक पास बेरोजगार युवाओं को भी इस योजना का लाभ मिलेगा।'' उन्होंने बताया कि 20 से 25 वर्ष की आयु के वे स्नातक पास युवा, जो कहीं भी उच्च शिक्षा ग्रहण नहीं कर रहे हैं, नौकरी या रोजगार की तलाश में हैं, स्व-रोजगार से नहीं जुड़े हैं और न ही सरकारी, निजी या गैर-सरकारी नौकरी कर रहे हैं, उन्हें अधिकतम दो वर्षों तक प्रतिमाह 1000 रुपये का भत्ता दिया जाएगा। बिहार विधानसभा चुनाव इसी वर्ष के अंत में होने वाले हैं। नीतीश कुमार ने कहा, ''मेरी आशा है कि युवा इस सहायता राशि का उपयोग आवश्यक प्रशिक्षण लेने और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने में करेंगे ताकि उनका भविष्य सुरक्षित हो सके।'' उन्होंने कहा कि नवंबर 2005 में नई सरकार बनने के बाद से युवाओं को सरकारी नौकरी और रोजगार उपलब्ध कराना तथा उन्हें सक्षम और सशक्त बनाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता रही है।

समाज्ञा CINE मंत्र

# आर्यन की पहली सीरीज के लॉन्च पर शाहरुख खान समेत कई बॉलीवुड कलाकार शामिल हुए

सुपरस्टार शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान के निर्देशन में बनी पहली सीरीज के प्रीमियर में काजोल, अजय देवगन, आलिया भट्ट और रणबीर कपूर जैसी प्रमुख हस्तियां शामिल हुईं।

कार्यक्रम बुधवार को आयोजित हुआ, इस दौरान शो का पहला एपिसोड दिखाया गया। कार्यक्रम में अरबपति उद्योगपति मुकेश अंबानी और उनका परिवार, माधुरी दीक्षित और उनके पति श्रीराम नेने, तमन्ना भाटिया, विजय वर्मा, विक्की कौशल, करण जौहर, एटली और फरहान अख्तर भी शामिल हुए।

इस कार्यक्रम में आर्यन की मां गौरी खान, बहन सुहाना खान और भाई अबराम उनके चीयरलीडर बने नजर आए और फोटोग्राफर को पोज दिए।

शाहरुख अपनी आगामी फिल्म किंग के सेट पर चोटिल हो गए थे। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने अपने हाथ में 'स्लिंग बेल्ट' लगा रखी थी। उन्होंने फोटोग्रॉफर के लिये पोज भी दिये।

सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से प्रसारित एक वीडियो में, आर्यन फोटोग्राफरों के साथ अपने पिता की अलग-अलग एंगल से तस्वीरें लेते हुए दिखाई दे रहे हैं।

आर्यन खान की यह सीरीज बॉलीवुड की चकाचौंध भरी लेकिन चुनौतीपूर्ण दुनिया में कदम रखने वाले एक 'बाहरी' व्यक्ति के जीवन और संघर्ष को दर्शाती है।

'बाजीगर', 'करण अर्जुन' और 'कुछ कुछ होता है' जैसी कई हिट फिल्मों में शाहरुख की सह-कलाकार काजोल ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा किया, जिसमें वह अजय और शाहरुख के बीच खड़ी हैं और अपने पूर्व सह-कलाकार के साथ शो के नाम 'बैड्स ऑफ बॉलीवुड' को लेकर मजाक कर रही हैं।

उन्होंने आर्यन के साथ-साथ उनकी बहन सुहाना खान और मां गौरी खान के साथ तस्वीरें भी साझा कीं।



काजोल ने कैप्शन में लिखा, इस सीरीज के लिये आर्यन को बधाई.. मुझे यकीन है कि इससे भी ज्यादा शानदार आपका शो होगा! बहुत उत्साहित हूं।

अक्षय कुमार ने भी अपने सोशल मीडिया खाते पर साझा की गयी एक पोस्ट में आर्यन को शुभकामनाएं भेजीं।

उन्होंने लिखा, शुभकामनाएं आर्यन बेटा, उम्मीद है कि यह किसी अद्भुत चीज की शुरुआत हो। गौरवान्वित माता-पिता को इस अद्भुत शुरुआत के लिए बधाई।

विजय वर्मा ने भी सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर आर्यन के साथ एक तस्वीर पोस्ट की। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, हमारे पास एक शानदार नया निर्देशक है! एक अच्छी शुरुआत के लिए बधाई आर्यन बाकी एपिसोड देखने का इंतजार नहीं हो रहा...क्रेजी शो है मेरे भाई।

अनन्या पांडे ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा, गो आर्यन, तुमने इस शो में अपना सब कुछ झोंक दिया है और अब दुनिया इसका आनंद लेगी

करण जौहर ने इंस्टाग्राम पर एक नोट शेयर करते हुए आर्यन का फिल्मों में स्वागत किया।

आपने एक ऐसा रास्ता चुना जिसके बारे में कई लोगों ने कभी सोचा भी नहीं था। कैमरे के पीछे रहना चुनौतीपूर्ण काम है। कहानी कहने वाला बनना और उसके क्रियान्वयन का कप्तान होना। हमने आपको दो साल से अधिक समय तक अथक जुनून के साथ काम करते देखा है और आपने कभी अपने सामने आए अवसर को हल्के में नहीं लिया।

उन्होंने कहा, आपकी कहानी कहने का एक अलग अंदाज है और मैं बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं कि हर कोई इस सीरीज में आपकी आवाज सुने। मुझे आप पर बहुत गर्व है और मैं आपसे बहुत प्यार करता हूं।

इस शो का प्रीमियर बृहस्पतिवार को नेटफ्लिक्स पर होगा, जिसमें लक्ष्य लालवानी, सहर बंबा, बॉबी देओल, राघव जुयाल, आन्या सिंह और मोना सिंह मुख्य भूमिका में हैं।

# मैं जो काम करता हूं, उसके लिए कोई उम्मीद नही रखता : मनोज वाजपेयी

बॉलीवुड अभिनेता मनोज वाजपेयी इस बात से निराश नहीं हैं कि फिल्म 'जोरम' और ''सिर्फ एक बंदा काफी है' में उनके दो सबसे प्रशंसित प्रदर्शनों को राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों में खासी सराहना नहीं मिली। अभिनेता का कहना है कि वह जो काम करते हैं, उसके लिए कोई उम्मीद नही रखते हैं।

चार बार राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता वाजपेयी ने 'जोरम' में फरार आदिवासी व्यक्ति दसरू की आकर्षक भूमिका के लिए फिल्म समीक्षकों के साथ ही प्रशंसकों से सराहना मिली।

उन्होंने फिल्म 'सिर्फ एक बंदा काफी है' में एक शक्तिशाली धर्मगुरु को चुनौती देने वाले वकील का किरदार निभाया था। इस फिल्म ने सर्वश्रेष्ठ संवाद के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार



जीता।

यह पूछे जाने पर कि क्या अपने अभिनय के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार न जीत पाने से वह दुखी हैं, अभिनेता ने कहा कि उनके लिए इस सवाल का जवाब देना मुश्किल है।

वाजपेयी ने कहा, 'मैं अपने काम से, खासकर पुरस्कार समारोहों से, कुछ भी उम्मीद नहीं करता। सभी पुरस्कारों का स्तर गिर रहा रहे है, ये विश्वसनीयता खो रहे हैं। इसी वजह से, मैं कभी भी उम्मीद नहीं करता।'

उन्होंने पीटीआई-भाषा से कहा, 'एक बात जो कभी नहीं भूली जाएगी, वह यह है कि 'जोरम' एक बेहतरीन फिल्म है, जिसे सभी स्वीकार करेंगे, यह एक ऐसा अभिनय है जिसे मैं देखना पसंद करूंगा। जब मैं इसे देखता हूं, तो मुझे लगता है कि यह मैं नहीं हूं। यही वह एहसास है जिसके लिए कोई जीता है, और ऐसा करने के लिए किसी ने बहुत खून-पसीना बहाया है।'

अभिनेता ने कहा कि कई पुरस्कार समारोहों ने अपना नजरिया बदल दिया है।

उन्होंने कहा, 'लेकिन वे ऐसा ही चाहते हैं, मुझे कोई शिकायत नहीं है। मैं कौन होता हूं इसकी शिकायत करने वाला? ये उनका पुरस्कार है, ये उनका फैसला है।'

# कमल हसन के साथ काम करना चाहता हूं: रजनीकांत

दिग्गज अभिनेता रजनीकांत ने बुधवार को कमल हसन के साथ फिर से एक फिल्म में काम करने की पुष्टि की।

लगभग चार दशक बाद रजनीकांत और हसन किसी फिल्म में एक साथ दिखाई देंगे।

रजनीकांत ने चेन्नई हवाई अड्डे पर मीडिया से बात करते हुए यह खबर साझा की और कहा कि इस फिल्म का निर्माण हसन के बैनर 'राज कमल फिल्म्स इंटरनेशनल' और 'रेड जायंट मूवीज' द्वारा संयुक्त रूप से किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि हालांकि निर्देशक और पटकथा अभी तय नहीं हुई है।

रजनीकांत ने कहा, हम 'राज कमल फिल्म्स



इंटरनेशनल' और 'रेड जायंट मूवीज' के साथ एक फिल्म करने जा रहे हैं। निर्देशक अभी तय नहीं हुआ है। कमल और मैं साथ में एक फिल्म करना चाहते हैं।'

रजनीकांत (74) ने संवाददाताओं से कहा, अगर हमें कोई कहानी और भूमिका मिलती है, तो हम साथ मिलकर अभिनय करेंगे।

अगर यह फिल्म तय हो जाती है, तो यह तमिल सिनेमा के दो दिग्गजों की लगभग 46 साल बाद पर्दे पर बहुप्रतीक्षित वापसी होगी।

रजनीकांत और हसन पिछली बार 1979 में आई फिल्म 'अलावुद्दीनम अथबुथा विलक्कुम' में साथ दिखाई दिए थे।

इससे पहले दोनों दिग्गज कलाका '16 वैयाथिनिले' (1977), 'अवल अप्पादिथन' और 'निनैथले इनिक्कुम' (1979) जैसी फिल्मों में साथ काम कर चुके हैं।

## न्यूज इन ब्रीफ

### छत्तीसगढ़ के सुकमा में मुठभेड़ में महिला नक्सली ढेर

**सुकमा :** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में एक इनामी महिला नक्सली को मार गिराया है। पुलिस अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के गादीरास थाना क्षेत्र के अंतर्गत गुफड़ी और पेरमापारा गांव के बीच जंगल में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में पांच लाख रूपये की इनामी मलांगीर एरिया कमेटी की सदस्य बूस्की नुप्पो को मार गिराया है। अधिकारियों ने बताया कि आज जिले के गादीरास थाना क्षेत्र के अंतर्गत गुफड़ी और पेरमापारा गांव के बीच जंगल में माओवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद सुरक्षाबलों को नक्सल विरोधी अभियान के लिए रवाना किया गया था।

### मिजोरम में 102.65 करोड़ रुपये मूल्य की 'मेथामफेटामीन' जब्त


**आइजोल :** मिजोरम के चम्फाई जिले में भारत-म्यांमा सीमा के पास एक गांव में 102.65 करोड़ रुपये मूल्य की प्रतिबंधित मेथामफेटामीन गोलियां जब्त की गईं। यह जानकारी असम राइफल्स की ओर से बृहस्पतिवार को जारी एक बयान में मिली। मेथामफेटामीन की गोली भारत में प्रतिबंधित है, क्योंकि इसे नशे की लत लगाने वाली उत्तेजक दवा माना जाता है। अर्धसैनिक बल द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि एक गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए असम राइफल्स के जवानों ने बुधवार को एक अभियान शुरू किया और जोटे गांव में चुनौती दिये जाने के बाद एक संदिग्ध व्यक्ति प्रतिबंधित सामग्री छोड़कर भाग गया।

### धर्म परिवर्तन कराने के आरोपों पर ईडी ने राजस्थान के व्यक्ति के यहां छापेमारी की

**नयी दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने गैरकानूनी धर्मांतरण और कट्टरपंथी विचारों का प्रचार करने वाले गैर सरकारी संगठनों (एनजीओ) को वित्तपोषित करने के आरोपों पर धन शोधन जांच के तहत राजस्थान के एक व्यक्ति के यहां छापेमारी की है। इस व्यक्ति की पहचान जमीयत अहले हदीस (जेएएच) के ''अमीर'' के रूप में हुई है। बुधवार को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत बीकानेर में मोहम्मद सादिक खान नामक व्यक्ति से जुड़े चार स्थानों के अलावा उसके ''करीबी'' सहयोगियों के यहां भी छापेमारी की गई। धनशोधन का मामला जनवरी 2022 में बीकानेर (कोटगेट थाना) पुलिस द्वारा दर्ज की गई प्राथमिकी से संबंधित है।

# चाबहार बंदरगाह के संचालन पर 29 सितंबर से लगेगा अमेरिकी प्रतिबंध, भारत पर भी होगा असर

**न्यूयॉर्क/ नयी दिल्ली :** ट्रंप प्रशासन ने कहा है कि ईरान के बंदरगाह चाबहार का संचालन करने वाले लोगों पर इस महीने के अंत से प्रतिबंध लगा दिए जाएंगे। इस फैसले का भारत पर भी असर पड़ेगा जो इस रणनीतिक बंदरगाह पर एक टर्मिनल को विकसित कर रहा है। चाबहार बंदरगाह ईरान के दक्षिणी तट पर सिस्तान-बलूचिस्तान प्रांत में स्थित है। भारत और ईरान इसे व्यापार एवं संपर्क बढ़ाने के लिए विकसित कर रहे हैं। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रमुख उप प्रवक्ता थॉमस पिगॉट ने सप्ताह की शुरुआत में जारी एक बयान में कहा कि अमेरिकी प्रतिबंधों में छूट देने वाले 2018 के आदेश को रद्द किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह कदम ईरानी शासन को



अलग-थलग करने के लिए अधिकतम दबाव डालने की राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नीति के अनुरूप है। पिगॉट ने कहा, अमेरिकी विदेश मंत्री ने अफगानिस्तान पुनर्निर्माण मदद एवं आर्थिक विकास के लिए ईरान स्वतंत्रता एवं परमाणु प्रसार-रोधी अधिनियम (आईएफसीए) के तहत 2018 में जारी प्रतिबंध छूट को रद्द कर दिया है। यह आदेश 29 सितंबर, 2025 से प्रभावी हो जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रतिबंध के प्रभावी हो जाने के बाद चाबहार बंदरगाह का संचालन करने वाले या संबंधित गतिविधियों में शामिल लोग प्रतिबंधों के दायरे में आ सकते हैं। अमेरिकी प्रशासन के इस निर्णय से भारत भी प्रभावित होगा क्योंकि वह ओमान की खाड़ी में स्थित चाबहार बंदरगाह पर एक टर्मिनल के विकास से जुड़ा हुआ है। भारत ने 13 मई, 2024 को इस बंदरगाह के संचालन के लिए 10 वर्षीय अनुबंध पर हस्ताक्षर किए थे। भारत को इससे मध्य एशिया के साथ व्यापार बढ़ाने में मदद मिलेगी। भारत ने वर्ष 2003 में ही इस बंदरगाह के विकास का प्रस्ताव रखा था ताकि भारतीय माल के लिए अफगानिस्तान और मध्य एशिया तक पहुंच का एक प्रवेश द्वार मुहैया कराया जा सके। इसके लिए अंतरराष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारा (आईएनएसटीसी) नामक एक सड़क और रेल परियोजना बनाई जानी है।

## सीबीआई ने भ्रष्टाचार मामले में अनिल अंबानी, राणा कपूर के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने उद्योगपति अनिल अंबानी के समूह से जुड़ी कंपनियों एफएल और आरएचएफएल तथा यस बैंक एवं उसके पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) राणा कपूर के परिजनों की फर्मों के बीच हुए कथित धोखाधड़ी वाले लेनदेन के सिलसिले में अनिल अंबानी और अन्य के खिलाफ बृहस्पतिवार को आरोपपत्र दायर किया। सीबीआई का आरोप है कि ऐसे लेनदेन की वजह से बैंक को 2,796 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। मुंबई की एक विशेष अदालत के समक्ष दायर आरोप पत्र में सीबीआई ने कहा कि अंबानी अनिल धीरूभाई अंबानी (एडीए) समूह के अध्यक्ष और रिलायंस कैपिटल लिमिटेड के निदेशक हैं, जो एफएल और आरएचएफएल के मलिकाना हक वाली कंपनी है।

## 'मैं सभी धर्मों का सम्मान करता हूं': प्रधान न्यायाधीश गवई

**नयी दिल्ली :** प्रधान न्यायाधीश बी आर गवई ने भगवान विष्णु की प्रतिमा के पुनर्निर्माण के मामले में अपनी टिप्पणियों की सोशल मीडिया पर हुई आलोचना के मद्देनजर बृहस्पतिवार को कहा कि वह ''सभी धर्मों'' का सम्मान करते हैं। उन्होंने कहा, ''किसी ने मुझे बताया कि मैंने जो टिप्पणियां की थीं, इन्हें सोशल मीडिया पर गलत ढंग से चित्रित किया गया है... मैं सभी धर्मों का सम्मान करता हूं।'' उच्चतम न्यायालय ने यूनेस्को की विश्व विरासतों में शुमार मध्य प्रदेश में स्थित खजुराहो मंदिर के परिसर में मौजूद जावरी मंदिर में भगवान विष्णु की सात फुट ऊंची प्रतिमा को पुन: स्थापित करने के अनुरोध से जुड़ी एक याचिका मंगलवार को खारिज कर दी थी। प्रधान न्यायाधीश ने कहा था, ''यह पूरी तरह से प्रचार पाने के लिए दायर याचिका है... जाकर स्वयं भगवान से कुछ करने के लिए कहिए। अगर आप कह रहे हैं कि आप भगवान विष्णु के प्रति गहरी आस्था रखते हैं, तो प्रार्थना



करें और थोड़ा ध्यान लगाएं। प्रधान न्यायाधीश ने कहा था, इस बीच, अगर आप चाहें तो वहां जाकर पूजा कर सकते हैं... वहां एक बहुत बड़ा शिवलिंग है, जो खजुराहो में सबसे बड़े शिवलिंगों में से एक है। प्रधान न्यायाधीश बी.आर. गवई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन ने राकेश दलाल नामक व्यक्ति की याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया था, जिसमें छतरपुर जिले के जावरी मंदिर में क्षतिग्रस्त मूर्ति को बदलने और उसकी प्राण प्रतिष्ठा कराने का अनुरोध किया गया था। प्रधान न्यायाधीश की टिप्पणी के बाद सोशल मीडिया पर कई आलोचनात्मक पोस्ट सामने आई।

## गांधीनगर में साबरमती नदी के किनारे 700 अवैध ढांचों को गिराने का अभियान जारी

अहमदाबाद : गुजरात में गांधीनगर निकाय प्रशासन और अन्य अधिकारियों ने साबरमती नदी के किनारे एक लाख वर्ग मीटर सरकारी भूमि पर अतिक्रमण हटाने के लिए बृहस्पतिवार तड़के एक बड़ा तोड़फोड़ अभियान शुरू किया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि गुजरात की राजधानी में लगभग 700 अवैध ढांचों को ध्वस्त करने के लिए चिह्नित किया गया और दोपहर तक उनमें से लगभग 150 को गिरा दिया गया। जिला पुलिस अधीक्षक रवि तेजा वासमसेट्टी ने बताया कि गांधीनगर नगर निगम (जीएमसी), राज्य सड़क एवं भवन (आरएंडबी) विभाग और स्थानीय पुलिस ने गुजरात की राजधानी में पेथापुर क्षेत्र में तड़के लगभग चार बजे अभियान शुरू किया था। पुलिस अधीक्षक ने संवाददाताओं को बताया, ''आरएंडबी और



जीएमसी की 20 टीम की निगरानी में साबरमती नदी के किनारे सरकारी जमीन पर बने लगभग 700 अवैध ढांचों को हटाने का अभियान जारी है। हमने उनकी मदद के लिए अधिकारियों समेत 700 पुलिसकर्मियों को तैनात किया है।''

## हिमाचल के बारिश प्रभावित क्षेत्र में कंगना रनौत को करना पड़ा विरोध का सामना

**शिमला :** बॉलीवुड अभिनेत्री और मंडी से भाजपा सांसद कंगना रनौत बृहस्पतिवार को जब हिमाचल प्रदेश के मनाली में बारिश प्रभावित क्षेत्र का दौरा करने पहुंचीं तो उन्हें ''कंगना वापस जाओ, तुमने देर कर दी'' जैसे नारों का सामना करना पड़ा। कुल्लू ज़िले में मनाली के पतलीकुहल क्षेत्र में रनौत के दौरे के खिलाफ स्थानीय लोगों द्वारा नाराजगी जताए जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहा है। इस वीडियो में स्थानीय लोग अभिनेत्री एवं राजनीतिक नेता के काफिले के पास काले झंडे लिए नारे लगाते नजर आते हैं। कंगना के साथ पहुंचे भाजपा नेताओं और अन्य लोगों ने जब लोगों को शांत करने की कोशिश की तो तीखी बहस भी हुई और शांति बहाल करने के लिए पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा। कुल्लू तथा मनाली में 25 और 26 अगस्त को कई



स्थानों पर भारी बारिश के कारण भूस्खलन हुआ और अचानक बाढ़ आ गई तथा ब्यास नदी की तेज धारा में एक बहुमंजिला होटल और चार दुकानें बह गईं। ब्यास नदी के बढ़ते जलस्तर के कारण चंडीगढ़-मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग और मनाली-लेह राजमार्ग के कई हिस्से बह गए।

## वैष्णो देवी यात्रा थोड़ी देर के लिए रोके जाने के बाद फिर शुरू

**कटरा/जम्मू :** माता वैष्णो देवी गुफा मंदिर की तीर्थयात्रा के लिए पंजीकरण बृहस्पतिवार सुबह फिर से शुरू हो गया। खराब मौसम के कारण कुछ समय तक स्थगित रही तीर्थयात्रा को प्राधिकारियों ने फिर से शुरू करने का फैसला किया है। जम्मू कश्मीर के रियासी जिले में त्रिकुटा पहाड़ियों पर स्थित मंदिर के लिए तीर्थयात्रा भूस्खलन और भारी बारिश के कारण 22 दिन तक स्थगित रही थी और इसे बुधवार को बहाल किया गया। हालांकि, खराब मौसम के कारण बुधवार शाम को इसे फिर रोक दिया गया था।

## पलानीस्वामी को चेहरा ढकने की कोई जरूरत नहीं थी: भाजपा नेता अन्नामलाई

**चेन्नई :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की तमिलनाडु इकाई के नेता के अन्नामलाई ने बृहस्पतिवार को उस कथित वीडियो को ज्यादा तवज्जो नहीं दी, जिसमें ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) के महासचिव ई के पलानीस्वामी केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के आवास से चेहरा ढककर बाहर निकलते नजर आ रहे हैं। चेन्नई में संवाददाताओं से मुखातिब अन्नामलाई ने कहा कि पलानीस्वामी को ऐसा करने की कोई जरूरत नहीं थी। भाजपा नेता ने कहा कि (16 सितंबर को दिल्ली में) केंद्रीय गृह मंत्री के साथ पलानीस्वामी की बैठक के बारे में सभी को पता था। उन्होंने कहा कि ऐसे में अन्नाद्रमुक महासचिव को शाह के आवास से बाहर निकलते समय अपना चेहरा ढकने की कोई जरूरत नहीं थी।



अन्नामलाई ने कहा, जहां तक मेरी राय का सवाल है, मुझे लगता है कि इसकी कोई जरूरत नहीं थी, क्योंकि उन्होंने आधिकारिक तौर पर गृह मंत्री से मुलाकात की थी। हालांकि, वीडियो के सामने आने के बाद अम्मा मक्कल मुनेत्र कषगम (एएमएमके) प्रमुख टीटीवी दिनाकरन ने पलानीस्वामी पर कटाक्ष किया था। उन्होंने कहा था, ईके पलानीस्वामी को अब से 'मास्क' वाले पलानीस्वामी के रूप में संबोधित किया जाना चाहिए।

## मुझे 75 पार वाले नेताओं को पद छोड़ने के लिए कहने का 'नैतिक अधिकार' नहीं: शरद पवार

**कोल्हापुर :** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष शरद पवार ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह खुद जब 85 वर्ष की उम्र में काम कर रहे हैं तो उनका इस बहस में पड़ने का कोई 'नैतिक अधिकार' नहीं बनता कि क्या किसी नेता को 75 वर्ष की आयु पार करने के बाद पद छोड़ देना चाहिए या नहीं। उनसे सवाल किया गया था कि क्या प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भी लालकृष्ण आडवाणी और मुरली मनोहर जोशी की तरह सार्वजनिक जीवन से इसलिए हट जाना चाहिए



क्योंकि वह 75 वर्ष के हो गए हैं। पवार ने इस सवाल के जवाब में संवाददाताओं से कहा कि भाजपा में लोग अब कहते हैं कि उन्होंने कभी नहीं कहा कि 75 वर्ष की आयु के बाद नेताओं को नेपथ्य में चले जाना चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी के 75 वर्ष के होने के एक दिन बाद उम्र संबंधी बहस के बारे में पूछे जाने पर राकांपा (शरद पवार) प्रमुख ने कहा, मैं कहां रुक गया हूं? मैं 85 वर्ष का हूं और मुझे टिप्पणी करने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है।

## गगनयान का 'व्योममित्र' है एआई-सक्षम, अर्ध-मानव रोबोट: इसरो अध्यक्ष नारायणन

**कोयंबटूर (तमिलनाडु) :** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष वी नारायणन ने बृहस्पतिवार को यहां कहा कि गगनयान मिशन के मानवरहित परीक्षण में उड़ान भरने के लिए इसरो द्वारा डिजाइन किया गया 'व्योममित्र' एआई (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) सक्षम अर्ध-मानव रोबोट होगा। यह अर्ध-मानव रोबोट गगनयान मिशन के तहत इस दिसंबर के अंत में प्रक्षेपित होने वाला पहला रोबोट होगा। तीन दिवसीय गगनयान मिशन अंतरिक्ष में मनुष्यों को 400 किलोमीटर की



कक्षा में भेजने और उन्हें सुरक्षित रूप से पृथ्वी पर वापस लाने पर केंद्रित है। नारायणन ने यहां संवाददाताओं से कहा, ''कार्य जारी है। हमने दिसंबर के अंत तक मानवरहित अंतरिक्ष यान भेजने की योजना बनाई है।'' उन्होंने कहा कि मिशन के लिए तापमान, दबाव, आर्द्रता और कार्बन डाइऑक्साइड जैसे कई मुद्दों पर ध्यान देने की आवश्यकता है। इसरो प्रमुख ने कहा, ''हमने सुरक्षा के लिए एक बचाव प्रणाली की भी योजना बनाई है।'' उन्होंने कहा कि नौ पैराशूट यान के समुद्र में उतरने में मदद करेंगे। नारायणन ने कहा कि इस राष्ट्रीय परियोजना में इसरो के अलावा भारतीय वायुसेना, नौसेना, रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और कई अन्य संस्थान शामिल हैं।





## भारतीय वायुसेना के नियमों के तहत सौतेली मां को पारिवारिक पेंशन नहीं दी जा सकती : केंद्र

**नयी दिल्ली :** केंद्र ने बृहस्पतिवार को उच्चतम न्यायालय को सूचित किया कि पेंशन कोई उपहार नहीं है और भारतीय वायुसेना के नियमों के तहत सौतेली मां को पारिवारिक पेंशन के लिए पात्र नहीं माना जा सकता, क्योंकि वह कानून और रिश्ते दोनों ही नजरिये से प्राकृतिक मां से अलग है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ के समक्ष केंद्र ने भरण-पोषण और अन्य कल्याणकारी लाभों से संबंधित शीर्ष अदालत के विभिन्न फैसलों का हवाला दिया, जिनमें कहा गया था कि 'मां' शब्द का तात्पर्य केवल प्राकृतिक या जैविक मां से है, सौतेली मां से नहीं। केंद्र ने कहा, पेंशन हालांकि कोई उपहार नहीं है और इस पर अधिकार के रूप में दावा किया जा सकता है, लेकिन यह कानून का एक स्थापित सिद्धांत है कि ऐसा अधिकार न तो पूर्ण है और न ही निरपवाद। पेंशन लाभ चाहने वाले व्यक्ति को लागू वैधानिक प्रावधानों या विनियमों के तहत स्पष्ट अधिकार स्थापित करना होगा। केंद्र का यह रुख सशस्त्र बल न्यायाधिकरण के उस आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर आया है जिसमें जयश्री वाई जोगी को विशेष पारिवारिक पेंशन देने से इनकार कर दिया गया था। जोगी ने मृतक, जो एक वायुसैनिक था, का पालन-पोषण छह साल की उम्र से किया था, जब उसकी जैविक मां का निधन हो गया था और उसके पिता ने पुनर्विवाह कर लिया था। उन्होंने एएफटी के 10 दिसंबर, 2021 के आदेश को इस आधार पर चुनौती दी कि वह एक सौतेली मां थी, इसलिए वह जैविक मां को मिलने वाली विशेष पारिवारिक पेंशन के लाभ की पात्र नहीं थी। जोगी द्वारा अधिवक्ता सिद्धार्थ संगल के माध्यम से दायर याचिका में कहा गया है कि उनका दिवंगत पुत्र एक सक्रिय वायुसैनिक था और 28 अप्रैल, 2008 को जब वह वायु सेना मेस में भोजन कर रहा था, तब रहस्यमय परिस्थितियों में उसकी मृत्यु हो गई।

# नीरज विश्व चैम्पियनशिप में निराशानजक आठवें स्थान पर रहे, सचिन चौथे

**तोक्यो :** गत चैम्पियन नीरज चोपड़ा विश्व चैम्पियनशिप पुरूष भालाफेंक फाइनल में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद आठवें स्थान पर रहे जबकि पहली बार खेल रहे भारत के ही सचिन यादव ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करके चौथा स्थान हासिल किया। फाइनल में कोई भी प्रतियोगी 90 मीटर तक नहीं पहुंच सका। चोपड़ा पांचवें दौर के बाद बाहर हो गए और 84 . 03 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ आठवें स्थान पर रहे। भारतीय खेलप्रेमियों को इस नतीजे की उम्मीद नहीं थी क्योंकि तोक्यो ओलंपिक 2021 में स्वर्ण पदक मिलने के बाद पिछले चार साल से वह चोपड़ा को या तो स्वर्ण पदक



जीतते या पोडियम पर रहते हुए देख रहे थे। विश्व चैम्पियनशिप 2022 में रजत और 2023 में स्वर्ण जीतने वाले चोपड़ा तोक्यो ओलंपिक के बाद से किसी स्पर्धा में शीर्ष दो से नीचे नहीं रहे हैं। पिछले 24 अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में या तो वह विजेता रहे या दूसरे स्थान पर थे। अपनी निरंतरता के लिये विख्यात चोपड़ा पांच प्रयासों में एक बार भी 85 मीटर को पार नहीं कर सके। इससे पहले उनका सबसे खराब प्रदर्शन 82 . 27 मीटर था जब उन्होंने मई 2024 में फेडरेशन कप में स्वर्ण पदक जीता था। तोक्यो विश्व चैम्पियनशिप उनके कैरियर के सबसे खराब प्रदर्शन में से एक है। स्वर्ण पदक त्रिनिदाद और टोबैगो के केशोर्न वालकॉट (88 . 16 मीटर) ने जीता जबकि ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स (87 . 38 मीटर) दूसरे और अमेरिका के कुर्टिस थाम्पसन (86 . 67 मीटर) तीसरे स्थान पर रहे। पिछली बार के रजत पदक विजेता पेरिस ओलंपिक चैम्पियन पाकिस्तान के अरशद नदीम चौथे दौर के बाद बाहर होने वाले पहले प्रतियोगियों में थे। उनका सर्वश्रेष्ठ थ्रो 82 . 75 मीटर का रहा। पेरिस ओलंपिक के बाद पहली बार चोपड़ा और नदीम के मुकाबले का इंतजार करने वालों को भी मायूसी हाथ लगी। इस बार तीसरे दौर के बाद दस प्रतियोगी बरकरार रहे और चौथे के बाद दो बाहर हो गए।

### पिछले दो हफ्तों से पीठ की समस्या से जूझ रहे हैं नीरज

**नयी दिल्ली :** भारतीय भाला फेंक स्टार नीरज चोपड़ा पिछले दो हफ्तों से पीठ की समस्या से जूझ रहे हैं और शायद इसका असर बृहस्पतिवार को तोक्यो में विश्व चैंपियनशिप के फाइनल में उनके प्रदर्शन पर पड़ा। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) के एक शीर्ष सूत्र ने पीटीआई को बताया कि नीरज पीठ की समस्या से जूझ रहे हैं और जापान की राजधानी में अपनी प्रतियोगिता के बाद दो बार के ओलंपिक पदक विजेता ने भी इस बात को स्वीकार किया।

## एअर इंडिया विमान हादसे में जान गंवाने वाले चार यात्रियों के परिवारों ने बोइंग पर मुकदमा किया

**मुंबई :** इस साल जून में एअर इंडिया विमान दुर्घटना में जान गंवाने वाले यात्रियों में चार के परिवारों ने अमेरिकी विमान निर्माता कंपनी बोइंग और विमान के पुर्जे बनाने वाली कंपनी हनीवेल इंटरनेशनल के खिलाफ एक अमेरिकी अदालत में उत्पाद दोष और लापरवाही संबंधी एक मुकदमा दायर किया है। उन्होंने आरोप लगाया है कि ईंधन 'कटऑफ स्विच' में खराबी के कारण यह दुर्घटना हुई। एक बयान में यह जानकारी दी गयी है। अमेरिका स्थित कानूनी कंपनी 'द लैनियर लॉ फर्म' ने एक बयान में बताया कि इस



मुकदमे में उड़ान संख्या 171 पर चार यात्रियों की गलत तरीके से हुई मौत के लिए प्रतिवादियों के खिलाफ प्रतिपूरक और दंडात्मक क्षतिपूर्ति का प्रावधान है। भारत के इतिहास में भीषण विमानन दुर्घटनाओं में से एक में, टाटा समूह के स्वामित्व वाली एअर इंडिया की बोइंग 787-8 विमान उड़ान संख्या एआई171 बारह जून को अहमदाबाद से लंदन के लिए उड़ान भरने के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी, जिसमें 241 यात्रियों समेत 260 लोगों की मौत हो गई थी। 'लैनियर लॉ फर्म' द्वारा 'डेलावेयर सुपीरियर कोर्ट' में दायर मुकदमे के अनुसार, उड़ान डेटा से संकेत मिलता है कि एअर इंडिया के पायलट ने गलती से बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर के इंजन में ईंधन बंद कर दिया था, जिससे उड़ान भरने के लिए आवश्यक 'थ्रस्ट' पूरी तरह से खत्म हो गया।

## भारत बनाम ओमान: सुपर 4 से पहले बल्लेबाजों को मौका देना चाहेगा भारत

**दुबई :** पहले दो मैच में छोटे लक्ष्य आसानी से हासिल करने वाली सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली भारतीय टीम शुक्रवार को अबू धाबी में होने वाले एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट के अपने अंतिम ग्रुप लीग मैच में ओमान के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करना और 20 ओवरों का पूरा उपयोग करना पसंद करेगी। भारतीय टीम सुपर 4 के लिए पहले ही क्वालीफाई कर चुकी है और रविवार को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले महत्वपूर्ण मैच से इससे पहले ओमान के खिलाफ बल्लेबाजों को मौका देने का यह सुनहरा अवसर है। भारत ने इससे पहले संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और पाकिस्तान के खिलाफ छोटे लक्ष्य आसानी से हासिल किए थे। अभिषेक शर्मा ने अपेक्षा के अनुरूप तेज़ शुरुआत की है, लेकिन शुभमन गिल को क्रीज पर कुछ समय बिताने की जरूरत है। कप्तान सूर्यकुमार ने पाकिस्तान के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया था, लेकिन वह चाहेंगे कि तिलक वर्मा को बल्लेबाजी करने का कुछ और समय मिले। भारत अगर फाइनल में पहुंचता है तो उसे सात दिन के अंदर चार मैच खेलने होंगे और इसे देखते हुए टीम प्रबंधन हार्दिक पंड्या, संजू सैमसन, शिवम दुबे और अक्षर पटेल को भी बल्लेबाजी का कुछ मौका देना चाहेगा। भारतीय गेंदबाजी इतनी मजबूत है कि अगर ओमान पहले बल्लेबाजी करता है, तो मैच जल्दी खत्म होने की पूरी संभावना है क्योंकि जतिंदर सिंह की अगुवाई वाली टीम कुलदीप यादव और वरुण चक्रवर्ती जैसे गेंदबाजों का सामना कर पाएगी इसकी संभावना बहुत कम नजर आती है। पाकिस्तान और यूएई के खिलाफ ओमान के दो मैचों में उनकी बल्लेबाजी स्पष्ट रूप से सर्वश्रेष्ठ नहीं थी। उनकी हालत ऐसी रही है कि दो मैचों में एक भी बल्लेबाज़ 30 का व्यक्तिगत स्कोर पार नहीं कर पाया। हम्माद मिर्जा ने पाकिस्तान के खिलाफ 27 रन जबकि आर्यन बिष्ट ने यूएई के खिलाफ 32 गेंदों पर 24 रन बनाए जो इन मैच में उसकी तरफ से सर्वोच्च स्कोर बनाने वाले बल्लेबाज रहे। भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर अपनी टीम के साथ ज्यादा प्रयोग नहीं करना चाहेंगे, सिवाय इसके कि वह सुपर 4 से पहले जसप्रीत बुमराह को थोड़ा आराम दे सकते हैं।

## जुरेल का नाबाद शतक, भारत ए के चार विकेट पर 403 रन

**लखनऊ :** विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल के नाबाद 113 रन की बदौलत भारत ए ने बृहस्पतिवार को यहां ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ पहले अनौपचारिक टेस्ट के तीसरे दिन चार विकेट पर 403 रन बनाए। जुरेल ने 132 गेंद की अपनी पारी में 10 चौके और चार छक्के मारे हैं। कल के बल्लेबाज एन जगदीशन (64), बी साई सुदर्शन (73) और देवदत्त पडिक्कल (नाबाद 86) ने अर्धशतक जड़े। हालांकि कप्तान श्रेयस अय्यर (08) नाकाम रहे। भारत ए अब भी ऑस्ट्रेलिया ए से 129 रन से पिछड़ रहा है जिसने सैम कोनस्टास (109) और जोश फिलिप (नाबाद 123) के शतक से पहली पारी छह विकेट पर 532 रन बनाकर घोषित की थी। अब सिर्फ एक दिन का खेल बचा है और यह मैच ड्रॉ की ओर बढ़ रहा है। दोनों टीम 23-26 सितंबर तक इकाना स्टेडियम में दूसरा चार दिवसीय अनौपचारिक टेस्ट खेलेंगी जिसके बाद कानपुर में तीन मैच की एकदिवसीय श्रृंखला खेली जाएगी। भारत ए ने दिन की शुरुआत एक विकेट पर 116 रन से की। कल के नाबाद बल्लेबाजों जगदीशन और सुदर्शन की जोड़ी ने पारी को आगे बढ़ाया लेकिन मेजबान टीम को जल्द ही झटका लगा। पिछले महीने इंग्लैंड में भारतीय टेस्ट टीम में शामिल जगदीशन 113 गेंद में सात चौके और एक छक्के से 64 रन बनाने के बाद जेवियर बार्टलेट की गेंद पर फिलिप को कैच दे बैठे। मेजबान टीम को सुदर्शन और पडिक्कल ने 76 रन की साझेदारी करके मजबूती दी। इस साझेदारी में अधिकांश रन तमिलनाडु के बाएं हाथ के बल्लेबाज सुदर्शन ने बनाए जिन्होंने इंग्लैंड में टेस्ट पदार्पण किया था।

## न्यूज ब्रीफ

### भारत ने मालदीव के पांच करोड़ डॉलर के सरकारी बॉन्ड की पुनर्भुगतान समयसीमा बढ़ाई

**माले:** भारतीय उच्चायोग ने बृहस्पतिवार को यहां कहा कि भारत ने 'आपातकालीन वित्तीय सहायता'' के रूप में मालदीव के पांच करोड़ अमेरिकी डॉलर के सरकारी बॉन्ड को एक और वर्ष के लिए आगे बढ़ा दिया है। भारतीय उच्चायोग ने एक बयान में कहा कि 'मालदीव सरकार के अनुरोध पर' पांच करोड़ अमेरिकी डॉलर के ट्रेजरी बिल (टी-बिल) के पुनर्भुगतान की समयसीमा एक बार फिर बढ़ा दी गई है। बयान में कहा गया, 'भारत सरकार मार्च, 2019 से भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के माध्यम से ऐसे कई ट्रेजरी बिलों की सदस्यता की सुविधा मालदीव को दे रही है और उन्हें सालाना, ब्याज मुक्त रूप से आगे बढ़ा रही है।'

### जापान की एसएमबीसी ने यस बैंक में 20 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण पूरा किया

**नयी दिल्ली:** जापान के सुमितोमो मित्सुई बैंकिंग कॉरपोरेशन ने सार्वजनिक क्षेत्र के भारतीय स्टेट बैंक और अन्य निवेशकों से यस बैंक में 20 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण पूरा कर लिया है। निजी क्षेत्र के बैंक ने बृहस्पतिवार को इसकी घोषणा की। इस अधिग्रहण के साथ, सुमितोमो मित्सुई बैंकिंग कॉरपोरेशन (एसएमबीसी) यस बैंक में सबसे बड़ी शेयरधारक बन गयी है। जबकि एसबीआई के पास 10 प्रतिशत से अधिक की महत्वपूर्ण हिस्सेदारी बनी हुई है। यह किसी भारतीय निजी क्षेत्र के बैंक में सबसे बड़ा सीमापार निवेश है। इस अधिग्रहण के पूरा होने के साथ ही यस बैंक के बोर्ड में एसएमबीसी के दो नामित निदेशकों की नियुक्ति भी शामिल है। इस कदम से दोनों संस्थाओं के बीच संचालन व्यवस्था में सुधार और गहन रणनीतिक सहयोग को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। यस बैंक ने शेयर बाजार को दी जानकारी में कहा कि शिनिचिरो निशिनो और राजीव वीरवल्ली कन्नन को बैंक के निदेशक मंडल में शामिल किया गया है।

# ऑनलाइन गेमिंग कानून एक अक्टूबर से होगा लागू: वैष्णव



**नयी दिल्ली:** सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बृहस्पतिवार को कहा कि ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन और नियमन अधिनियम एक अक्टूबर से लागू होगा। संसद में पिछले महीने पारित यह अधिनियम, जहां एक तरफ ई-स्पोर्ट्स और अन्य ऑनलाइन गेम को बढ़ावा देता है, वहीं पैसा आधारित सभी प्रकार के ऑनलाइन गेम पर प्रतिबंध लगाता है। वैष्णव ने 'एआई इम्पैक्ट समिट' 2026 इंडिया के बारे में जानकारी देने के लिए आयोजित कार्यक्रम में कहा, नियम एक अक्टूबर से लागू होंगे।' मंत्री ने कहा कि ऑनलाइन गेमिंग कानून पारित होने के बाद भी सरकार उद्योग के साथ चर्चा कर रही है। उन्होंने कहा, 'हमने उद्योग के साथ बातचीत की है, हमने उनके साथ कई बार चर्चा की है, हम पिछले लगभग तीन वर्षों से उनके साथ चर्चा कर रहे हैं। कानून पारित होने के बाद, एक बार फिर, हमने उनके साथ बातचीत की, हमने बैंकों और व्यावहारिक रूप से सभी संभावित पक्षों के साथ भी बातचीत की और हमने नियमों को अंतिम रूप दे दिया है।'

### भारत, अमेरिका के बीच व्यापार समझौते पर बातचीत सही दिशा में आगे बढ़ रही: गोयल

**अबू धाबी:** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार वार्ता में प्रगति है और यह सही दिशा में आगे बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि दक्षिण और मध्य एशिया के लिए सहायक अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि ब्रेंडन लिंच 16 सितंबर को भारतीय आधिकारिक दल के साथ दिन भर की बातचीत के लिए नयी दिल्ली में थे। गोयल ने यहां संवाददाताओं से कहा, ''बातचीत सकारात्मक रूप से आगे बढ़ रही है। यह सही दिशा में आगे बढ़ रही है। भारत और अमेरिका स्वाभाविक साझेदार हैं। बातचीत में अच्छी प्रगति है...।'

## आंध्र में भारत की पहली बड़ी निजी स्वर्ण खदान जल्द ही पूर्ण पैमाने पर उत्पादन शुरू करेगी



**नयी दिल्ली:** डेक्कन गोल्ड माइन्स लिमिटेड के एक शीर्ष अधिकारी ने बृहस्पतिवार को कहा कि आंध्र प्रदेश में भारत की पहली बड़ी निजी सोने की खान जल्द ही पूर्ण पैमाने पर उत्पादन शुरू कर देगी। यह घटनाक्रम इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि भारत वर्तमान में हर साल लगभग 1,000 टन सोना आयात करता है। तेल के बाद भारत सोने का सबसे बड़ा आयातक है। डेक्कन गोल्ड माइंस लिमिटेड (डीजीएमएल), जो बीएसई में सूचीबद्ध पहली और एकमात्र स्वर्ण अन्वेषण कंपनी है, की जियोमाइसोर सर्विसेज इंडिया लिमिटेड में हिस्सेदारी है, जो आंध्र प्रदेश के जोनागिरी में निजी क्षेत्र की पहली स्वर्ण खदान विकसित कर रही है। उन्होंने कहा कि जोनागिरी स्वर्ण परियोजना को जून और जुलाई के महीनों में पर्यावरण मंजूरी मिल गई है और राज्य सरकारों से भी मंजूरी मांगी गई है। डेक्कन गोल्ड माइंस लिमिटेड के प्रबंध निदेशक हनुमा प्रसाद ने सीआईआई इंडिया माइनिंग समिट 2025 के अवसर पर कहा, ''परियोजना का स्थिरीकरण जारी है... अभी केवल संयंत्र की तकनीक पर काम चल रहा है... पूर्ण पैमाने पर उत्पादन बहुत जल्द शुरू होगा।' उन्होंने कहा कि पूर्ण पैमाने पर उत्पादन शुरू होने के बाद, इस परियोजना से प्रति वर्ष लगभग 750 किलोग्राम सोने का उत्पादन होने की उम्मीद है। उन्होंने आगे कहा कि दो से तीन वर्षों के भीतर इसे बढ़ाकर 1,000 टन कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया, ''आज भारत में सोने का उत्पादन 1.5 टन है... हमारी खदान शुरू होने के बाद, लगभग एक टन और उत्पादन बढ़ जाएगा।'' यह सोने की खदान आंध्र प्रदेश के कुरनूल जिले में तुग्गली मंडलम के अंतर्गत जोन्नागिरी, एर्रागुडी और पगादिरायी गांवों के पास स्थित है। डीजीएमएल की स्थापना वर्ष 2003 में अन्वेषण और खनन क्षेत्र में गहरी पैठ रखने वाले प्रवर्तकों द्वारा की गई थी।

### पेप्सिको के सीईओ की प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात, भारत के प्रति दीर्घकालिक प्रतिबद्धता दोहराई



**नयी दिल्ली:** भारत की तीन दिवसीय यात्रा पर आए पेप्सिको के वैश्विक सीईओ और चेयरमैन रेमन लगुआर्टा ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने भारतीय बाजार के प्रति कंपनी की दीर्घकालिक प्रतिबद्धता पर चर्चा की। पिछले छह महीनों में लगुआर्टा की यह दूसरी भारत यात्रा है। इससे एक बाजार के रूप में भारत के महत्व का पता चलता है। इस यात्रा के दौरान उनके साथ कंपनी की वैश्विक कार्यकारी समिति के सदस्य भी हैं। पेप्सिको ने बुधवार को लिंक्डइन पर पोस्ट किया, 'कल, हमारे चेयरमैन और सीईओ रेमन लगुआर्टा ने नयी दिल्ली में प्रधानमंत्री से मिलकर सम्मानित महसूस किया। इस मुलाकात में उन्होंने भारत के प्रति पेप्सिको की दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को मजबूत करने और विनिर्माण, स्थिरता, नवाचार और सामुदायिक विकास जैसे क्षेत्रों में सहयोग के अवसरों पर चर्चा की।' लगुआर्टा की प्रधानमंत्री के साथ यह पहली मुलाकात थी, हालांकि वे लगभग सात वर्षों से पेप्सिको के बोर्ड के प्रमुख हैं। पेप्सिको इंडिया के सीईओ जागृत कोटेचा भी इस बैठक में शामिल हुए।

### सर्जिकल रोबोटिक्स में भारत की अगली छलांग: मेरिल ने मिज़ो एंडो 4000 पेश किया

**कोलकाता** : भारतीय स्वास्थ्य सेवा और मेडटेक क्षेत्र में ऐतिहासिक कदम उठाते हुए मेरिल ने अगली पीढ़ी का सॉफ्ट टिशू सर्जिकल रोबोटिक सिस्टम 'मिज़ो एंडो 4000' लॉन्च किया है। यह एडवांस्ड सिस्टम एआई, 5जी-सक्षम टेलीसर्जरी और वैश्विक सहयोग जैसी सुविधाओं को जोड़कर सर्जरी की सटीकता और पहुंच को नई ऊँचाई पर ले जाएगा। मिज़ो एंडो 4000 सामान्य, गायनेकोलॉजी, यूरोलॉजी, थोरैसिक, कोलोरेक्टल, बैरिएट्रिक, ईएनटी और ऑन्कोलॉजी सहित कई विशेषज्ञताओं में जटिल प्रक्रियाओं का समर्थन करता है। एआई-संचालित 3डी एनाटॉमिकल मैपिंग, ओपन कंसोल डिज़ाइन और 5जी टेलीसर्जरी क्षमता इसे भविष्य के लिए तैयार प्लेटफॉर्म बनाते हैं। मेरिल के सीईओ विवेक शाह ने कहा कि यह सिस्टम सुरक्षित, न्यूनतम आक्रामक प्रक्रियाओं, तेज़ रिकवरी और बेहतर परिणामों के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह लॉन्च भारत को उन्नत रोबोटिक सर्जरी के वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में बड़ा कदम है।

### शेयर बाजार में तीसरे दिन तेजी; सेंसेक्स 320 अंक चढ़कर 83,000 अंक के पार, निफ्टी भी मजबूत

**मुंबई:** स्थानीय शेयर बाजार में बृहस्पतिवार को लगातार तीसरे दिन तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 320 अंक चढ़कर 83,000 अंक के पार पहुंच गया। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीतिगत दर में 0.25 प्रतिशत की कमी और इस साल दो और कटौती के संकेत से बाजार में तेजी आई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 320.25 अंक यानी 0.39 प्रतिशत की बढ़त के साथ 83,013.96 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 447.5 अंक तक चढ़ गया था। पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी भी 93.35 अंक यानी 0.37 प्रतिशत चढ़कर 25,423.60 अंक पर पहुंच गया। औषधि, आईटी और वित्तीय कंपनियों के शेयरों में बढ़त दर्ज की गई, जबकि रियल्टी और ऊर्जा शेयरों में नरमी रही। विश्लेषकों ने कहा कि बाजार धारणा को मुख्य रूप से अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर में कटौती के फैसले से समर्थन मिला। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में इटर्नल सबसे ज्यादा 2.96 प्रतिशत लाभ में रही। इसका कारण ब्रोकरेज कंपनियों का इटर्नल को लेकर सकारात्मक संकेत है। इसके अलावा, सन फार्मा, इन्फोसिस, एचडीएफसी बैंक, एचसीएल टेक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, पावर ग्रिड, आईटीसी और अदाणी पोर्ट्स प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। हालांकि, दूसरी तरफ टाटा मोटर्स में सर्वाधिक 1.13 प्रतिशत की गिरावट आई। इसके अलावा, ट्रेंट, बजाज फाइनेंस और एशियन पेंट्स भी नुकसान में रहें। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''फेडरल रिजर्व के ब्याज दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती और आगे और कमी किये जाने के संकेत के बाद घरेलू शेयर बाजारों में बढ़त जारी रही। अधिक खर्च और मजबूत निर्यात संभावनाओं की उम्मीदों के चलते आईटी और फार्मा शेयरों ने बेहतर प्रदर्शन किया।

### जीएसटी कटौती: मारुति सुजुकी अपनी कारों के दाम 46,400 रुपये से 1.29 लाख रुपये तक घटाएगी

**नयी दिल्ली:** देश की सबसे बड़ी कार विनिर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह वाहनों की कीमत में 22 सितंबर से 1.29 लाख रुपये तक की कटौती करेगी। कंपनी ने कहा कि उसने वाहनों को और अधिक किफायती बनाने के लिए 8.5 प्रतिशत के जीएसटी लाभ के अलावा छोटी कारों की कीमतों में भी कटौती की है। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि शुरुआती स्तर के मॉडल एस प्रेसो की कीमतों में 1,29,600 रुपये तक, ऑल्टो के10 की कीमतों में 1,07,600 रुपये तक, सेलेरियो की कीमतों में 94,100 रुपये तक, वैगन-आर की कीमतों में 79,600 रुपये तक और इग्निस की कीमतों में 71,300 रुपये तक की कमी आएगी। कंपनी की प्रीमियम हैचबैक स्विफ्ट की कीमत 84,600 रुपये तक कम हो जाएगी। इसी तरह बलेनो की कीमत 86,100 रुपये, टूर एस की कीमत 67,200 रुपये, डिजायर की कीमत 87,700 रुपये, फ्रोंक्स की कीमत 1,12,600 रुपये और ब्रेजा की कीमत 1,12,700 रुपये तक कम हो गई है।

### सरकार ने जीएसटी दरों में कमी के बाद पैकेजिंग नियमों को आसान बनाया

**नयी दिल्ली:** उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को कंपनियों के लिए पैकेजिंग और मूल्य निर्धारण नियमों में ढील दी। 22 सितंबर से प्रभावी माल एवं सेवा कर (जीएसटी) दरों में कमी के बाद, इसका उद्देश्य अनुपालन बोझ को कम करना और उपभोक्ताओं को कम करों का लाभ सुनिश्चित करना है। उपभोक्ता मामलों के विभाग ने एक परामर्श जारी कर निर्माताओं, पैकर्स और आयातकों को 22 सितंबर से पहले उत्पादित बिना बिके माल पर स्वेच्छा से संशोधित मूल्य स्टिकर लगाने की अनुमति दी है, बशर्ते मूल अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) दिखाई दे रहे हों। सरकार ने कहा कि पुनः स्टिकर लगाना वैकल्पिक है और कंपनियों के लिए अनिवार्य नहीं है।

।। जय अग्रसेन ।। ।। जय अग्रवाल।।
सेवा, शिक्षा, चिकित्सा व ज्ञान का श्रद्धास्थल

महाराजा अग्रसेन धाम
पंजीकृत कार्यालय : 32, जवाहरलाल नेहरू रोड, ओम टॉवर, 2 तल्ला, कोलकाता-700 071
प्रेरणास्त्रोत : कर्मयोगी स्व. पुष्करलाल केडिया
भगवान अग्रसेन जन्म महोत्सव
20 सितम्बर 2025 प्रातः 11 बजे
धाम परिसर, घोड़ाघाटा, बागनान
मेगा स्वास्थ्य परीक्षण, कृत्रिम पैर वितरण शिविर, साड़ी वितरण
अन्नपूर्णा सेवा
20 सितम्बर 2025 प्रातः 11 बजे
जल-छत्र ( RO प्लांट का शुभ उद्घाटन )
-: उद्घाटनकर्ता :-
श्री अरूणाभ सेन ( राजा दा )
विधायक
22 सितम्बर 2025 सायं 5 बजे
अग्रसेन धाम कार्यालय, कोलकाता
भगवान अग्रसेन जी का
पूजन-अर्चन
एवं नमन्
-: मार्गदर्शक मण्डल :-
बालव्यास पं. श्रीकान्त शर्मा, श्री सजन कुमार बंसल, श्री राधेश्याम गोयनका, श्री राजेश मित्तल, श्री नन्दलाल रूंगटा, श्री अशोक तोदी, पद्मश्री श्री प्रह्लाद राय अग्रवाल, श्री बृजमोहन गाड़ोदिया, श्री विश्वनाथ सेकसरिया, श्री रमेश सरावगी, पद्मश्री श्री सज्जन भजनका, श्री जे. पी. अग्रवाल, श्री सत्यनारायण देवरालिया, श्री विवेक गुप्ता, श्री अनुज डीडवानिया
-: कार्यकारिणी समिति सदस्य :-
श्री कुंज बिहारी अग्रवाल, श्री सुशील गोयनका, श्री ललित बेरीवाल, श्री विनोद कुमार गुप्ता, श्री विवेक अड़ूकिया, श्री बिरमप्रकाश सुल्तानिया, श्री कैलाश कयाल, श्री विश्वनाथ अग्रवाल, श्री एन. के. अग्रवाल, श्री विनोद अग्रवाल, श्री मनोज बगड़िया, श्री रमेश सोंथलिया, श्री पवन माधोगढ़िया, श्री पवन टिबड़ेवाल, श्री बनवारीलाल चौधरी, श्री राजीव कानोड़िया, श्री गिरधारीलाल गोयनका, श्री हेमचन्द गोयनका, श्री केशव बूबना, श्री प्रमोद कुमार ड्रोलिया, श्री बजरंग अग्रवाल, श्री विनोद केडिया, श्री सुरेश अग्रवाल, श्री जुगलकिशोर जाजोदिया, श्री गोपाल नरेड़ी, श्री नरेश अग्रवाल, श्री रवि खेतान, श्री सुशील मित्तल, श्री विक्कीराज सिकरिया, श्री सुशील हीरावत, श्री प्रदीप खेतान, श्री अमित केडिया, श्री सुधीर सतनालीवाला, श्री नवीन टिकमानी, श्री सुनील धनानिया, श्री आनन्द केजरीवाल, श्री मुकेश गोयल, श्री शंकरलाल अग्रवाल
महाराजा अग्रसेन धाम
ओम जालान-अध्यक्ष, मुरारीलाल दीवान-उपाध्यक्ष, दिनेश अड़ूकिया-उपाध्यक्ष, निर्मल सराफ-मंत्री, भगवानदास अग्रवाल-सह मंत्री, अशोक चूड़ीवाला-सह मंत्री, श्यामसुन्दर अग्रवाल-कोषाध्यक्ष, दीपक अग्रवाल-सह कोषाध्यक्ष, अनिल केडिया-सह कोषाध्यक्ष
महाराजा अग्रसेन धाम ( महिला समिति )
सुमन जालान-अध्यक्ष, सुनीता अड़ूकिया-उपाध्यक्ष, स्वाति अग्रवाल-उपाध्यक्ष, सरिता सराफ-मंत्री, प्रेम क्याल, बीना चूड़ीवाला, बबीता दीवान-सह मंत्री, निर्मला अग्रवाल-कोषाध्यक्ष, ममता केडिया-सह कोषाध्यक्ष, सुलेखा बगड़िया-सह कोषाध्यक्ष
समस्त समाज-बन्धु सपरिवार सादर आमंत्रित हैं

वर्ष 10, पूर्णांक 3362 अंक 172, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित। सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in